दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :66
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 7 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का हमला, 8 जवान शहीद

## घात लगाकर आईईडी विस्फोटक से वाहन को उड़ाया, चालक की भी गई जान

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा ने घटना पर जताया दुख



**बीजापुर (हि.स.)** । छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के थाना कुटरू क्षेत्र अंतर्गत बेदरे मार्ग पर ग्राम अम्बेली के पास जवानों को लेकर जा रहे एक स्कार्पियो वाहन को नक्सलियों ने सोमवार दोपहर आईईडी विस्फोट कर निशाना बनाया, जिसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान और एक सिविलियन (वाहन का ड्राइवर) की मौत हो गई। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है।रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद जवान आज वापस आ रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने दोपहर लगभग 14-15 बजे आईईडी से विस्फोट कर जवानों को लेकर जा रहे स्कार्पियो वाहन को उड़ाकर वारदात अंजाम दी। इसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की भी मौत हो गई। वाहन के परखच्चे उडने के साथ जवानों और वाहन ड्राइवर के भी चिथड़े उड़ गए। बताया जा रहा है कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि वाहन कई फीट तक ऊपर उछल गया और जमीन में भी कई फीट का गड्ढा हो गया। घटनास्थल नक्सलियों के इस भीषण वारदात की कहानी को बयां कर रहा है। नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद चार दिन तक जंगल में पैदल चलने के बाद जवान थके हुए थे, इसलिए वे एक स्कार्पियो वाहन सीजी 17 केडब्लयू 7937 में सवार हो गए थे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुःख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि बीजापुर जिले के कुटरू में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 8 जवानों के
बलिदान सहित एक वाहन चालक की मौत की खबर अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शहीदों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारी यह लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस घटना के बाद अपने एक्स पर लिखा कि बीजापुर से आ रही खबर बेहद दुखद है। बीजापुर के कुटरू में माओवादियों ने सुरक्षाबलों के वाहन पर आईईडी ब्लास्ट किया है। इस दुखद घटना में हमारे 8 जवान और एक वाहन चालक के बलिदान होने की सूचना है। हम सब बलिदानियों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके बलिदान को कोटि-कोटि नमन करते हैं। लोकतंत्र विरोधी ताकतों के खिलाफ हम सब एकजुट हैं।
छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने ट्वीट कर लिखा कि बीजापुर जिले के कुटरू में नक्सलियों की कायराना करतूत में 8 जवानों सहित एक ड्राइवर के बलिदान होने की खबर हृदय विदारक व अत्यंत ही दुःखद है। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। भारत मां के वीर सपूतों का यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई निर्णायक मोड़ तक जारी रहेगी।

## दूर तक बिखर गए वाहन के पुर्जे और जवानों के शव

**बीजापुर (एजेंसियां)।** वाहन को उड़ाने के लिए नक्सलियों ने बड़ी मात्रा में बारूद का उपयोग किया था। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। वाहन के कुछ हिस्से 30 फीट दूर तक बिखर गये, वहीं एक पेड़ पर 25 फीट की ऊंचाई पर भी वाहन के कलपुर्जे लटके मिले। जवानों के शव भी क्षत-विक्षत हो गए। नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट के बाद जवानों पर एके 47 से ताबड़तोड़ फायरिंग भी की, जिसके खोखे बरामद किए गये हैं।

## मार्च 2026 तक खत्म कर देंगे नक्सलवाद – अमित शाह



**नई दिल्ली (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए नक्सली हमले को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। अमित शाह ने मार्च 2026 तक देश से नक्सलियों को खत्म करने का संकल्प लिया और कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। शाह ने कहा कि एक आईईडी विस्फोट में डीआरजी के जवानों के बलिदान की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं बहादुर जवानों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। शाह ने आगे कहा कि इस दुख को शब्दों में व्यक्त करना असंभव है, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत में नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। बता दें कि राज्य में सुरक्षाबलों पर माओवादियों द्वारा पिछले दो वर्षों में सबसे बड़ा हमला था और साल 2025 का पहला हमला है।

## कमेटी से बातचीत को राजी हुए आंदोलनकारी किसान



### पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब-हरियाणा सीमा पर लंबे समय से चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन को संबोधित करने में प्रगति के लिए आशा व्यक्त की, जब पंजाब सरकार ने बताया कि प्रदर्शनकारी किसानों का एक वर्ग बातचीत के लिए अदालत द्वारा नियुक्त पैनल के अध्यक्ष से मिलने के लिए सहमत हो गया है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के नेतृत्व में किसान, जो 41 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं, प्रणालीगत कृषि सुधारों और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी की मांग को लेकर फरवरी 2024 से सीमा पर डेरा डाले हुए हैं।पंजाब सरकार द्वारा पीठ को सफलता के बारे में सूचित करने के बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि बेहतर समझ कायम होगी...बातचीत अच्छा आकार लेगी। पीठ ने पंजाब सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के एक बयान के बाद सकारात्मक नतीजों की उम्मीद जताई।

सिब्बल ने अदालत को सूचित किया कि कुछ प्रदर्शनकारी चर्चा के लिए समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति नवाब सिंह से मिलने के लिए सहमत हुए हैं।हम किसी तरह कुछ प्रदर्शनकारियों को मनाने में कामयाब रहे। सिब्बल ने कहा कि कुछ अतिक्रमणकारी और प्रदर्शनकारी आज दोपहर 3 बजे जस्टिस नवाब सिंह से मुलाकात कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि कोई सफलता मिलेगी। कृपया, हमें कुछ समय दें। पीठ ने इस दलील को स्वीकार करते हुए सुनवाई 10 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की चार्जशीट में लॉरेंस बिश्नोई का नाम नहीं



**मुंबई, (हि.स.)।** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की ओर से महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) कोर्ट में दाखिल की गई चार्जशीट में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम वांटेड के तौर पर शामिल नहीं किया गया है। हालांकि आरोपपत्र में कहा गया है कि बिश्नोई गिरोह ने मुंबई के अंडरवर्ल्ड में अपना दबदबा कायम करने के लिए हत्या को अंजाम दिया है। इस चार्जशीट में कुल 26 लोगों की संलिप्तता का ब्यौरा दिया गया है।मुंबई क्राइम ब्रांच ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) कोर्ट में 4,500 पन्नों की एक विस्तृत चार्जशीट दाखिल की है, जिसका ब्यौरा सोमवार को उपलब्ध हुआ है।

चार्जशीट में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की हाई प्रोफाइल हत्या में 26 लोगों की संलिप्तता का ब्यौरा दिया गया है।

चार्जशीट में 175 गवाहों के बयानों को शामिल करके सिद्दीकी की हत्या के पीछे संगठित अपराध पर प्रकाश डाला गया है। चार्जशीट के अनुसार बिश्नोई गिरोह ने मुंबई के अंडरवर्ल्ड में अपना दबदबा कायम करने के लिए हत्या को अंजाम दिया है।चार्जशीट के अनुसार यह अपराध बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को संदेश भेजने के इरादे से किया गया था।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यूजीसी विनियम, 2025 का मसौदा जारी किया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को नई दिल्ली में यूजीसी (विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यताएं और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के लिए उपाय) विनियम, 2025 का मसौदा जारी किया। मसौदा दिशानिर्देश अब फीडबैक और सुझावों के लिए यूजीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।इस मौके पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ये मसौदा सुधार और दिशानिर्देश उच्च शिक्षा के हर पहलू में नवाचार, समावेशिता, लचीलापन और गतिशीलता लाएंगे, शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों को सशक्त बनाएंगे, शैक्षणिक मानकों को मजबूत करेंगे और शैक्षिक उत्कृष्टता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने एनईपी 2020 के लोकाचार के अनुरूप मसौदा विनियमन और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए यूजीसी की टीम को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी।मंत्री ने बताया कि मसौदा विनियम, 2025 को फीडबैक, सुझाव और परामर्श के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यूजीसी जल्द ही मसौदा विनियम, 2025 को अपने अंतिम रूप में प्रकाशित करेगा, जिससे शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन आएगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से देश को विकसित भारत 2047 की ओर अग्रसर किया जा सकेगा।प्रधान ने इस दौरान यूजीसी के नए ऑडिटोरियम 'पुष्पगिरी' का भी उद्घाटन किया। उन्होंने ओडिशा की अद्वितीय बौद्धिक विरासत का सम्मान करने के लिए यूजीसी की सराहना की।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओडिशा के जाजपुर में पुष्पगिरी किस तरह ज्ञान का उद्गम स्थल और ज्ञानोदय का प्रतीक है।

## कांग्रेस ने दिल्ली में सरकार बनने पर महिलाओं को हर माह ढाई हजार रुपये देने का ऐलान किया

### कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार और दिल्ली प्रदेश प्रभारी काजी ने लॉन्च की प्यारी दीदी योजना




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने दिल्ली में महिला सशक्तिकरण के लिए प्यारी दीदी योजना÷ लॉन्च की।कांग्रेस ने दिल्ली में सरकार बनने पर कर्नाटक की तर्ज पर स्थानीय महिलाओं को ÷प्यारी दीदी योजना÷ के तहत ढाई हजार रुपये हर महीने देने का ऐलान किया है।सोमवार यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार तथा पार्टी के दिल्ली प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने उक्त घोषणा की। कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने कहा कि आज मैं यह यहां महिला सशक्तिकरण के लिए ÷प्यारी दीदी योजना÷ लॉन्च करने आया हूं। मुझे पूर्ण पूर्ण विश्वास है कि इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी बहुमत के साथ जीतेगी और सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को 2500 रुपये मासिक दिए जाएंगे। सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में इस योजना को लागू करने का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का पूरी तरह वही मॉडल होगा, जो कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने वहां लागू कर रखा है।पत्रकार वार्ता में इससे पहले काजी निजामुद्दीन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव महिला सशक्तिकरण की पक्षधर रही है। दिल्ली की महिलाओं के लिए पार्टी आज समाज कल्याण और महिला सशक्तिकरण की पहली गारंटी का ऐलान कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है। उन्होंने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा, ÷भाजपा के झूठे वायदे आपको याद हैं, चाहे 15 लाख खाते में आना हो या फिर युवाओं को रोजगार देने की बात हो।काजी निजामुद्दीन ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की तरह झूठ नहीं बोलती है। कांग्रेस सरकारों ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम किए। कर्नाटक इसकी ताजा मिसाल है। यह योजना न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करेगी बल्कि महिलाओं को सशक्त भी बनाएगी, जिससे उन्हें लैंगिक असमानता से संबंधित चुनौतियों के लिए जाने जाने वाले शहर में सुरक्षा और स्वायत्तता की भावना मिलेगी।पत्रकार वार्ता के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक और कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार अलका लांबा आदि अन्य पार्टी के कई नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भारत ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हवाई हमलों की निंदा की

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने सोमवार को अफगानिस्तान के नागरिकों पर पाकिस्तान के हवाई हमलों की निंदा की है। पाकिस्तान के इन हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित 40 से अधिक लोग मारे गए।अफगान नागरिकों पर पाकिस्तान के हवाई हमलों को लेकर मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने अफगान नागरिकों पर हवाई हमलों की मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान संज्ञान लिया है और निर्दोष नागरिकों पर किसी भी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हमने अफगान नागरिकों, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, पर हवाई हमलों के बारे में मीडिया रिपोर्टों को देखा है, जिसमें कई कीमती जानें गई हैं।

## जेल से बाहर आए प्रशांत किशोर, बिना शर्त जमानत मिली, बेल बॉन्ड भरने से किया था इनकार



**पटना, (हि.स.)।** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के कुछ घंटों बाद सोमवार को बिना शर्त जमानत मिल गई। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें शर्तों के साथ जमानत दी थी। यही कारण रहा कि प्रशांत किशोर ने जमानत लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। हालांकि, अब कोर्ट की ओर से उन्हें बिना शर्त जमानत दे दी गई है। प्रशांत किशोर को जेल से बाहर लाया गया है।किशोर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की एक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर अपना आमरण अनशन जारी रखने पर अड़े हुए हैं। इससे पहले दिन में उन्हें पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इन सबके बीच प्रशांत किशोर ने बड़ा बयान दिया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि सुबह 5 से 11 बजे तक मुझे पुलिस की गाड़ी में बैठाया गया और अलग-अलग जगहों पर ले जाया जाता रहा। किसी ने मुझे नहीं बताया कि मुझे कहां ले जाया जा रहा है, जबकि मैंने उनसे कई बार पूछा। प्रशांत किशोर ने आगे दावा किया कि 5 साल बाद, वे मुझे फतवा के सामुदायिक केंद्र में ले गए और वे मेरा मेडिकल परीक्षण करना चाहते थे और डॉक्टरों से प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी सहमति देने से इनकार कर दिया क्योंकि मैंने कोई आपराधिक गतिविधि नहीं की, मैंने डॉक्टरों को यह बताया। पुलिस ने डॉक्टरों को समझाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने अवैध प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया। उन्होंने मेरा बयान दर्ज किया कि मैंने मेडिकल परीक्षण देने से इनकार कर दिया। मुझे अदालत में ले जाया गया और मुझे जमानत दे दी गई, लेकिन आदेश में लिखा था कि मुझे कोई गलत काम नहीं करना चाहिए, इसलिए मैंने इस जमानत आदेश को खारिज कर दिया, मैंने स्वीकार कर लिया जेल जाना है।

## इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट 9 जनवरी तक स्थगित किया




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 7 जनवरी के लिए निर्धारित दो स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पैडेक्स) उपग्रहों की डॉकिंग को 9 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।उक्त जानकारी सोमवार को इसरो ने ट्वीट कर दी। इसरो ने ट्वीट किया कि निर्धारित स्पैडेक्स डॉकिंग अब 9 तारीख तक स्थगित कर दी गई है। इसरो ने इसके पीछे के कारणों का खुलासा नहीं किया है। इसरो ने कहा कि डॉकिंग प्रक्रिया को अभी सत्यापन की आवश्यकता है।उल्लेखनीय है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्पेडेक्स का परीक्षण भारत के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। यह अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के लिए एक बड़ा कदम है। अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक कक्षा में डॉक करना एक चुनौतीपूर्ण काम है। अबतक इस उपलब्धि को रूस, अमेरिका, चीन ने हासिल किया है। यह मिशन इसरो की बढ़ती विशेषज्ञता को जाहिर करता है और भविष्य की परियोजनाओं के लिए आधार तैयार करता है। भविष्य के अंतरिक्ष मिशन के लिए डॉकिंग तकनीक बेहद अहमऔर जटिल तकनीक है, क्योंकि दोनों उपग्रहों को कक्षा में रखना है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें एक-दूसरे से टकराना नहीं है।इससे पहले इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि अगर भारत को चंद्रयान-4 भेजना है, अंतरिक्ष स्टेशन बनाना है और फिर किसी भारतीय को चंद्रमा पर भेजना है तो डॉकिंग में महारत हासिल करना एक जरूरी कदम है।डॉकिंग और अनडॉकिंग के बाद ये उपग्रह धरती की कक्षा में दो साल तक काम करते रहेंगे।

इन उपग्रहों का काम अलग-अलग होगा, जैसे तस्वीर लेना, पृथ्वी के संसाधनों की जानकारी एकत्र करना और दूसरे वैज्ञानिक काम करना। एसडीएक्स 01 उपग्रह में एक उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरा (एचआरसी) है। जबकि एसडीएक्स 02 में दो पेलोड %मिनिएचर मल्टीस्पेक्ट्रल% (एमएमएक्स) और %रेडिएशन मॉनिटर% (रेडमॉन) हैं। ये पेलोड उच्च रिजॉल्यूशन की तस्वीरें, प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी, वनस्पति अध्ययन और अंतरिक्ष में विकिरण की माप करेंगे।

## वह समय दूर नहीं जब देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी- प्रधानमंत्री मोदी


### प्रधानमंत्री ने नए जम्मू रेलवे मंडल और चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। अब वह समय दूर नहीं है जब जल्द ही देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए जम्मू रेलवे मंडल और तेलंगाना में चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन के उद्घाटन तथा ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे मंडल भवन के शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक बड़ा बदलाव आया है। आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। पहला- रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सपोर्ट। आज के इस कार्यक्रम में भी इसी विजन की झलक दिखाई दे रही है।मोदी ने कहा कि 2-3 दिन पहले उन्होंने एक वीडियो देखा, जिसमें वंदे भारत ट्रेन का नया स्लीपर वर्जन ट्रायल के तौर पर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि यह देखकर सभी देशवासियों को अच्छा लग रहा है। मोदी ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है वह समय दूर नहीं जब देश में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। इसके अलावा, हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार विस्तार किया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। साथ ही सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए हजारों ओवरपास और अंडरपास भी बनाए गए हैं। मोदी ने कहा कि लोग कम समय में लंबी दूरी तय करना चाहते हैं, इसलिए हमने पूरे देश में हाई-स्पीड ट्रेनों की भारी मांग देखी है। आज, देशभर में 136 वंदे भारत ट्रेनें 50 से अधिक मार्गों पर चल रही हैं, जिससे लोगों को यात्रा करना आरामदायक व सुविधाजनक हो गई है।उन्होंने कहा कि हमारा जम्मू-कश्मीर आज रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन की चर्चा आज पूरे देश में है। ये परियोजना जम्मू-कश्मीर को देश के और हिस्सों के साथ और बेहतरी से जोड़ेगी। इसी परियोजना के तहत दुनिया के सबसे उंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब का काम पूरा हुआ है।

# महाकुम्भ के लिए अद्भुत कलाकृतियों से सजे प्रयागराज के रेलवे स्टेशन

## महाकुम्भ की तैयारियों को भव्य स्वरूप दे रही डबल इंजन की सरकार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ 2025 की तैयारियों को डबल इंजन की सरकार भव्य स्वरूप दे रही है। खासतौर पर पूरे शहर का सौंदर्यीकरण किया गया है, जिससे प्रयागराज का कायाकल्प स्पष्ट रूप से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी नजर आ रहा है। इसी क्रम में भारतीय रेलवे भी प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को निखारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ÷पेंट माई सिटी÷ अभियान के तहत प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों को कला और संस्कृति के अद्भुत केंद्रों में परिवर्तित कर दिया गया है।

प्रयागराज के रेलवे स्टेशन जिनमें प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, फाफामऊ, प्रयाग जंक्शन, झूंसी रेलवे स्टेशन, रामबाग रेलवे स्टेशन, छिवकी रेलवे स्टेशन, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन महाकुम्भ के दृष्टिगत भारत की कला और संस्कृति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। इन स्टेशनों की दीवारों पर हिंदू पौराणिक कथाओं और भारतीय परंपराओं को चित्रित करने वाली भव्य और आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई हैं। रामायण, कृष्ण लीला, भगवान बुद्ध, शिव भक्ति, गंगा आरती और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित ये कलाकृतियां श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराती हैं।

### कलाकृतियां श्रद्धालुओं को करेंगी आकर्षित

**प्रयागराज।** रेलवे की यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रयागराज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाती है। इन कलाकृतियां में ऋषि परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान और त्याग के महत्व को दिखाया गया है, जो प्रयागराज के आध्यात्मिक स्वरूप को और भी उजागर करते हैं। ये कलाकृतियां महाकुम्भ 2025 के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं । भारतीय रेलवे का यह प्रयास कला और विकास का संगम प्रस्तुत करता है। यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि महाकुम्भ 2025 में प्रयागराज आने वाले हर व्यक्ति को न केवल भव्य आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिले, बल्कि वे इस शहर की गहराई और इसकी सांस्कृतिक जीवंतता को भी महसूस कर सकें।

# नहीं हुये सूर्य के दर्शन लोग तापते रहे आग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** क्षेत्र में सोमवार को पूरा दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए लोग घरों में दुबके, कुछ आग तापते रहे, तो कुछ रजाई में। खास तौर पर छोटे बच्चों के लिए यह गलन खतरनाक साबित हो रही है। बाजारों से दुकानों तक वह चहल-पहल नहीं दिखी जो आम तौर से रहती थी। हर जगह सन्नाटा पसरा रहा। जगह-जगह लोग उपला या लकड़ी के आग के सहारे बैठे नजर आए। सरकारी एवं समाजसेवियों के अलाव ना के बराबर रहे। क्षेत्र की बाजारों मुबारकपुर, मैलहन,कोडापुर, लिलहट आदि में भी रोजमर्रा की भांति कोई खास रौनक नहीं दिखी। बहुत जरूरी हुआ तभी लोग बाजार हाट या फूलपुर आदि बड़ी बाजारों में गए अन्यथा लोग किसी प्रकार काम चला लिए। फिलहाल सभी बाजारों में सरकारी अलाव की व्यवस्था होनी नितांत आवश्यक है। ब्लॉक द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारियों को गांवों में अलाव की व्यवस्था करवाने के लिए निर्देश देने चाहिए।

# लायन क्लब सिटी ने धूमधाम से किया नए वर्ष 2025 का आगाज




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** लायन क्लब इलाहाबाद सिटी के तत्वावधान में नव वर्ष 2025 का स्वागत हर्ष उल्लास के साथ किया गया।

हमेशा कुछ नया करने वाले अध्यक्ष एमजेएफ लायन अनूप सिंह की अध्यक्षता में नव वर्ष 2025 के आगमन की खुशी में बहुत ही भव्य सांस्कृतिक संगीत के कार्यक्रम का आयोजन क्लब के वरिष्ठ सदस्य इंदर मंध्यान के निवास पर आयोजित किया गया। संगीतमय संध्या में युसूफ अजीज आर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा अनेक प्रस्तुति दी गई। तोल मोल के बोल कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। सदस्यों ने एक दूसरे को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल ने दी।

कार्यक्रम में सचिव अचल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम जी केसरी, क्लब के संरक्षक पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक पीएमजेएफ ला0 जगदीश गुलाटी, अनीता अग्रवाल, रीता वीर, मीना मंध्यान, सविता सिंह, सुमन अग्रवाल, सीमा केसरी, उपमंडलाध्यक्ष प्रथम डा0 अर्पण धर दुबे, उपमंडलाध्यक्ष द्वितीय उदय चंदानी, अशोक मित्तल, लालू मित्तल, अजय अवस्थी, राजेंद्र गुप्ता, डी के केसरवानी, राजेश सिंह, कमलेश यादव, पीयूष रंजन अग्रवाल, प्रदीप वीर, मुकेश अग्रवाल, पीयूष जायसवाल, विनय अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, श्वेता मित्तल आदि क्लब के सभी सदस्यों ने शामिल होकर नव बर्ष नाचते गाते धूमधाम से मनाया।

# मनाया गया यूको बैंक का 83वां स्थापना दिवस



**प्रयागराज।** आज यूको बैंक सिविल लाइंस मुख्य शाखा में स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया। बैंक के अच्छे ग्राहकों को भी इस अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया और नई योजनाओं के बारे में ग्राहकों को पूरी जानकारी दी गई।

यूको बैंक सिविल लाइंस के मुख्य प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार व उनकी टीम ने यूको बैंक से जुड़े सभी लोगों को बधाई व धन्यवाद ज्ञापित किया। यूको बैंक के सभी कर्मचारियों ने ग्राहकों को बेहतर से बेहतर सेवा देने का वादा किया। ओरिएंटल इंश्योरेंस नैनी शाखा के वरिष्ठ व्यवसाय प्रबंधक सत्येंद्र कुमार सिंह ने यूको बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर पौधा देकर मुख्य प्रबंधक सिविल लाइंस पुष्पेन्द्र कुमार व नैनी शाखा वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुण कुमार दुबे, हेमंत, नीलम, विनोद, वैभव, रघु आदि लोग मौजूद रहे।

# साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने धर्म,जाति और राष्ट्र को एक नया जीवन दिया

## ३५९वें प्रकाशउत्सव पर गुरुद्वारा में भक्तों ने टेका माथा

**प्रयागराज।** गुरुद्वारा साहिब अलोपीबाग प्रयागराज में सिखों के दस वे गुरु साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी का 359वां प्रकाश उत्सव सोमवार को श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया।इस अवसर पर प्रकाश उत्सव की खुशियां चारों दिशा में छाई रही। श्री अखंड पाठ साहिब के समापन के बाद गुरुद्वारा गुरूवाणी से सराबोर हो रहा था। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे संगतो का मत्था टेककर आशीर्वाद लेने वालों का सिलसिला बराबर चलता रहा।

अलोपीबाग गुरुद्वारा साहिब फूलों से आकर्षक दीवान सजाया गया। संगत द्वारा साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव का कई दिनों से आयोजन किया जा रहा था। रागी जत्थों ने शब्द- कीर्तन सुना कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारे में गुरु नाम की गूंज होती रही। गुरु का आशीष सहेजने के लिए लोगों ने पंक्तिबद्ध से माथा टेका गुरुद्वारे में हाजिरी लगाने व



सेवा करने का प्रातः काल से देर रात तक संगत चलती रही। साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन इतिहास से संगत को अवगत कराते हुए साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया

अध्यक्ष परमजीत सिंह बग्गा ने संगत को कहा कि जल का संचय करें, जल स्वच्छ रखें, कन्या भ्रूण हत्या न करने, शिक्षा और चिकित्सा का विशेष लंगर लगाने का आह्वान किया। कथा, कीर्तन इतिहास, व्याख्यान, आरती अरदास, हुकमनामा के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया गया जिसमें सभी संप्रदाय के लोगों ने बिना किसी भेदभाव के एक पंक्ति में बैठकर गुरु का लंगर छका। दिन भर विभिन्न जाति व धर्म के लोगों ने गुरुद्वारा पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेक का आशीर्वाद लिया।

प्रकाश उत्सव में गुरुदीप सिंह सरना, परमजीत सिंह, सरदार पतविंदर सिंह, कुलदीप सिंह बग्गा, परमिंदर सिंह बंटी, मनु चावला, बलजीत सिंह, लखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह ग्रोवर, गुरबख्श सिंह, जसवीर सिंह, मनप्रीत कौर, हरजीत सिंह कथुरिया, त्रिलोचन सिंह बग्गा, मनजीत सिंह खालसा, सतेंद्र सिंह पूरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर तन मन धन से सेवा की।

वहीं दूसरी और भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने महाकुंभ क्षेत्र में कई जगह पर श्रद्धालुओं के मध्य ÷साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी÷ के प्रकाश उत्सव पर अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्होंने कायरों को वीर और वीरों को सिंह बना दिया था।

काल का अवतार बनकर उन्होंने शत्रुओं के छक्के छुड़ा दिए थे। इस तरह उन्होंने धर्म, जाति और राष्ट्र को एक नया जीवन दिया था।

# डीएसए क्लब ने त्रिकोणीय सीरीज जीती



**प्रयागराज।** डीएसए क्लब ने श्री सहायक क्लब को 62 रन से हराकर विंटर त्रिकोणीय सीरीज का खिताब जीत लिया।डॉ. केएन काटजू कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए फाइनल मैच में डीएसए क्लब ने 30 ओवर में 213 रन (सत्यम 77, मोहम्मद फ़ैज़ 36, कार्तिकेय तिवारी 30, फैसल 27, शौर्य 3/45, कौशल निषाद 2/11, जय प्रकाश 2/24) बनाये। जवाब में श्री सहायक क्लब की टीम 30 ओवर में 9 विकेट पर 151 रन (जय प्रकाश 26, विराट पांडेय 24, नैतिक रस्तोगी 20 नाबाद, कृष्णा 20, सुधांशु 2/15, कार्तिकेय तिवारी 2/25, उमैर अशफाक 2/29) ही बना सकी।मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद किरण जायसवाल ने पुरस्कार वितरित किया। प्रणय गुप्ता एवं हृदय नारायण पांडेय ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। ज़ेब फारान ने धन्यवाद ज्ञापित और क्रिकेट कोच परवेज़ आलम ने संचालन किया।

# मनुष्य अवगुणों से अपने जीवन का अमृत खो देते हैं- अनिरुद्ध महाराज

**प्रयागराज।** मिशन एवं दिव्य श्री राधा सखी मंडल प्रयागराज के द्वारा आयोजित मुंशी राम प्रसाद की बगिया मुट्ठीगंज में श्री मद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर प्रखर राष्ट्र चिंतक डॉक्टर अनिरुद्ध जी महाराज वृंदावन ने कथा का व्याख्यान करते हुए समुद्र मंथन की व्याख्या करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में भी समुद्र मंथन होता है। मनुष्य के अंदर उसके अवगुण ही उसे अमृत से वंचित कर देते हैं क्योंकि वह वासना के विष में फंस जाता है। आगे कहा कि अधर्म का नाश करने के लिए धर्म की स्थापना के लिए भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लिया और कंस और दुर्योधन की अत्याचार के शासन का अंत किया तथा धर्मराज के स्थापना की।

इस अवसर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम साथ मनाया गया




और शानदार झांकी की प्रस्तुति की गई।

इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, भाजपा महामंत्री कुंजी बिहारी मिश्र और राजू पाठक ने आरती किया।

कथा का संचालन राजेश केसरवानी ने किया। कथा के मुख्य आरती में कुमार नारायण, राजेश केसरवानी, नीरज गुप्ता, प्यारे लाल जायसवाल, अभिलाष केसरवानी, सीता जायसवाल, उषा केसरवानी, कुसुम केसरवानी, प्रीति गुप्ता, शत्रुघ्न जायसवाल आदि सैकड़ो भक्तगण उपस्थित रहे।

# हर्षित के धमकेदार शतक से फोर्ड स्कूल ए को मिली जीत, शौर्य का प्रयास व्यर्थ

**प्रयागराज।** हर्षित जी सहाय के धमकेदार शतक ( 151 रन, 86 गेंद, 19 चौके, छह छक्के ) के दम पर फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ए ने राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्रिकेट क्लब को 205 रन से हराकर मोती लाल सर्व कल्याण अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं।



सोमवार को भानु प्रताप मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ए ने तीस ओवर में 247 रन ( हर्षित जी सहयक 151, शुभ सोनी 48, शिवम पटेल 12 रन, शौर्य जायसवार 4/20, राधे वर्मा 2/53, आदित्य राय 1/42, यश पाण्डेय 1/43 ) पर बनाए। जवाब में राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 15.3 ओवर में महज 43 रन ( चित्रांश श्रीवास्तव 10 रन, विराट गुप्ता 3/03, अभिनव सिंह 3/28, कृष्णा यादव 2/03, शिवम पटेल 2/07 ) पर बिखर गई। मैच में रामचन्द्र यादव व पवन वर्मा ने अंपायरिंग और प्रियांश सिंह ने स्कारिंग की। प्रतियोगिता में मंगलवार को कोई मैच नहीं हैं, बुधवार को हनुमानगंज एएस क्रिकेट क्लब व फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी के बीच प्रातः नौ बजे से खेला जाएगा।

# आयुष महाकुंभ में दर्जन भर से अधिक चिकित्सक हुए शामिल

## डॉ. एके द्विवेदी ने अप्लास्टिक एनीमिया पर दिया व्याख्यान



**प्रयागराज।** संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित %ग्लोबल आयुष एक्सपो 2025% (आयुष महाकुंभ) में दो दिवसीय आयुष कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कॉन्फ्रेंस में जिले के अलावा दूसरे शहर एवं प्रदेशों से आए डॉक्टरों ने हिस्सा लिया।इंदौर से आए आयुष मंत्रालय एवं होम्योपैथिक चिकित्सक सीसीआरएच वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ. अश्वनी कुमार द्विवेदी ने कैंसर फाइटर्स एवं एनीमिया के मरीजों के कारण, उपचार एवं खान-पान से संबंधित जानकारियां दीं। मेले में आए मरीजों के लिए ओपीडी भी चलाई गई। परामर्श, बीमारियों के उपचार एवं निदान संबंधित वीडियो भी दिखाया। इस मौके पर एसडब्लूएस आर्ट्स के डायरेक्टर साकिब सिद्दीकी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक नृत्य पेशकर सब का मनमोह लिया।

कार्यक्रम में संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार द्विवेदी, डॉ. एसके शुक्ला, डॉ. एसएन मिश्रा डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. आरके मिश्रा, डॉ. राहुल शुक्ला, संजीवनी के सचिव श्रवण शुक्ल, एसडब्लूएस आर्ट्स के डायरेक्टर साकिब सिद्दीकी, तनुज शर्मा, सरजीत गौतम, आशीष हेमकर, आशु पाण्डेय, रचना सोनकर, रीमा शुक्ला, श्रेया मेहता, तान्या सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ठंड लगने से ग्राम विकास अधिकारी की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** काशीपुर सोखरी निवासी 30 वर्षीय ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र सिंह पटेल की रविवार शाम ठंड लगने से घर में मौत हो गयी। बताया गया कि इन दिनों वह प्रतापगढ़ के कुंडा ब्लाक में तैनात था। तीन भाइयों में वह सबसे छोटा और अविवाहित था। दो दिन से लगातार बाइक लेकर साथियों संग यहां वहां घूम रहा था। घर लौटा तो कंपकपी से परेशान था। परिजन इलाज के लिए फाफामऊ स्थित एक अस्पताल ले गए जहाँ डाक्टरों ने मृत



घोषित कर दिया। सोमवार को श्रृंगवेरपुर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौक़े पर एडीओ पंचायत कुंडा सहित प्रधान रणजीत पटेल, राम मूरत पटेल, संत बहादुर पटेल आदि मौजूद रहे।

# जल संरक्षण के क्षेत्र में ख्याति हासिल करने वाली जल सहेलियां महाकुम्भ में साझा करेंगी अनुभव

**महाकुम्भनगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में न सिर्फ आध्यात्म और परंपराओं का संगम हो रहा है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेशों के प्रसार के लिए भी यहां मंच सज रहे हैं। मकर संक्रांति के स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र में जल संरक्षण का संदेश देने और इससे जुड़े मसलों पर चर्चा के लिए देश के कई सामाजिक, गैर सरकारी संगठनों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम रही संस्थाओं का संगम होगा। जल संरक्षण के क्षेत्र में काम कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली बुंदेलखंड की जल सहेलियां भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अपने अनुभव साझा करेंगी।

जल जन जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय

**➪जल संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों और गैर सरकारी संस्थाओं के साथ भागीदारी करेंगी जल सहेलियां**

संयोजक डॉ संजय सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति के स्नान के बाद महाकुम्भ में जल संरक्षण पर चर्चा के लिए जल संरक्षण कार्यकर्ताओं और संगठनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे लोग अपने अनुभव साझा करेंगे। बुंदेलखंड की जल सहेलियां भी इस आयोजन में हिस्सा लेने महाकुम्भ पहुंचेंगी।

# बालिकाओं की प्रतिभा निखारने के लिए कार्यशाला-अशेष चट्टोपाध्याय

## मेजा ऊर्जा निगम द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान सप्ताह की हुई शुरुआत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा ऊर्जा निगम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार 6 जनवरी को बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन सत्र 2024-25 के उद्घाटन समारोह का आयोजन सेंट जोसफ स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। इसका मकसद बालिकाओं की रचनात्मक प्रतिभाओं को उभार कर उन्हें बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय थे। उन्होंने इस मौके पर सभी को शुभकामनायें दी और बालिकाओं को पढ़ने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती कृष्णा चट्टोपाध्याय ने भी बालिकाओं को संबोधित किया और सभी बालिकाओं का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मानव संसाधन विभागाध्यक्ष विवेक चंद्रा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मनोज कुमार वर्मा के धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मेजा ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण, अपराजिता




महिला समाज की पदाधिकारी, 37 बालिकाएँ एवं उनके अभिभावकगण मौजूद थे। बालिका सशक्तिकरण अभियान से लाभान्वित दो बालिकाओं ने अपना अनुभव भी सबसे साझा किया। कार्यक्रम के दौरान सभी बालिकाओं के लिए स्कूल बैग, स्टेशनरी एवं ड्रेस का वितरण किया गया।

इस एक सप्ताह की कार्यशाला का लक्ष्य बालिकाओं के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को उभार कर आत्मविश्वास बढ़ाना एवं सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। मेजा ऊर्जा निगम ने 2019 में बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरू किया जो भारत सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल से प्रेरित है।

मेजा ऊर्जा निगम द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान का उद्देश्य लड़कियों को अधिक अवसर प्रदान कर लैंगिक असमानता को समाप्त करना है।

इस अभियान के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मरक्षा और जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जागरूक किया जाता है। मेजा ऊर्जा निगम में बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत हर वर्ष परियोजना प्रभावित ग्रामों के 40 बालिकाओं को ग्रीष्मकालीन आवासीय कार्यशाला के अंतर्गत 1 महीने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के उपरांत चार लड़कियों का चयन किया जाता है और उन्हें मेजा ऊर्जा निगम के स्कूल में बच्चों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतरीन शिक्षा मुफ्त में दी जाती है। वर्ष 2019, 2022, 2023 एवं 2024 द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान के द्वारा चयनित 15 छात्राएँ आज मेजा ऊर्जा निगम के टाउनशिप के सेंट जोसफ स्कूल में पढ़ रही हैं।

# दो दिवसीय सालाना उर्स की रस्मअदायगी जुमेरात को

## 10 जनवरी को बरोज जुमा बाद कव्वाली होगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** कुतुबे इलाहाबाद शाह मुहीबउल्लाह दादा मियां का 378वां दो दिवसीय सालाना उर्स पीरजादों की बाग नई बस्ती कीडगंज में 9 और 10 जनवरी को मनाया जाएगा।

उर्स के मुख्य मेहमान शाह अहमद अब्दुल हक रूदौली शरीफ के सज्जादा नशीन शाह अम्मार अहमद अहमदी नैय्यर मियां, सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद मुकर्रब उल्लाह अली मियां के सरपरस्ती में उर्स की रस्म अदायगी की जायेगी।9 जनवरी बरोज जुमेरात बाद नमाज़ फजिर गुसुल शरीफ, नमाज़ मगरिब पहला कुल दरगाह शरीफ कीडगंज मे सम्पन्न होगा। 10जनवरी बरोज जुमा बाद नमाजे़ जुमा कव्वाली दो बजे, पांच बजे आखिरी कुल का फातिहा, बमुकाम खानखाह हज़रत शाह मुहिबउल्लाह इलाहाबादी (दादा मियां के आवास पर) बहादुरगंज मे सम्पन्न होगा तथा रात नौ बजे पुनः कव्वाली होगी। उक्त जानकारी सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद मुकर्रब उल्लाह अली मियां ने दी।

# कांग्रेसजनों ने शैल कुमारी के निधन पर शोक जताया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिला तथा शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की शोकसभा में शहर कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह भोले एवं अखिलेश प्रताप सिंह की माता उग्रसेनपुर राजपरिवार की श्रीमती शैल कुमारी (87) के स्थानीय नर्सिंग होम में इलाज के दौरान शनिवार देर रात्रि मस्तिस्क आघात के कारण निधन पर दुख व्यक्त किया गया।

कहा गया कि वह अत्यंत धार्मिक , विनम्र और उदार व्यक्तिव की धनी थी। जीवन भर लोगों विशेषकर गरीबों की मदद के अलावा हजारों निर्धनों की शिक्षा, इलाज, विवाह कराया। उनके आकस्मिक निधन से इलाके में गहरी उदासी छायी है। इस मौके पर दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कामना की गई।

शोक सभा में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन , प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी, किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी , फुज़ैल हाशमी, संतोष सिंह, रघुनाथ द्विवेदी, लल्लन पटेल, राजेश राकेश, देवी पांडेय, नयन कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, विनय पांडेय, राम मनोरथ सरोज, अरशद अली, दिवाकर भारतीय , मानस शुक्ला, इशतियाक अहमद, प्रदीप द्विवेदी, खुशनवेदा फारूखी, रचना पांडेय , दरकशा कुरैशी, अंजुम नाज़, अनिल कुशवाहा, नसीम कुरैशी, आशा देवी, मो.हसीन, सुशील मिश्रा आदि थे।

# संदिग्ध दशा में खेत में पाया गया अधेड का शव

**●सैनी के अटसरई गांव का मामला, पुलिस छानबीन में जुटी**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरई गांव में एक खेत में संदिग्ध दशा में एक अधेड का शव पाया, शव मिलने की खबर पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई , और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधेड की शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जांच पड़ताल में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरई गांव में एक स्कूल के पीछे लल्लू के गेहूं के खेत में लगभग 55 वर्षीय एक अधेड का शव पाया गया , सोमवार की सुबह खेत की ओर गए लोगों ने देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में सनसनी फैल गई , ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सैनी पुलिस ने छानबीन के बाद शव की शिनाख्त सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं दो अंबेडकर नगर निवासी मिठाई लाल पुत्र राम धनी 55 वर्ष के रूप में किया ।पुलिस ने अधेड के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज फोरेंसिक टीम व पुलिस ने जांच पड़ताल कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

वहीं मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी ने बताया कि उसके पति रविवार को चार बजे घर से शौच के लिए निकले थे जिसके बाद घर वापस नहीं लौटे तो खोजबीन शुरू कर दी गई ।

शव मिलने पर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चाएं है। मामले में क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा का कहना है कि अज्ञात शव मिलने की खबर पर स्थानीय पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, फोरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है ,जिसके बाद अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## घर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला किशोर का शव

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मलाक मोईनउद्दीनपुर गांव में रविवार की रात घर के अंदर एक किशोर का शव फंदे पर झूलता हुआ मिला। सुबह शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी पाते ही वहां मोहल्ले के लोग भी इकट्ठा हो गए। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।संदीपन घाट क्षेत्र के मलाक मोईनउद्दीनपुर गांव निवासी प्रेमचंद पुत्र इंद्र सरोज मजदूरी कर परिवार का भरण- पोषण करता है। प्रेम के अनुसार उसके पुत्र नकुल (18) की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी।उसका प्रयागराज के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। सोमवार की सुबह पिता प्रेम ने उसका शव घर के अंदर पंखे के चुल्ले में नायलान की रस्सी के बने फंदे से लटका हुआ देखा।

# महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में मनाई गई स्व बाबूसिंह की 17 वीं पुण्यतिथि

**▶▶महाविद्यालय के चेयरमैन व ब्लॉक प्रमुख ने गरीबों को वितरण किया कम्बल**
**▶▶बाबू जी ने बच्चों के भविष्य के लिए शिक्षा की अलख जगाई थी- अनुज सिंह**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** अजुहा कस्बे में स्थित महात्मा बुद्ध महाविद्यालय के संस्थापक स्व बाबू सिंह की 17 वीं पुण्यतिथि महाविद्यालय परिसर में मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन व ब्लॉक प्रमुख सहित मौजूद लोगो ने उनके चित्र पर दीप जलाकर, माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन व ब्लॉक प्रमुख कड़ा अनुज सिंह यादव ने बाबू जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पांच सौ से अधिक गरीबों व वृद्धों को कम्बल वितरण करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यालय के संस्थापक बाबू जी ने ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की नींव रखी थी। उनकी सोच थी जब गांव के बच्चे पढ़ कर आगे जाएंगे तभी देश का विकास संभव है। इस सोच के साथ उन्होंने शिक्षा की अलख जगाई। आज विद्यालय द्वारा शिक्षित छात्र तमाम उपयोगी पद पर योगदान कर देश व राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उनके योगदान को छात्र एवं अभिभावक सदा याद रखेंगे। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशीष मौर्य ने बताया कि उन्होंने जनपद में शिक्षा की अलख जगाने के लिए विद्यालय की स्थापना की थी।

मौके पर कांति देवी, ब्लॉक प्रमुख अनुज सिंह, अनूप सिंह यादव, आशीष मौर्य, प्रहलाद यादव, दौलत राम पंडा, राकेश अग्रहरि, सत्यम यादव, राजा यादव, धरणी धर, मिश्री लाल, साकेत चौधरी, मनीराम, समर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## डीडीआर पब्लिक इंटर कॉलेज भरवारी में मनाई गई गुरु गोविंद सिंह की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** डी.डी.आर. पब्लिक इंटर कॉलेज महेशपुर रोड भरवारी में सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या पुष्पा रानी विश्वास, द्वारा गुरु गोविंद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके बच्चों को गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों एवं अपने देश के प्रति किए गए बलिदान के बारे में बताया गया, तथा कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने भी निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से जयंती में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों में दीनबंधु द्विवेदी, रामशंकर वर्मा, राधेश्याम पाल, मनोज सिंह, नूर आलम कुरेशी, धीरेंद्र श्रीवास्तव, सीमा सिंह, पुष्पा देवी सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# नगर विकास मंत्री को पसंद आई भरवारी नगर की महाकुंभ की तैयारियां

**▶▶नगर पालिका के श्रद्धालुओं को देने वाली सुविधाओं के प्रयासों को लेकर सराहा**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए नगर पालिका भरवारी प्रमुख मार्गो की सड़को, चौराहों, पुलों और दिवालों पर प्रयागराज जाने ले लिए संकेतक, अलाव की व्यवस्था, प्रकाश मार्ग, स्ट्रीट लाइट के खंभों में तिरंगा लाइटें, अस्थाई रैन बसेरा, प्रमुख स्नान पर्वो पर जलपान की व्यवस्था, चलो महाकुंभ जैस सनातन संस्कृति के स्लोगन को रंगों के माध्यम से उकेरा जा रहा है, संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से



26 फरवरी तक होगा, इसके लिए जोरशोर से तैयारी चल रही है स नगर पालिका भरवारी में चौराहों से लेकर पुलों तक को सजाया जा रहा है. फूल-पत्ती और सनातन धर्म के प्रतीकों जैसे स्वास्तिक, त्रिशूल, डमरु, त्रिपुंड को भी उकेरा जा रहा है,ताकि महाकुंभ के दौरान भरवारी नगर क्षेत्र से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालु और युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति से रूबरू करवाया जा सके स इन्हीं तैयारियों को लेकर नगर विकास मंत्री ने रविवार को अपने फेसबुक अकाउंट में नगर पालिका भरवारी की तैयारियों को सराहा है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार ए.के.शर्मा ने अपने फेसबुक पेज पर चार फोटो लगाकर लिखा है कि ष्महाकुम्भ-2025 हेतु न सिर्फ तीर्थराज प्रयाग बल्कि आस पास के जनपदों के नगरीय निकाय भी श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु सज-सँवर रहे हैं। नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशांबी द्वारा किया गया प्रयास।ष्आइये चलें, महाकुम्भ मेले में चलें महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है, श्रद्धालुओं को हर संभव मदद देने का प्रयास जारी रहेगा, कविता पासी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी।

## सीबीएसई टीचर वेलफेयर एसोसिएशन ने अनिल मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ प्रिंसिपल का दिया अवॉर्ड




**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज स्थित हिन्दुस्तानी एकेडमी के सभागार में रविवार को सीबीएसई टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन उत्तर प्रदेश के कई महान शिक्षाविदों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।सम्मान समारोह की कड़ी में नगर स्थित भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र को सीबीएसई टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से महंत डॉ0 लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी द्वारा कौशाम्बी जिले के सर्वश्रेष्ठ प्रिंसिपल का अवॉर्ड दिया गया। भवन्स मेहता विद्याश्रम के निदेशक संदीप सक्सेना एवं मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों तथा समस्त अध्यापकों ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत चौपाल लगाकर कार्यक्रमों की दी गई जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में जाकर, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा बीट क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा बीट क्षेत्र में जाकर, थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम पैगम्बरपुर में जाकर, थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम पाली में भ्रमणशील रहकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा बीट क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में जाकर, थाना मो0पुर पंइसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम कैमा में जाकर, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा ग्राम चुन्नी का पुरा में जाकर, महिला थाना द्वारा क्षेत्र में जाकर, थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के मनौरी पावर हाउस के पास अनियंत्रित कार ने बाइक में टक्कर मारी दी।हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।आस-पास के लोग घायल को इलाज के लिए चायल सीएचसी ले गये।हालत गंभीर होने से डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी शैलेश कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार अपने साथी देवेन्द्र कुमार पुत्र गुलाब के साथ सोमवार की सुबह बाइक से प्रयागराज गये थे। घर लौटते समय मनौरी पावर हाउस के पास अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।हादसे में शैलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि साथी देवेन्द्र को मामूली चोटें आई। आस-पास के लोग घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गये।

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** चौकी प्रभारी भरवारी उपनिरीक्षक अभिषेक गुप्ता को दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि केपीएस विद्यालय परसरा में एक चोर को चोरी करते हुये पकड़ लिया गया है। सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर जाकर पकड़े गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम अजय पाण्डेय पुत्र अशोक कुमार निवासी परसरा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी बताया। पकड़े गए व्यक्ति की जामातलाशी से 1000 रुपये व हाथ में लिये 01 लोहे का टुकड़ा बरामद हुआ। पूछताछ से आरोपी द्वारा बताया गया कि मैंने पूर्व में जो लोहा चोरी करके बेचा है ये उसी का पैसा है।

### वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी बरछीलाल निवासी हकीमपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक विकास चन्द्र मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा आरोपी मन्नू लाल निवासी म्योहरा थाना कड़ाधाम को 14 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 10 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पिपरी से 03, थाना करारी से 02, थाना कौशाम्बी से 01, थाना चरवा से 01, थाना कड़ा धाम से 03) कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# उमरा अदा करने के लिए एक जत्था सऊदी अरब के लिए रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** सऊदी अरब के मक्का मदीना में उमरा अदा करने के लिए बिलासपुर गांव से हामिद सिद्दीकी और उनकी पत्नी फरीदा बेगम समेत इलाके से जायरीनों का एक जत्था सोमवार की शाम रवाना हुआ। इस मौके पर परिवारवालों, रिश्तेदारों व शुभचिंतकों ने उमरा को जा रहे जायरीनों से बारी-बारी से गले लगकर उन्हें फूल मालाओं से विदा किया। उनकी खैर एवं सलामती की दुआऐं मांगी। इस दौरान लोगों व अजीजों ने उमरा यात्रियों से मदीना पहुंचकर मदीना वालों से सलाम कहने की गुजारिश की। रवानगी के मौके पर उमरा यात्रियों ने पाक परवरदिगार की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की व अमन-चौन की दुआएं मांगी। साथ ही मुल्क के हर बला से महफूज रखने की दरख्वास्त की। रवानगी के मौके पर जायरीन हामिद सिद्दीकी ने बताया कि इस्लाम को मानने वाले प्रत्येक लोगों की दिली ख्वाहिश होती है कि वे अपने जीवन में एक बार मक्का-मदीना की जियारत जरूर करें। इस मौके पर तौकीर आलम, मो. तबरेज, सलीम अहमद, कामरान, मो.आमिर, शहबाज, मीनू समेत पेश इमाम मौलाना साबिर आलम आदि मौजूद रहें।

# कस्बे में घंटों रेंगे वाहन रेलवे फाटक पर लगा जाम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** कस्बे में रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाली जाम की समस्या लाइलाज बन चुकी है। भारी वाहनों का प्रवेश निषेध है और यातायात पुलिस के पांच जवानों की तैनाती के बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं। फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा है। वहीं क्रॉसिंग के पास दिन भर डग्गामार वाहनों के बेतरतीब खड़े होकर सवारियां बैठाने से कॉसिंग बंद होते ही लंबा जाम लग जाता है। सोमवार की शाम 4.40 बजे रेलवे फाटक खुलते ही भीषण जाम लग गया जहां वाहन घंटो रेंगते रहे स भरवारी रेलवे फाटक पर रेल पटरियों पर ट्रैक मशीन द्वारा रेलवे के कर्मी कार्य कर रहे थे जिसके चलते लगभग आधे घंटे तक फाटक नहीं खुला जिसके चलते फाटक पर नई बाजार के बस स्टॉप, करारी रोड के मारुति वॉच हाऊस, मूरतगंज रोड में डाकघर के आगे तक, गौरा रोड में छोटी कुटी तक भीषण जाम से राहगीरों को रूबरू होना पड़ा स कड़ी मेहनत के चलते यातायात के सिपाही और भरवारी पुलिस चौकी के सिपाहियों ने पच्चीस मिनट में जाम को खुलवाया।

## दबंग भाइयों ने जमीन कब्जे का विरोध करने पर महिला को दी धमकी

**चायल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के भगवान पुर बहुंगरा गांव की एक महिला के जमीन पर दबंग भाई फर्जी बैनामा के जरिए कब्जा करना चाहते हैं। महिला के विरोध करने पर वह उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस अपर महानिदेशक को मामले की तहरीर दी।एडीजी ने इंस्पेक्टर को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है।भगवानपुर बहुंगरा गांव की रघुवंती देवी पत्नी बचन प्रसाद के अनुसार उसने बसुहार गांव में 12 नवम्बर 2006 को आराजी जमीन खरीदा था। वह तभी से उस जमीन पर काबिज है। कुछ दिनों पूर्व इछना गांव के दबंग दो भाइयों ने उस जमीन पर मकान बना दिखाकर फर्जी ढंग से बैनामा करा लिया। अब वह उस जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। सूचना पाने के बाद उसने मौके पर जाकर कब्जे का विरोध किया।आरोप है कि विरोध करने पर दबंग भाइयों ने महिला के साथ गाली-गलौच कर मारपीट की धमकी देना शुरू कर दिया। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित महिला ने पुलिस अपर महानिदेशक को मामले की तहरीर दी। एडीजी ने इंस्पेक्टर सुनील कुमार को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

# सकिपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर शीतलाधाम कड़ा से घाटमपुर उदहिन धाता होकर चित्रकूट धाम के लिए रोडवेज बस की उठाई मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम घाटमपुर बाजार में प्रदर्शन एवं नारेबाजी की और नगर पंचायत शीतलाधाम कड़ा से घाटमपुर चौराहा, उदहिन चौराहा, धाता बाजार होकर चित्रकूट धाम को रोडवेज बस चालू कराए जाने की परिवहन निगम से मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की बात कही।सोमवार को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में सिराथू ब्लॉक के ग्राम घाटमपुर बाजार में एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने की। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने परिवहन निगम के अधिकारियों से नगर पंचायत शीतलाधाम कड़ा से घाटमपुर चौराहा, उदहिन चौराहा और धाता चौराहा होकर चित्रकूट धाम को रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग की। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती क्षेत्रों में परिवहन की व्यवस्था न होने से लोगों को भारी दिक्कत होती है। लोगों को चित्रकूट धाम दर्शन करने हेतु आवागमन करने के लिए प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ता है और वो भी कई स्थानों में प्राइवेट वाहनों को बदलना और पकड़ना पड़ता है। आगे कहा कि इससे लोगों को भारी दिक्कत होती है जिससे बहुत ही कम संख्या में श्रद्धालु लोग चित्रकूट धाम तक दर्शन करने जा पाते हैं। इस संबंध में अजय सोनी ने परिवहन निगम के अधिकारियों से सिराथू तहसील के नगर पंचायत क्षेत्र शीतलाधाम कड़ा से घाटमपुर चौराहा, उदहिन बुजुर्ग चौराहा, धाता चौराहा होकर चित्रकूट धाम तक रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग की। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, अनिल गौतम, पुष्पराज गौतम, राधे श्याम लोधी, कल्लू लोधी, नरेश केसरवानी, संदीप सिंह आदि मौजूद

# कौशाम्बी मेडिकल प्रोफेशनल एसोसिएशन की हुई वार्षिक बैठक

**● महाकुंभ के आयोजन में प्राइवेट और गवर्नमेंट सेक्टर दोनों मिल जुल कर करें काम- सीएमओ**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी मेडिकल प्रोफेशनल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक मंगलम गेस्ट हाउस मंझनपुर में आयोजित की गई। जिसमे जिले के सभी चिकित्सक सदस्य शामिल हुए। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्साधिकारी कौशाम्बी डॉ संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि जिला होमियोपैथिक अधिकारी डॉ0 शगुफ्ता जबीन और जिला आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ अच्छे लाल रहें। सभी को संगठन के अध्यक्ष डॉ0 इकरार अहमद और कोर कमेटी सदस्य डॉ0 पीपी शर्मा, डॉ0 नीतू कन्नौजिया और डॉ0 सतीश त्रिपाठी ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्षिक बैठक की सफलता पूर्वक कार्य भार अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में डॉ0 दीपक धुरिया को जिम्मेदारी दी गई। मंच के माध्यम से सभी ने मिलजुल कर काम करने और प्रशासन से समन्वय स्थापित कर के काम करने का निर्णय लिया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने महाकुंभ के आयोजन में संगठन के माध्यम से सहयोग मांगा और कहा के प्राइवेट और गवर्नमेंट सेक्टर दोनों मिल जुल कर काम करें। जहां भी संगठन को मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी वो हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इस आयोजन से सभी चिकित्सकों में खुशी का माहौल रहा।

संक्षिप्त खबरें

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने लापता छात्रा के अपहरण के दर्ज मुकदमें में आरोपित को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पुलिस छात्रा की बरामदगी पहले ही कर चुकी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की उन्नीस वर्षीया छात्रा तीन जनवरी को सुबह करीब आठ बजे सांगीपुर डिग्री कालेज परीक्षा देने निकली थी। उसके घर न लौटने पर परेशान परिजनों ने पुलिस को नामजद तहरीर दी। पीड़ित छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि पूरे सरदार ननौती निवासी शिवा यादव पुत्र समर यादव ने उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया है और पांच लाख की फिरौती की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीती रविवार की सुबह लापता छात्रा को पुलिस ने ननौती के पास से बरामद किया था। इधर दरोगा कैलाश यादव ने फोर्स के साथ सोमवार सुबह करीब आठ बजे ननौती मोड़ के पास से आरोपी युवक शिवा यादव को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। एसओ राधेबाबू का कहना है कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## नव निर्वाचित युवा व्यापार मण्डल का भव्य स्वागत

**प्रतापगढ़।** युवा व्यापार मण्डल के नवनिर्वाचित महामंत्री प्रवीण कुमार चौरसिया के संयोजकत्व में पूजा टेंट हाउस श्री साई ट्रेडर्स ऋषि जेड फिल्मस बांके बिहारी स्टूडियो के संयुक्त बैनर तले शहर के पूजा मैरिज हॉल मे नवनिर्वाचित युवा व्यापार मंडल का भव्य स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह श्शंटीश, जिला महामंत्री प्रवीण कुमार चौरसिया, कोषाध्यक्ष संदीप कशोधन, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद सोनी, फैजी अंसारी,संदीप शर्मा व मीडिया प्रभारी दीपेश जैन तथा संगठन मंत्री मो. मोमिन का सभी ने माला पहना कर व पुष्प गुच्छ देखकर स्वागत किया। इस दौरान प्रतिष्ठित व्यवसाई व मौर्य बंधुत्व के जिलाध्यक्ष सुनील मौर्या, टेंट हॉउस संगठन के अध्यक्ष राजदेव पाल, अभिषेक जैन, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनन्य पांडे, अधिवक्ता अनमोल पांडे, आशीष चौरसिया विजय चौरसिया, रामफल साहू मंगल पाल, नवीन पाल,नवनीत मिश्रा छोटू, प्रशांत चौरसिया, गुरलीन सिंह अयोजक राज देव पाल अनिल प्रजापति, ऋषि भाई आदि लोग मौजूद रहे।

## अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफतार

**उदयपुर,प्रतापगढ़।** थाना उदयपुर पुलिस द्वारा फिरौती हेतु अपहरण के अभियोग से सम्बन्धि वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।पुलिस व सर्विलांस टीम की तत्परता से 24 घण्टे के अन्दर अपृहता को सकुशल बरामद किया गया था।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 'अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी उदयपुर उ0नि0 श्री राधेबाबू के नेतृत्व में उ0नि0 अमित सिंह मय हमराह उ0नि0 श्री विनय वर्मा, कां0 पंकज सिंह, कां0 मन्दीप सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त शिवा यादव पुत्र समर बहादुर यादव निवासी ग्राम सरदार का पुरवा मजरे ननौती थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को क्षेत्रांतर्गत ग्राम ननौती मोड़ से सरदार का पुरवा जाने वाली सड़क पर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना उदयपुर में मु0अ0सं0 03ध्2025 धारा 137(2), 87, 140(2) बीएनएस पंजीकृत है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय क समक्ष पेश किया जा रहा है।

## वाहन की टक्कर से बालिका घायल, केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लापरवाहीपूर्वक पैदल सडक पर निकली किशोरी के वाहन की टक्कर मे घायल होने को लेकर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर निवासी रामआसरे सरोज पुत्र स्व. बचई ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्तीस दिसंबर की सुबह दस बजे उसकी बेटी बबिता पुराने घर जाने के लिए सडक पर निकली थी। इसी समय तीव्र गति से वाहन चलाते हुए अजय यादव पुत्र कन्हैया लाल ने बबिता को टक्कर मार दिया। घायल को परिजन इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। गंभीर दशा में प्रयागराज मेडिकल कालेज में घायल बबिता का इलाज जारी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अरूण सिंह ने बताया है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रयागराज के मीरगंज मोहल्ला निवासी कुलश्रेष्ठ का 24 वर्षीय बेटा मोनू जायसवाल बाइक से ऊंचाहार की ओर जा रहा था। जैसे ही वह कुंडा इलाके के मवई बाईपास पर पहुंचा अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। हथिगवां थाना क्षेत्र के कोटिला अखित्यारी गांव निवासी 65 वर्षीय मोतीलाल पटेल गांव के सामने सड़क पार करते समय वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। कुंडा थाना क्षेत्र के कलहा टिकरिया गांव निवासी बाबूलाल पटेल का 25 वर्षीय बेटा विपिन पटेल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।**पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रानीगंज के उ0नि0 रोहित कुमार मय हमराह उ0नि0 शिवेन्द्र कमार यादव, हे0का0 अमरनाथ यादव द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, केस नं0- 1846ध्04 अ0सं0-547ध्97 धारा-323, 504, 325 भादवि से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी ग्राम राजापुर खरहर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- राजेश कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी ग्राम राजापुर खरहर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ ।

## अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**रानीगंज प्रतापगढ़।** स्थानीय कस्बे में सोमवार को दिन में 1 बजे के आसपास प्रशासन द्वारा लखनऊ वाराणसी हाईवे पर महाकुंभ के मद्देनजर अवैध कब्जा किए गए दुकानदारों पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवाया। कस्बे में पिछले 10 दिनों से लगातार गाड़ी से अलाउंस कराया जा रहा था। फिर भी दुकानदार अतिक्रमण को खाली करने को तैयार नहीं थे। जिसे देखते हुए प्रशासन ने सोमवार को बुलडोजर से अतिक्रमण को हटवाया। इस दौरान क्षेत्र अधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी थाना प्रभारी रानीगंज आदित्य सिंह नगर पंचायत अधिकारी महेंद्र सिंह फत्तनपुर पुलिस पीएनसी व पीडब्ल्यूडी के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## अतिक्रमण हटाए जाने के विरोध में व्यापारियों ने सीओ से की फरियाद

**रानीगंज (प्रतापगढ़)** रविवार को रानीगंज में महाकुम्भ के मद्देनज़र प्रशासन द्वारा बुलडोजर से हाइवे का अतिक्रमण हटवाया गया। अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान फुटपाथ पर रोजी रोटी के लिए कमाई कर छोटे व्यापारियों का रोजगार छिन जाने से लोग परेशान हो गए और सोमवार को क्षेत्राधिकारी रानीगंज कार्यालय पहुँच गए। व्यापारियों ने क्षेत्राधिकारी विनय प्रभाकर साहनी को अपनी ब्यथा सुनाई और गुमटीयाँ आदि हटाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन करके नाराजगी जाहिर की। ब्यापारियों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा छोटे ब्यापारियों का रोजगार छीनकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सीओ विनय प्रभाकर साहनी ने कहा कि महाकुम्भ के मद्देनज़र हाइवे से अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। इसमें किसी भी ब्यापारी का ब्यक्तिगत कोई नुकसान नही किया गया है।

# नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने ली शपथ

## ▶▶ योजना बनाकर नगर का होगा समुचित विकास - दया शंकर सिंह

**● किशोरी सदन में किया गया आयोजन,शामिल हुये मंत्रीगण**






लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** नव निर्वाचित नगर पालिका परिषद बेल्हा अध्यक्ष प्रेमलता सिंह जी का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किशोरी सदन में किया गया जिसमें राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह व परिवहन मंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह र्यक्रम में सम्मिलित हुये।

इस अवसर मंत्री जी ने जनपद प्रतापगढ़ की नवनिर्वाचित नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रेमलता सिंह जी के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होकर उन्हें शुभकामनायें दी और प्रतापगढ़ नगर की देव तुल्य जनता जनार्दन का धन्यवाद दिया जिन्होंने पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष स्व हरि प्रताप सिंह जी के असमय निधन से दुखी परिवार को अपना आशीर्वाद देकर दुख को कम करने का प्रयास किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुये प्रभारी मंत्री एवं परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहाकि नगर के विकास के लिये भाजपा कृत संकल्प है, विकास के लिये केन्द्र एवं प्रदेश सरकार धन की कमी नहीं आने देगी। योजना बनाकर नगर का समुचित विकास किया जायेगा।

पूर्व अध्यक्ष हरि प्रताप सिह के सपने का विकसित नगर बनाने के लिये नव निर्वाचित अध्यक्ष के साथ ही सरकार खडी नजर आयेगी।

शपथ ग्रहण समारोह में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह (प्रिंशु), जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अवधेश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष के0के0 सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख गौरा सत्यम ओझा, जिला उपाध्यक्ष गोकुल नाथ श्रीवास्तव, पूर्व जिला महामंत्री गिरधारी सिंह, पूर्व जिला महामंत्री ज्वाला सिंह, अध्यक्ष महिला मोर्चा रुचि केसरवानी, ईओ नगर पालिका परिषद राकेश कुमार सहित सभी भाजपा पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहें।

### शहर को मिलेगी इलेक्टानिक्स बसें परिवहन मंत्री



**प्रतापगढ़।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं परिवहन राज्यमंत्री दया शंकर सिंह ने कहाकि वैसे तो प्रदेश के महानगरों के लिये इलेक्टानिक्स बसें आ रही हैं लेकिन उनका प्रयास होगा कि जल्द ही नगर के लिये ऐसी बसों की व्यवस्था की जाये, जिससे शहर वासियों को यात्रा में राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि रोडवेज बस स्टैण्ड को मुर्गी फार्म के पास बनाया जायेगा जहां से दूर की बसें जायेगी जबकि शहर के वर्तमान बस स्टैण्ड को जिले के आसपास के लिये ही इस्तेमाल किया जायेगा।

## आवागमन में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये-जिलाधिकारी

**▶▶ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ के दृष्टिगत गोड़े बाईपास का किया निरीक्षण**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** महाकुम्भ की तैयारियों के दृष्टिगत आवागमन में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देने के लिये जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने गोड़े बाईपास का निरीक्षण किया। उन्होने राजगढ़ बाईपास पहुॅचकर निर्माणाधीन हाइवे एवं ओवरब्रिज का निरीक्षण किया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होने ग्रामसभा डगैता के आगे नवनिर्माण ओवरब्रिज के पास हाईवे टर्निंग पर हुये सड़क दुर्घटना का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और सम्बन्धित को यातायात व सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होने राजगढ़ बाईपास से होते हुये सुखपालनगर, चिलबिला बाइपास के ओवरब्रिजों का निरीक्षण भी किया और सड़कों की गुणवत्ता का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाकुम्भ के दौरान आवागमन में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इसका विशेष ध्यान दिया जाये, सभी व्यवस्थायें जल्द से जल्द पूर्ण करायें। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक नगर/यातायात शिव नारायण वैश सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### हृदयाघात से ग्राम विकास अधिकारी की मौत



**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रयागराज के होलागढ़ थाना क्षेत्र के शोखरी काशीपुर दहियावां गांव निवासी शेर बहादुर सिंह का 30 वर्षीय बेटा महेंद्र कुमार पटेल कुंडा ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर सेवारत था। वह प्रतिदिन बाइक से घर आता जाता था। रविवार को शाम वह घर पर था, तभी अचानक उसके सीने में दर्द हुआ। जब तक परिजन उसे इलाज को ले जाते उसकी सांस थम गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। बेटे की मौत से उसकी मां सोना देवी समेत भाइयों में कोहराम मचा है। ग्राम विकास अधिकारी के शव का अंतिम संस्कार सोमवार को शृंग्वेरपुर गंगा घाट पर किया गया। ब्लॉक से एडीओ सहकारिता यशवंत सिंह समेत कई साथियों ने अंतिम संस्कार में पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की।

## राज्यमंत्री ने ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति का किया औचक निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति चिलबिला का औचक निरीक्षण कर मण्डी की कार्यशाली तथा साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात् मण्डी में उपस्थित किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना, साथ ही किसान भाईयों की सभी जरूरी व्यवस्थाओं एवं अनाज की समुचित सुरक्षा के लिये टीन शेड एवं मण्डी परिषद में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। इस दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## धावक मोहम्मद मुकीम खान ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर किया नाम रौशन




लोकमित्र ब्यूरो

**मान्धाता प्रतापगढ़।** विकास खण्ड क्षेत्र के चमरूपुर पठान निवासी अधिवक्ता मोहम्मद मुकीम खान ने दो दिवसीय 33वीं स्व. रणंजय सिंह स्मृति मास्टर एथलेटिक्स चौंपियनशिप वारणसी में 4 व 5 जनवरी आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विगत वर्षो की भांति इस बार भी दो सौ मीटर 28 सेकेंड में चार सौ मीटर एक मिनट एवं आठ सौ मीटर दो मिनट चालिस सेकेंड में दौड पूरी करके तीनो में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने जिले का मान बढाया। लगातार कई वर्षो से मोहम्मद मुकीम ने अपना दबदबा कायम रखा है। इनकी जीत की खबर सुन कर विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, मान्धाता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि असफाक अहमद, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभय कुमार उर्फ बादल पटेल तथा गांव के तनवीर अहमद, फरजंद अली, कल्लन, अनीस बीडीसी, ताकिम बीडीसी, सन्नी बीडीसी, समई, मो सबील, कल्लू पाण्डेय, अधिवक्ता श्रवण सिंह,अधिवक्ता सुरेश चंद्र, अधिवक्ता रघुवीर उपाध्याय अफसार अहमद,मो इश्तियाक,प्रेस क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष पत्रकार पवन सिंह, पत्रकार अवनीश मिश्रा, धर्मेंद्र दुबे, अंजनी तिवारी, प्रभाकर राय, अम्बुज शर्मा, कुन्दन पटेल,सूरज सोनी,चन्दन सिंह, जन्मेजय सिंह,अतुल यादव, सुरेश महराज, आदि ने बधाई दी।

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी युवक की अमेठी जिले के गौरीगंज इलाके में दुर्घटना में मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। उदयपुर के मुबारकपुर गांव निवासी चालीस वर्षीय भूपेन्द्र कुमार मिश्र पुत्र श्याम सुन्दर मिश्र रविवार की रात करीब नौ बजे बाइक से जनपद सुल्तानपुर से घर लौट रहा था। अमेठी जिले के दरपीपुर गौरीगंज के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से सडक पर गिर गया। इसी बीच पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए गौरीगंज अस्पताल भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने भूपेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। उसके दस वर्षीया पुत्री शांभवी तथा सात वर्षीय पुत्र अथर्व है। युवक की मौत से पत्नी रश्मि समेत परिवार के लोगों का रो रो कर बुराहाल है।

## महिला ने दरोगा एवं पुलिस कर्मियों पर लगाया मारपीट एवं गाली गलौज का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**रखहा प्रतापगढ।** कंधई थाना क्षेत्र के सोनाही लक्ष्मणपुर गांव में बीते शनिवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे जांच में पहुंचे कंधई थाने के एक दरोगा एवं पुलिस कर्मियों पर गांव निवासिनी एक महिला ने सही जांच नहीं करने,बेटे एवं उसके साथ गाली गलौज तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है ।उक्त गांव निवासिनी रीता सिंह का कहना है कि उनके पड़ोसी संदीप सिंह सहित अन्य से उनका विवाद चल रहा हैघ् मामले में कंधई थाने के दरोगा राजेश कुमार,सिपाही हरीश सहित कुछ अन्य सिपाही पहुंचे और उसके बेटे तथा उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उनके द्वारा वीडियो रिकार्डिंग की बात की गई तो उसके पुत्र शुभम सिंह एवं उसे मारपीटा गया।जबकि दरोगा राजेश कुमार का कहना है कि जमीन के विवाद को लेकर गांव निवासिनी नमिता सिंह के प्रार्थना पत्र पर बीते शनिवार को जांच करने वह एवं सिपाही हरीश कुमार के साथ पहुंचे तो मां बेटे एवं तीन अज्ञात लोग सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने लगे थे। मना करने पर आरोप है कि मां बेटे हमलावर हो गएघ् पुलिस कर्मियों द्वारा जब वीडियो बनाया जाने लगा,तो आरोपितों ने दरोगा का मोबाइल छीनने का प्रयास किया। दरोगा के कहने पर जब सिपाही के द्वारा मौके का वीडियो बनाया जाने लगा तो उसका भी मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों से जमकर हाथापाई की गई थी, जिससे सिपाही हरीश का मोबाइल जमीन पर गिरकर टूट गया था। मामले में कंधई पुलिस ने दरोगा राजेश कुमार की तहरीर पर शुभम सिंह तथा उसकी मां रीता देवी तथा तीन अन्य अज्ञात के खिलाफ सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने,पुलिस पर हमला करने,जान से मारने की धमकी देने,तोड़फोड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। इधर महिला द्वारा पुलिस पर आरोप लगाया गया है।एसओ कंधई अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि लक्ष्मणपुर गांव में दो पक्षों के जमीन विवाद की जांच करने गए दरोगा एवं सिपाही के ऊपर हमलावर होने वाले आरोपितों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। महिला के प्रार्थना पत्र पर भी गहनता से जांच की जाएगी।

### लूट व धोखाधड़ी का वांछित धराया, भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** फर्जी एसओजी अधिकारी बनकर लूट और जबरन वसूली करने के मुकदमें में वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। दरोगा दीपक कुमार यादव ने फोर्स के साथ वाहन चेकिंग अभियान के दौरान फर्जी एसओजी बनकर लूट, जबरन वसूली करने व धोखाधड़ी में दर्ज मुकदमें के आरोपी खालसा सादात, पण्डित का पुरवा निवासी सिद्धार्थ शुक्ल पुत्र संतोष शुक्ल को महिमापुर तिराहा के पास से धर दबोचा। दरोगा नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## राजा भइया यूथ ब्रिगेड द्वारा आयोजित शिविर में 372 नेत्र रोगियो की जांच



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** राजा भइया के निर्देश पर पिछले 30 वर्षो से लगातार नेत्र शिविर का आयोजन होता है। प्रथम चरण में कुंडा, द्वितीय चरण बिहार, तीसरे चरण में बाबागंज शिविर का समापन हो चुका है। प्रत्येक वर्ष के क्रम में इस वर्ष भी राजा भइया के निर्देश पर चौथे चरण का राजा भइया यूथ ब्रिगेड के संयोजन में नेत्र शिविर सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसुवापुर में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर कैलाश नाथ ओझा ने किया। शिविर में डॉ. शिवेंद्र की टीम ने 372 नेत्र रोगियों की आंख का परीक्षण करके दवाएं दी। जांच के दौरान 95 महिला, 62 पुरुष रोगियों की आंख की रोशनी मोतियाबंद के कारण खराब मिली। उन्हें ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

मंगलवार को कुंडा सीएचसी में चिन्हित किए गए रोगियों की आंख का ऑपरेशन होगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष कुलदीप पटेल,पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, अन्नू सिंह टिकरिया,पवन सिंह,राजा भइया के प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बीएन सिंह, इंद्रदेव पटेल, प्रधान अर्जुन आनंद देव पांडेय , जिला महासचिव जनसत्ता दल पंकज यादव,डॉ. मनोज वर्मा, बबलू यादव, डॉ. संदीप, डॉ. सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### दंपती को पीटने में छह नामजद

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली के पलरा बरई गांव निवासी शीला देवी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि एक जनवरी की सुबह घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी मोहल्ले के कुछ लोग उसे गालियां देते हुए पीटने लगे। शोर सुनकर उसके पति चंद्रिका प्रसाद बचाने दौड़े तो उनको भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता शीला देवी की तहरीर पर पुलिस ने संदीप कुमार, श्रवण कुमार, संजीत कुमार, कैमा पत्नी दयाराम, संगीता पत्नी संदीप, सुकुन देवी पत्नी शिवदास के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### आर एस एस ने महाकुंभ में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**बिहार प्रतापगढ़।** स्वच्छ कुंभ,स्वस्थ कुम्भ हरित कुम्भ 2025 के आयोजन के संदर्भ में प्रयागराज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाये गए ष्एक थाली,एक थैलाष् महाअभियान में खंड से आपेक्षित सौ थाली एवं सौ थैला ,खंड के सभी उत्तरदायी कार्यकर्ताओ के सहयोग एवं हिन्दू समाज से संग्रहित किया। आज जिला बैठक में उपस्थित जिला संघ चालक देवेंद्र जी, विभाग धर्मजागरण प्रमुख विनोद जी, जिला प्रचारक सतीश जी ,जिला कार्यवाह अजेय जी भाई साहब को खंड कार्यवाह मुनीश मिश्र ने थाली एवम थैला देकर महाअभियान को गति प्रदान किया। इस दौरान सह खंड कार्यवाह बिहार रामसेवक जी,करुरेन्द्र जी,अनूप जी,अभय जी,कृष्ण गोपाल जी आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## पोल से टकराकर खेत में पलटी छात्रों की कार

**▸▸ पूर्व विधायक के भतीजे समेत चार परीक्षार्थी घायल**
**▸▸ गिरधरपुर गढ़ी गांव के समीप हुआ हादसा**

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गढ़ी गांव के समीप सोमवार की सुबह परीक्षा देने जा रहे छात्रों की कार विद्युत पोल से टकराने के बाद खेत में जाकर पलट गई। हादसे में सिराथू के पूर्व विधायक समेत चार परीक्षार्थी घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के बाद घर वापस भेज दिया गया है।सिराथू के पूर्व विधायक विधायक शीतला प्रसाद पटेल का भतीजा शुभम पटेल बीएससी (प्रथम) का छात्र है। उसकी परीक्षाएं चल रही हैं। शुभम सोमवार की सुबह अपने साथी उज्जवल केसरवानी निवासी सिराथू व दो अन्य साथियों के साथ परीक्षा देने के लिए अल्टो कार से जा रहा था। जैसे ही वह गिरधरपुर गढ़ी गांव के समीप पहुंचे। अचानक कार सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई है। इससे अनियंत्रित कार खेत में जाकर पलटी। हादसे में शुभम व उज्जवल को चोटें आई। खेतों में काम कर रहे लोगों ने कार से घायलों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया है।

## अशोभनीय टिप्पणी पर माफी मांगें पूर्व सांसद- आशीष



**कौशाम्बी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से जिले के कांग्रेसी खासे नाराज हैं। सोमवार को जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्र उर्फ पप्पू ने पूर्व भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी से सार्वजनिक तौर पर मांफी मांगने की मांग की।मंझनपुर में सोमवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्र उर्फपप्पू ने कहा कि पूर्व भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी सत्ता के नशे में चूर हो गए हैं। उन्होंने दिल्ली में सार्वजनिक मंच पर इस तरह का बयान देकर भाजपा के संस्कारों की हकीकत बता दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद के बयान से समूचे देश की बहन-बेटियां आहत हुई हैं। पूर्व सांसद को तत्काल काफी मांगनी चाहिए, अन्यथा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## कुनबे की पिटाई में सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के पूरे घासीराम (बसुहार) गांव की मोना देवी पुत्री राम आसरे ने बताया कि उसने करीब छह साल पहले गांव के ही ढोलू ने प्रेम विवाह कर लिया था। इसे लेकर ससुराल वाले रंजिश रखते हैं। पीड़िता की मानें तो 28 फरवरी की शाम भाई फाुहार, मनोज, सुरेश व नकुल गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर घर में घुसकर पति ढोलू की पिटाई की। बीच-बचाव करने पहुंची सास संगीता देवी, ससुर कल्लू व चचिया ससुर मिश्री लाल को भी पीटा। सरायअकिल इंस्पेक्टर सुनील सिंह का कहना है कि रिपोर्ट लिखकर घायलों का मेडिकल करा दिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नकदी, गहने लेकर युवती प्रेमी संग फरार

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय बेटी फतेहपुर जिले के खखरेरू थाना क्षेत्र के एक युवक से प्रेम करती थी। 29 दिसंबर को वह दो हजार रुपया नकद व करीब 20 हजार रुपया कीमत का गहना लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लगने पर पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक व युवती की तलाश शुरू कर दी।

## पत्थर उखाड़कर फेंका, मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के कोतारी पश्चिम निवासी मनबोधन पुत्र छेदीलाल ने बताया कि गांव में उसका खेत है। पैमाइश के बाद पिछले दिनों राजस्व टीम ने हदबंदी कर पत्थरगड़ी कर दी थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले विपक्षी आनंद व अरविंद यादव ने पत्थर उखाड़कर फेंक दिया है। आरोपियों ने खेत में बंधी मेड़ भी ट्रैक्टर से तोड़ दी है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पहलवान कप टूर्नामेंट का आयोजन नौ से

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के बम्हरौली ग्राम सभा स्थित सुक्खा बाबा मैदान में पहलवान कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन नौ जनवरी से होगा। मैच का फाइनल 12 जनवरी को होगा। विजेता टीम को 15 हजार नकद, ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 10 हजार नकद के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक टीमें अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। इसकी जानकारी आयोजक कमेटी अध्यक्ष रामकिशन पहलवान ने दी है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गल्ला व्यवसाई की दर्दनाक मौत



**अजुहा, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से गल्ला व्यवसाई की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई , हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं 12 निवासी वरुण सिंह पुत्र स्व राम सिंह 55 वर्ष गल्ला व्यापारी है साथ ही वरुण सिंह एलआईसी में एजेंट के रूप में कार्य करते थे , सोमवार की सुबह वरुण बाइक से अटसराय गांव एलआईसी की किस्त जमा करने जा रहा था जैसे ही वह अटसराय गांव के नजदीक पहुंचा तभी नेशनल हाईवे पर कानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया हादसे में बाइक सवार वरुण सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई , हादसा देख आसपास मौजूद लोगो की भीड़ जमा हो गई और हादसे की सूचना पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे ने लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज ट्रक चालक के विरुद्ध कार्यवाही में जुट गई है। इधर हादसे की खबर मृतक के घरवालों को मिली तो कोहराम मच गया।

## माघ मेला की सुरक्षा के मद्देनजर भरवारी में स्थापित हुई अस्थाई जीआरपी चौकी

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ में ट्रेनों से चलने वाले यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर भरवारी रेलवे स्टेशन जीआरपी की अस्थायी पुलिस चौकी बनाई गई है। यह चौकी फिलहाल दो महीने तक संचालित की जाएगी। अस्थाई चौकी के जीआरपी कर्मी रेलवे स्टेशन की जगह हुबलाल संस्कृत महाविद्यालय में रहेंगे और रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी देंगे स अस्थाई जीआरपी चौकी में एक एसआई और 11 सिपाहियों को तैनात किया गया है।

# शुद्धि क्रिया के दौरान गंगा नदी में एक परिवार के चार लोग डूबे

## ▸▸ एक की मौत, दो की तलाश जारी, एक को गोताखोरों ने सकुशल बचाया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के बाजार घाट पर पिता के दसवां कर्मकांड के लिए गंगा घाट पर गए दो सगे भाई व उनके पुत्र गंगा नदी के गहरे जल में समा गए।इस हादसे में एक पिता-पुत्र को गंगा नदी से बाहर निकाल लिया गया जिसमें पिता की मौत हो गयी और पुत्र सकुशल है वहीं गंगा नदी में समाए दूसरे पिता-पुत्र की खोजबीन का कार्य लगातार जारी है।हादसे के बाद पूरा परिवार गमगीन है।सूचना पर मौके पर पहुंचे आलाधिकारियो ने गंगा नदी में समाए पिता- पुत्र को ढूंढने के लिए एनडीआरएफ टीम को प्रयागराज से बुलाया है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के दारानगर निवासी जय जनार्दन मिश्रा रिटायर्ड फौजी थे और इन दिनों प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के मधुबन विहार प्रीतम नगर में अपने परिवार के साथ रहते थे।रविवार को वह अपने पिता स्व मनमोहन मिश्रा के दसवां कर्मकांड में सम्मलित होने के लिए अपने पुत्र ऋषभ मिश्रा के साथ अपने पैतृक घर दारानगर आए थे।सोमवार को कड़ा के बाजार घाट पर पिंडदान व कर्मकांड के पश्चात ऋषभ 16 वर्ष गंगा नदी में स्नान के लिए गया तभी उसका पैर फिसल गया और वह गंगा नदी में डूबने लगा।पुत्र को डूबता हुए देखा तो पिता जय जनार्दन 50 वर्ष बचाने के लिए गंगा नदी में कूद पड़े।घटना के बाद घाट पर मौजूद परिजनों में अफरा तफरी मच गई।पुत्र को बचाने गए जयजनार्दन भी डूबने लगे तो घाट पर मौजूद उनके बड़े भाई जयकृष्ण मिश्रा 55 वर्ष ने भी अपने भाई व भतीजे को बचाने के लिए गंगा नदी में छलांग लगा दी।जल स्तर ज्यादा होने के कारण एक दूसरे को बचाने गए लोग गंगा नदी के वेग को झेल न सके और सभी डूबने लगे।अपने चचेरे भाई, चाचा व पिता को डूबता देख घाट पर मौजूद शिखर मिश्रा 25 बर्ष भी बचाव के लिए गंगा नदी में कूद गया और खुद भी डूबने लगा। स्थानीय गोताखोरों ने जयकृष्ण और उनके पुत्र शिखर को गंगा नदी से बाहर निकाल लिया।परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान जयकृष्ण को मृत घोषित कर दिया वहीं शिखर की हालत सामान्य बतायी जा रही है।घटना के कई घण्टे बीत जाने के बाद भी जयजनार्दन व उनके पुत्र ऋषभ का कोई पता नही चल सका है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह, उपजिलाधिकारी सिराथू अजेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा, नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया और पिता-पुत्र की खोजबीन के लिए एनडीआरफ की टीम से मदद मांगी है।

### ● क्या कहते है क्षेत्राधिकारी सिराथू

इस विषय में सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि कडाधाम थाना क्षेत्र के बजार घाट में शुद्धि क्रिया के दौरान गंगा स्नान कर रहे एक ही परिवार के 04 लोग एक दूसरे को बचाने के प्रयास में नदी में डूव गए थे। सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा दो व्यक्तियों को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिनमें से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी, शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु मार्चरी भेजा गया है। नदी में डूवे अन्य 02 व्यक्तियों की तलाश जारी है।

### ● मृतक परिजनों से मिलकर जिलाध्यक्ष भाजपा ने दी सांत्वाना

आज विधानसभा सिराथू के कड़ाधाम में पिता के शुद्ध कार्यक्रम के दौरान जय कृष्ण मिश्रा पुत्र मनमोहन मिश्रा मृतक व दो अन्य पारिवारिक लोग जय जनार्दन मिश्रा पुत्र मनमोहन मिश्रा, ऋषभ दीप मिश्रा पुत्र जनार्दन मिश्रा जो अभी तक लापता है व शिखर मिश्रा पुत्र जय श्री कृष्ण मिश्रा को नाविकों ने बचा लिया। इसी मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने परिवार वालों से मिलकर सांत्वाना दी तथा जिलाधिकारी से बात करके हर संभव मदद करने को कहा।

### ● निर्दयी न बनो

### 'पालनहार मां' बच्चों पर कृपा करो, -घाट पर मौजूद बुजुर्ग मांग रहे मनौती

मनमोहन मिश्र के परिवार को आखिर किसकी नजर लगी है। आखिर इस परिवार की क्या खता है। मनमोहन का दसवीं संस्कार करने आए बच्चों पर ऐसी विपदा क्यों आन पड़ी है। यही सवाल घाट पर मौजूद हर शख्स एक दूसरे से कर रहा है। बुजुर्ग महिलाएं व पुरुष आंख मूंदे बस यही कामना कर रहे हैं कि हे मां गंगा...हे मां शीतला तुम तो पालनहार हो, फिर क्यों निर्दयी बनी हो, इस परिवार के बच्चों पर कृपा करो। गंगा में डूबे पिता-पुत्र को अपनी गोद से सुरक्षित बाहर निकालो।

बाजार घाट में हुए हादसे की खबर जिसने सुनी वह बौखला गया। तमाम लोग ऐसे थे, जिन्हें दसवीं संस्कार कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन ठंड की वजह से वह घर से नहीं निकल सके थे। हादसे की खबर मिली तो वह बौरा गए। बदहवास हालत में घाट पर पहुंचे। वहां का नजारा देखा तो सुधबुध खो बैठे। जो बुजुर्ग ठंड की वजह से घरों में अलाव के पास सिमटकर बैठे थे, वह भी घाट की ओर भागे। बुजुर्ग महिलाएं भी खुद को नहीं रोक सकीं। गंगा किनारे कोहराम मचा हुआ है। रोने-चीखने की आवाजों से लोगों का कलेजा चाक हो रहा है। महिलाओं के रुदन से वहां मौजूद लोगों का दिल बैठ रहा है। गंगा किनारे मौजूद बुजुर्ग व वृद्ध महिलाएं यहीं कह रही हैं कि इन बेकसूरों पर क्यों निर्दयी बनी हैं मां। सबको पालने वाली मां शीतला देवी से वह कह रही हैं कि वह कृपा बरसाएं। वह तो शीतलता का प्रतीक हैं, ऐसा क्यों हो रहा है। इस परिवार पर आई इस विपत्ति को वह हरने की मनौती मान रही हैं। पिता-पुत्र को सुरक्षित निकालने की मनौती मानते हुए कोई कह रहा है कि वह भंडारा करेगा तो कोई कह रहा है कि वह निशान चढ़ाएगा।

### ● शिखर के लिए भगवान बन गया नील कमल

गंगा स्नान के दौरान जब ऋषभ डूबने लगा तो उसको बचाने के चक्कर में पिता जय जर्नादन, उसके बड़े पिता जय कृष्ण और बड़े पिता का लड़का शिखर दीप मिश्र भी डूबने लगे थे। इससे घाट में मौजूद लोग हड़बड़ा गए थे। इसी बीच सूझबूझ से नील कमल मिश्र ने काम लिया। लोगों ने जो शाल व गमछा ओढ़ रखा था, उसको बांधकर गंगा नदी में फेंका। शिखर ही शाल को पकड़ पाया था, जिसे बाहर खींच लिया गया था, बाकी लोग शाल नहीं पकड़ पाए थे। नील कमल मिश्र अफसोस जताते हुए कह रहे हैं कि उसने प्रयास पूरा किया था, लेकिन सभी को बाहर नहीं निकाल पाया।

### ● कोखराज थाना पुलिस को भी किया गया अलर्ट

गंगा में समाए ऋषभ व उसके पिता जय जर्नादन मिश्र की गंगा नदी में खोजबीन जारी है। स्थानीय नाविकों की टोली के अलावा एसडीआरएफ की टीम भी सक्रिय है। हादसे की जानकारी होने पर एएसपी राजेश कुमार सिंह सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद लोगों से बातचीत करने के बाद पुलिस की गोताखोर टीम से बातचीत की। इसके बाद एक टीम को और बढ़ाया गया। साथ ही कोखराज थाना पुलिस को निर्देश दिया कि वह अपने क्षेत्र के नाविकों से संपर्क कर उन्हें भी खोजबीन में लगाए।

### ● हादसे की जानकारी लेते रहे अफसर

कौशाम्बी। गंगा किनारे हुए हादसे की जानकारी होते ही डीएम मधुसूदन हुल्गी व एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने अफसरों को सतर्क करते हुए बचाव कार्य के लिए सक्रिय कर दिया था। इसके बाद एएसपी व सीओ वहां पहुंचे। बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। हादसे की देर शाम तक दोनों अधिकारी जानकारी लेते रहे। एसडीएम सिराथू अर्जेंद्र सिंह भी राजस्व कर्मियों के साथ घाट पर काफी देर तक मौजूद रहे।

### ● महाकुंभ के लिए गंगा नदी में छोड़ा गया है पानी

कौशाम्बी। महाकुंभ के लिए गंगा नदी में लगातार गंगा बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है। इससे गंगा नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। बढ़े हुए पानी को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति रहती है। कहां पानी गहरा है, और कहां नहीं है, इसका आसानी से अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। लोगों का कहना है कि बढ़े हुए पानी की वजह से हादसा हुआ। यदि गंगा नदी सामान्य रूप में होती तो यह हादसा शायद न होता।

बाजार घाट में सुरक्षा के नहीं हैं कोई इंतजाम

### ● क्रियाकर्म के लिए इस घाट पर लोगों की होती है भीड़

कड़ा के प्रमुख घाटों में शामिल है बाजार घाट। इसके इस घाट पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं, जबकि अंतिम संस्कार व अन्य क्रिया कर्म के लिए यहां प्रतिदिन लोगों की भीड़ जुटती है। लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा के इंतजाम होते तो यह हादसा न होता।

कड़ा धाम क्षेत्र में गंग किनारे कई घाट हैं। इनमें प्रमुख घाट में कुबरी घाट, हनुमान घाट, बाजार घाट व कालेश्वर घाट शामिल हैं। कुबरी घाट को छोड़कर कहीं भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। कुबरी घाट को पक्का घाट बनाया गया है। यहां बैरीकेडिंग भी रहती है। इस घाट के अलावा अन्य किसी घाट की कभी भी बैरीकेडिंग नहीं होती है। महाकुंभ के लिए गंगा नदी में पानी छोड़ा गया है। इसके बावजूद यहां बैरीकेडिंग नहीं कराई गई थी। यही कारण था कि जब गंगा स्नान के लिए ऋषभ उतरा तो उसको अंदाजा ही नहीं था कि वह गहरे पानी में चला जाएगा। हादसे के बाद लोग इस मामले में स्थानीय प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

### ● एक साल पहले इस घाट पर हो चुका है हादसा

बाजार घाट में एक साल पहले सावन के महीने में हादसा हुआ था। इस्माइलपुर निवासी मोहम्मद (17) पुत्र दानिश अपने तीन अन्य साथियों के साथ गंगा नदी में डूब गया था। वहां मौजूद लोगों ने उसके तीनों साथियों को तो बचा लिया था, लेकिन मोहम्मद को नहीं बचा सके थे। घंटों बाद मोहम्मद की लाश मिली थी।

### ● पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जय कृष्ण का शव

बाजार घाट में गंगा नदी किनारे हुए हादसे में जय कृष्ण की मौत हो गई है। जय कृष्ण को नाविकों ने बाहर निकाल लिया था, लेकिन हालत खराब थी। सीएचसी इस्माइलपुर में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने जय कृष्ण को बचाने की भरपूर कोशिश की। सीने को पंप किया गया, पानी निकालने के लिए हर जतन किया गया, लेकिन डॉक्टर बचा नहीं सके। जय कृष्ण स्कूल प्रबंधक थे। उनकी मौत से परिजनों में रोना-पीटना मचा हुआ है। पुलिस ने जय कृष्ण के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ● शिखर को अस्पताल से भेजा गया घर

शिखर के पिता जय कृष्ण की मौत हो चुकी है। शिखर की भी हालत खराब थी, लेकिन उसे डॉक्टरों ने बचा लिया है। करीब एक घंटे तक उसका इलाज चला। इसके बाद चिकित्सकों ने उसको घर भेज दिया। घर में मौजूद शिखर अपने पिता व चाचा जय जर्नादन मिश्र व चचेरे भाई ऋषभ को याद करके जारोकतार रोए जा रहा है। लोग उसे शांत कराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन गमों का ऐसा पहाड़ टूटा है कि वह चुप ही नहीं हो रहा है।

## घाट पर मौजूद हजारों की भीड़ के नहीं थम रहे आंसू

**कौशाम्बी।** बाजार घाट पर सोमवार को हुए हादसे ने सबको झकझोर दिया है। हर कोई स्तब्ध है। लोग निःशब्द हैं। रिटायर्ड फौजी जय जर्नादन इकलौते बेटे ऋषभ के साथ गंगा नदी में समाया हुआ है। जय जर्नादन की पत्नी आद्या मिश्रा व उसकी तीनों बेटियां छाती पीट-पीट कर रो रही हैं। आंखें पथरा चुकी है। शून्य में निहार रहीं आद्या मिश्रा अपने पति व इकलौते बेटे को गंगा एकटक खोज रही हैं तो वहीं बेटियां अपने पिता व भाई को तलाश रही हैं। पिता-पुत्र को खोजने के लिए एनडीआरएफ टीम आई तो उनके सुरक्षित होने की संभावनाएं जिंदा हो गई। इसी उम्मीद पर घाट किनारे मौजूद हजारों लोग आंसुओं की धारा के बीच अपने दोनों हाथ उठाए मां जान्हवी से पिता-पुत्र को सुरक्षित निकालने की मांग कर रहे है। वहां मौजूद हर आंख रो रही है... कोई फरियाद कर रहा है तो कोई अरदास लगा रहा है। दुआओं में भी असर भरपूर डालने की कोशिश हो रही है। प्रशिक्षित नाविक व एनडीआरएफ टीम पूरे जीजान से पिता-पुत्र को खोजने में लगी है। जय जर्नादन मिश्र रिटायर्ड फौजी हैं। फौज से रिटायर्ड होने के बाद वह बम्हरौली एयरफोर्स में सिक्योरिटी की नौकरी कर रहे थे।

पिता मनमोहन का निधन होने पर वह परिवार समेत दारानगर आए थे। वह मूल रूप से थुलगुला गांव के रहने वाले हैं, लेकिन एक लंबे समय से परिवार दारानगर में रह रहा था। सोमवार को पिता का दसवीं संस्कार होना था। जय जर्नादन मिश्र व उनके बडे भाई जय कृष्ण परिवार के साथ बाजार घाट गए थे। गंगा स्नान के दौरान हादसा हुआ। रिटायर्ड फौजी का बेटा ऋषभ मिश्र पहले गंगा नदी में स्नान के लिए गया। गहरे पानी में वह डूबने लगा तो उसके बचाने के चक्कर में पिता जय जर्नादन मिश्र, जयकृष्ण व उनका बेटा शिखर दीप मिश्र गंगा नदी में कूद गए। सभी लोग डूबने लगे थे। शिखर दीप मिश्र व जय कृष्ण को बाहर निकाला गया, लेकिन जय कृष्ण की सांसें अस्पताल में थम गई। जय जर्नादन मिश्र व उनका इकलौता बेटा ऋषभ गंगा में समाए हुए हैं। इनकी खोज के लिए एनडीआरएफ की टीम घंटों से मशक्कत कर रही हैं, फिलहाल कामयाबी नहीं मिली है। जय जर्नादन मिश्र की पत्नी आद्या व उनकी तीनों बेटियां विभा, अंशिका और मानसी का रो-रोकर बुरा हाल है। इनका रुदन सुनकर लोगों का कलेजा कांप जा रहा है।

# वायरल इंफेक्शन व डायरिया की जद में आ रहे नौनिहाल

**▸▸ सोमवार को सौ में सत्तर बच्चे मिले वायरल इंफेक्शन के शिकार**
**▸▸ 30 बच्चे डायरिया से पाये गए पीड़ित, ओपीडी में हुआ इलाज**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** कड़ाके की ठंड व कोहरा के बीच छोटे-छोटे बच्चों की अनदेखी करना उनके परिजनों पर भारी पड़ रहा है। सोमवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय में लगभग सौ बीमार बच्चों का इलाज कराने उनके परिजन आये। इनमें 70 फीसदी वायरल इंफेक्शन से तो 30 फीसदी डायरिया से पीड़ि रहे। सभी बच्चों को संयुक्त जिला चिकित्सालय के चिकित्सक ने इलाज करते हुए रखरखाव की सलाह भी दिया।

कड़ाके की ठंड व कोहरे के प्रभाव ने जहां जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है वहीं छोटे-छोटे बच्चे बीमारी की जद में आने लगे हैं।

सोमवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय खुला तो वहां पर बीमार बच्चों के लेकर आये परिजनों की अच्छी-खासी लाइन लग गई। सोमवार को जिला अस्पताल आये लगभग सौ बच्चों में सबसे अधिक वायरल इंफेक्शन के पीड़ित रहे। बाल रोग चिकित्सक डॉ. विश्व प्रकाश की माने तो उन्होंने ओपीडी में वायरल इंफेक्शन के शिकार लगभग 70 बच्चों का इलाज किया। इसके अलावा 30 बच्चे डायरिया से पीड़ित पाये गए। सभी बच्चों का इलाज करने के साथ-साथ उन्होंने साथ आये परिजनों को ठंड से बचाव करने व घर में देख भाल करने की उचित सलाह भी दिया। यूं कहें कि खराब मौसम में बच्चों के देखभाल में अनदेखी हुई तो उनका बीमार होना तय है।

### ▸▸ बच्चों को कैसे करें देखभाल

कौशाम्बी। कड़ाके की ठंड व खराब मौसम के बीच बच्चों पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की विशेष देखभाल करने की जरूरत है। जानकारी देते हुए बाल रोग विशेष डॉ. विकेश कुमार ने बताया कि घरों में सुबह-शाम बच्चों को ठंड से बचाव के लिए टोपी, मोजे पहनाने के साथ-साथ पूरा बदन गर्म कपड़ों से ढक कर रखें। इसके अलावा उन्हे खाने में दाल गुनगुना पानी पिलायें और हरी सब्जियों से बने सूप का सेवन करायें। खाने के लिए जो भी सामग्री बच्चों को दें वह गुनगुनी होनी चाहिए। इसके अलावा सोने वाले कमरों का तापमान भी औसतन ठीक रखने की जरूरत है।

**डॉ. विकेश कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ**

ठंड अधिक पड़ने की वजह से संयुक्त जिला चिकित्सालय में छोटे-छोटे बीमार बच्चों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सबसे अधिक मरीज वायरल इंफेक्शन व कोल्ड डायरिया के आ रहे हैं।

चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि इलाज के साथ-साथ वह बच्चों के रखरखाव के प्रति भी उनके तीमारदारों को जागरूक करें।

## दरोगा बनकर सैलून संचालक से 13 हजार ठगे

**▸▸ करारी के नया पुरवा गांव का युवक हुआ ठगी का शिकार**
**▸▸ पीड़ित की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, (कौशाम्बी)।** करारी थाना क्षेत्र के नया पुरवा गांव निवासी सैलून संचालक से दरोगा बनकर साइबर शातिर ने साढ़े तेरह हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नया पुरवा गांव निवासी हैदर अली सैलून संचालक है। उसने बताया कि रविवार को उसके मोबाइल पर दरोगा की फोटो लगी व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने अपने आपको करारी थाना का दरोगा बताया और कहा कि तुम्हारे खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत हुई है। इससे बचने के लिए बताए गए नम्बर पर रुपया भेजना होगा। नहीं तो मुकदमा लिख जाएगा और सात साल की जेल व पांच लाख रुपए जुर्माना लगेगा।

शातिर की बातों में आकर बताए गए फोन-पे नम्बर पर पीड़ित ने साढ़े आठ हजार रुपए भेज दिए। थोड़ी देर बाद फिर फोन आया और दस हजार रुपए की मांग की गई। युवक ने फिर पांच हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

बार-बार जालसाज द्वारा फोन कर रुपए मांगने पर युवक को ठगे जाने का एहसास हुआ। इस संबंध में करारी इंस्पेक्टर विनीत सिंह का कहना है कि शिकायत मिली है। जांच कराई जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नकदी व जेवरात लेकर युवती प्रेमी संग फरार, मुकदमा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती एक हफ्ते पहले घर से नकदी व जेवरात लेकर प्रेमी संग फरार हो गई , युवती के पिता ने खोजबीन के बाद पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक पर केस दर्ज कराया ह ।सैनी कोतवाली क्षेत्र के मानिकपुर रज्जूपुर निवासी महेश कुमार ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के तेंदुवा निवासी गुड्डू पुत्र ननका 29 दिसंबर को उसकी 18 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था , इस दौरान उसकी पुत्री घर में रखे दो हजार की नकदी , पायल , छागल , दो माला , तीन जोड़ी चौन पट्टी अपने साथ ले गई है । युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## अवैध निर्माण का वीडियो बनाने पर युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के एदिलपुर गांव में सोमवार को अवैध निर्माण का वीडियो बनाने पर युवक को दबंगों ने बेरहमी से मारापीटा। विरोध करने उसकी मामी पहुंची तो उसको घर में घुसकर पीटा गया। इस दौरान घर में तोड़फोड़ करने के साथ ही महिला के जेवर भी छीन लिए गए। महिला ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी है।एदिलपुर गांव की पारसकली पत्नी विजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके घर के बगल में सरकारी बंजर भूमि है। इस भूमि पर गांव के ही दबंगों की निगाह गड़ी है। सोमवार को वह भूमि पर कब्जा कर रहे थे। इसका वीडियो उसका भांजा शिवजीत बना रहा था। इससे नाराज दबंगों ने उसको पकड़कर बेरहमी से पीटा। जानकारी होने पर वह मौके पर पहुंची और विरोध किया तो उसको लाठी-डंडा लेकर दौड़ा लिया। घर के अंदर घुसकर दबंगों ने पारसकली को मारापीटा। इस दौरान उसके जेवर छीन लिए गए, साथ ही घर में तोड़फोड़ की गई। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने जांच के बाद पीड़िता को कोतवाली भेजा। पीड़िता ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी है।


## बच्चों के विवाद में महिला को पीटा

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के पंडीरी गांव की सकीना ने बताया कि रविवार की शाम उसके बेटे का गांव के एक बच्चे से खेल खेल में विवाद हो गया। इसी बात को लेकर गांव के महताब, असताब, इस्तियाक, अल्ताब उसे गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर चारों ने मिलकर डंडे से पिटाई की। चीख-पुकार पर जुटे लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दिया।

## सम्पादकीय

# भारत के सामने नई कूटनीति चुनौती

बांग्लादेश के अनुरोध से भारत को संवेदनशीलता और उच्च कूटनीतिक कौशल से निपटना होगा। भारत सरकार शेख हसीना को अपनी जुबान बंद करने पर राजी करे, तो यह काम आसान हो सकता है। उनके बयानों से बांग्लादेश में माहौल ज्यादा भड़का है।अभी तक बांग्लादेश से भारत के लिए आई चुनौतियां वहां साढ़े चार महीने पहले बने माहौल से संबंधित थीं। मगर अब इसने ठोस कूटनीतिक रूप ले लिया है। भारत सरकार के सामने यह नई कूटनीति चुनौती है। इसका रूप बहुआयामी है। बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद पर मानवता के खिलाफ अपराधों के मुकदमे के सिलसिले में वारंट जारी किया। उसका अनुपालन करते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत को कूटनीतिक पत्र भेज कर शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की है। चूंकि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से मौजूद है, इसलिए भारत सरकार के लिए इस अनुरोध पत्र को ठुकराना आसान फैसला नहीं होगा।हालांकि उस संधि में राजनीतिक प्रकार के मामलों में अनुरोध ठुकराने का प्रावधान है और बेशक शेख हसीना का मामला सियासी है, परंतु वैसे कदम का बांग्लादेश से संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पहले ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों को अधिक महत्त्व दे रही है। पिछले हफ्ते काहिरा में डी-8 ग्रुप की बैठक के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मिले। इसमें खास बात यह रही कि शरीफ ने बांग्लादेश से रणनीतिक संबंध बनाने का इरादा जाहिर किया, वहीं युनूस ने बांग्लादेश की पुरानी मांग छोड़ दी कि ऐसा होने के पहले बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय किए अत्याचार और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए पाकिस्तान माफी मांगे।परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर दोनों देश पहले ही राजी हो चुके हैं। बांग्लादेश का इस तरह पाकिस्तान से जुड़ना कतई भारत के हित में नहीं है। इससे 1971 के पहले जैसी स्थितियां बन जाएंगी। इसलिए बांग्लादेश के नए अनुरोध से भारत को संवेदनशीलता और उच्च कूटनीतिक कौशल से निपटना होगा। भारत सरकार अगर शेख हसीना को अपनी जुबान बंद करने पर राजी करे, तो यह काम आसान हो सकता है। उनके बयानों से बांग्लादेश में माहौल ज्यादा भड़का है। कोशिश वहां की जन भावनाओं का ख्याल करने की होनी चाहिए। वरना, पूरबी सरहद की तरफ भी पाकिस्तान से जुड़ी चुनौती ठोस रूप ले सकती है।




# आदमी अब घर से बाहर क्या खाएं



**अशोक मधुप**

हाल में खबर आई है कि आगरा में 18 प्रसिद्ध और बड़ी कंपनियों के नाम से नकली घी तैयार हो रहा था। तैयार घी की पूरे यूपी समेत कई प्रदेशों में सप्लाई होती थी।इस घी से बाजार में फास्ट फूड तैयार होते हैं।पहले भी समय ङ्कसमय पर नकली घी पकड़ा जाता रहा है। बाजार में पनीर, दूध, मावा और अन्य खाद्य पदार्थ के नकली होने की शिकायतें मिलती रहती हैं।आटा,दाल और अन्य खाद्य सामन भी घटिया क्वालिटी का पकड़ा जाता रहा है।पिछले कुछ समय से खाने या पानी में थूकने, पेशाब करने , खाने के बर्तन को नाली के पानी में धोने की शिकायते रहीं हैं। ऐसे में प्रश्न पैदा होता है कि आदमी घर से बाहर अब क्या खाएं? सफर में पेट भरने के लिए आदमी क्या करे? क्या हमें पुरानी स्थिति पर जाना होगा, जब आदमी घर से ही खाना लेकर चलता था। घर का खाना खत्म होने पर फल खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का नही खाता था। या अब उसे घर से बड़ी कंपनियों के रेटीमेड फूट पैकेट लेकर चलने होंगे?आगरा के ताजगंज के मारुति सिटी रोड पर नवविकसित कॉलोनी के प्लॉट में नकली देसी घी तैयार करके पूरे प्रदेश में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस और एसओजी की टीम ने छापा मारकर अमूल, मधुसूदन, पतंजलि सहित 18 मशहूर ब्रांडों के नाम की पैकिंग में नकली देसी घी जब्त किया है। इसमें रिफाइंड व अन्य कैमिकल की मिलावट की जा रही थी। फैक्टरी के मैनेजर सहित पांच लोग गिरफ्तार किए हैं।डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि मारुति सिटी रोड पर मारुति प्रभासम कॉलोनी में राजेश अग्रवाल नामक व्यक्ति के प्लॉट में टिन शेड डालकर फैक्टरी संचालित की जा रही थी। प्लॉट किराए पर ले रखा था। पूछताछ में बताया गया कि ग्वालियर निवासी बृजेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, नीरज अग्रवाल का प्योर इट के नाम से देसी घी का ब्रांड है। उन्होंने करीब छह माह पूर्व फैक्टरी खोली थी। कॉलोनी के राजेश भारद्वाज को मैनेजर बनाया था। बाजार से जिस ब्रांड की डिमांड मिलती थी, उसी ब्रांड के स्टिकर लगाकर टिन और डिब्बों में पैक कर दिया जाता था।प्रेस को यह भी बताया गया कि फैक्टरी में भारी मात्रा में बना हुआ घी, कच्चा माल, कई कंपनियों के स्टीकर, प्रयोग की जाने वालीं मशीन, पैकिंग मशीन आदि बरामद की गई हैं। बरामद माल की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। पुलिस फैक्टरी के संचालक और कर्मचारियों के विरुद्ध अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर रही है। एफएसडीए की टीम को भी कार्रवाई के लिए बुलाया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस ने बताया कि छापे से कुछ देर पहले ही नकली देसी घी के 50 टिन की खेप मेरठ भेजी गई थी। इस माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि नकली देसी घी प्रदेश के अलावा आसपास के राज्यों में सप्लाई



किया जा रहा था।पॉम आयल, रिफाइंड, वनस्पति और एसेंस से तैयार हो रहा था।सुगंध असली घी जैसी और दाने भी रवेदार, एकबारगी तो पुलिस टीम को भी असली घी का भ्रम हुआ। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि वह खुद मौके पर पहुंचे। सबसे पहला सवाल यह किया कि घी कैसे बनाते थे। आरोपियों ने बताया कि देसी घी की लोगों को पहचान नहीं है। कोई खुशबू देखता है तो कोई दाने। वो लोग पॉम ऑयल, रिफाइंड, वनस्पति घी, कैमिकल को मिलाकर देसी घी तैयार किया करते थे। उसमें एसेंस मिलाते थे। ताकि खुशबू आए। मौके से एक्सपाइरी डेट का रिफाइंड भी मिला। पुलिस ने आरोपियों से पूछा कि इसको क्यों खरीदा। मजदूरों ने बताया कि एक्सपाइरी डेट का माल सस्ता मिलता है। जब वे देसी घी बनाते थे तो इस रिफाइंड का भी प्रयोग करते थे।आगरा पुलिस के अनुसार बिल्टियों की जांच में पता चला कि नकली देसी घी को राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, असम व बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा शहरों के फास्ट फूड बाजारों में सीधे बेचा जाता था। इसी घी से डोसा, भल्ले, समोसे और आमलेट तक बनाया जाता था। खाद्य और औषधि विभाग ग्वालियर के अनुसार रामनाथ अग्रवाल व उनके परिवार के लोग पहले नकली घी के कारोबार में लिप्त थे और रासुका भी लगी थी।2010 के बाद से इन्होंने ग्वालियर छोड़ दिया था।

इससे पहले 24 नवंबर 2023 को दिल्ली पुलिस ने द्वारका में एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, जहां मिलावटी घी बनाया जाता था और उसे पतंजलि, मदर डेयरी और अमूल जैसे ब्रांड का स्टिकर लगे हुए कंटेनर में भरकर बेचा जाता था। बाबा रामदेव की नामी-गिरामी कंपनी पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग के द्वारा साल 2021 में दीपावली के पर्व पर टिहरी जनपद के घनसाली में एक दुकान से सैंपल भरा गया था। इसके बाद सैंपल को राज्य की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया तो, सैंपल फेल पाया गया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा कंपनी को नोटिस जारी किया तो, कंपनी ने राज्य की लैबोरेट्री को रिपोर्ट को गलत साबित किया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा केंद्रीय प्रयोगशाला में सैंपल भेजा गया तो केंद्रीय प्रयोगशाला में भी बाबा रामदेव की पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल फेल पाया गया।आज लोगों का घर से निकलना, घूमना, यात्र करना, विभागीय कार्य से बाहर जाना आम बात है।इन लोगों को ऐसे में घर से बाहर ढ़ाबों, होटल और फाष्ट फूड सैंटर से ही पेट भरना होता है। बाजार में नकली दूध पनीर की पहले ही शिकायत रही हैं।अन्य खाद्य पदार्थ की भी शुद्धताकी कोई गारंटी नही। बिजनौर जनपद के चांदपुर क्षेत्र में पिछले साल नवरात्रि के अवसर पर बाजार में बिक रहे घटिया क्वालिटी का कोटू का आटा का खाकर काफी व्यक्ति पहले ही बीमार पड़ चुकें हैं। पिछले एक डेढ़ वर्ष से शिकायत मिल रही हैं कि कुछ लोग खाने में थूक रहे हैं। फलों पर पेशाब डालकर छिड़क रहे हैं।ब्रेड में थूका जा रहा है। खाने की सामग्री अपवित्र कर बेची जा रही है।मानव की फितरत रही है कम पैसा लगाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाना। उसे इससे कोई मतलब नही कि उसके द्वारा उत्पादित खाद्य सामग्री खाने से खाने वाले पर क्या असर पड़ेगा। नकली सामान तैयार करने वालों को इससे कोई लेना ल देना नही कि उनके द्वारा तैयार नकली और निम्न क्वालिटी के सामान के प्रयोग करने वाला बीमार होगा या नही ।क्या असर होगा। वह मरेगा या जिएगा।इसे मिलावट को रोकने के लिए सरकार का आगे आना होगा। मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी और आजीवन कारावास जैसी सजा, संपत्ति की जब्ती जैसी कार्रवाई अमल में लानी होगी।भोजन को अशुद्ध करने के मामले में धर्म गुरूओं को आगे आकर जनचेतना पैदा करनी होगी। यदि ऐसा न हुआ तो हो सकता है, कि आने वाले समय में आदमी आज से 100 साल पीछे की हालत में चला जाए।यह घर से खाना और सफर में तैयार किए जाने वाले खाने का सामान लेकर चलता । इस सामान के खत्म होने पर यह विवशता में फल आदि खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का कुछ नही खाता था। यह भी हो सकता है कि आने वाले समय में सफर पर जाने वाला अपने साथ बड़ी कंपनी की तैयार खाद्य सामग्री लेकर चले और सफर में उसी से उदर पूर्ति करे। ( **लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## सरोकार

# क्या कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का इस्तीफा भारत के हित में होगा

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जल्द ही प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने इसे लेकर ऐलान कर दिया है।द ग्लोब एंड मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, नेशनल कॉकस की बुधवार को होने जा रही बैठक से पहले ट्रूडो लिबरल पार्टी के नेता के तौर पर इस्तीफा सौंप देंगे। पार्टी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि नेशनल कॉकस की बैठक में ट्रूडो को विद्रोह का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में ट्रूडो को लगा कि उन्हें कॉकस की बैठक से पहले इस्तीफे को लेकर बयान जारी करना चाहिए ताकि यह नहीं लगे कि उन्हें उनकी ही पार्टी के सांसदों ने बाहर कर दिया। सूत्रों का कहना है कि लिबरल पार्टी के कॉकस की बैठक में ट्रूडो को पार्टी नेता के पद से हटाया जा सकता था। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह (ट्रूडो) तत्काल ही पद से इस्तीफा देंगे या फिर नए नेता के चुनाव तक इस पद पर रहेंगे। सूत्रों ने बताया कि ट्रूडो ने वित्त मंत्री डॉमिनिक लीब्लैंक से चर्चा की थी क्या उन्हें पद पर बने रहना चाहिए या नहीं।बता दें कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से उन पर दबाव भी बहुत बढ़ गया था। ट्रंप उन पर लगातार निशाना साध रहे थे। एलॉन मस्क ने भी ट्रंप की जीत के तुरंत बाद कह दिया था कि अब ट्रूडो की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।गौर करने वाली बात यह है कि कनाडा में ट्रूडो की राजनीति खालिस रूप से भारत के खिलाफ रही है। ट्रूडो कनाडा की जमीन से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने वाले हार्डकोर खालिस्तानियों को चुपचाप न सिर्फ बर्दाश्त किया बल्कि वहां की पुलिस ने उन्हें कानूनी संरक्षण भी दिया। कनाडा में जब भारत की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या को आपत्तिजनक रुप में दिखाया गया तो वहां की पुलिस चुप रही। कनाडा में हिन्दुओं के मंदिरों पर हमले हुए तो भी वहां पुलिस चुप रही। विकसित देशों के कतार में शामिल ट्रूडो से ये उम्मीद की जा रही थी कि वे खालिस्तानियों के इन करतूतों की आलोचना करते और तुरंत अपनी पुलिस को इन पर एक्शन लेने को कहते। लेकिन वे चुप रहे और कुछ उग्रवादियों के वोट के लिए इन्हें शह देते रहे।ट्रूडो ने खुद स्वीकार किया है कि कनाडा में खालिस्तानी तत्व मौजूद हैं। हालांकि ट्रूडो ने यह कहकर उनके अपराध को कम करने की कोशिश की कि वे पूरे सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। ट्रूडो के इन कदमों से एक आम कनाडाई शहरी के मन अपने पीएम को लेकर विश्वास का ह्रास हुआ।भारत से फरार आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका बताकर ट्रूडो ने द्विपक्षीय संबंधों की मर्यादा ही खत्म कर दी। सितंबर 2023 में ट्रूडो ने जब कनाडा की संसद में कहा कि कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र के पास यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि ÷भारत सरकार के एजेंटों÷ ने एक कनाडाई नागरिक की हत्या की है।÷ ट्रूडो के आरोप से भारत सन्न रह गया। ट्रूडो के आरोपों के बाद 16-17 महीने गजुर गये हैं लेकिन अबतक कनाडा इस हत्याकांड में भारत की एजेंसियों के शामिल होने का कंक्रीट सबूत नहीं दे सका है। ट्रूडो के इन कदमों से कनाडा में उनकी लोकप्रियता घटती गई। एंगस रीड इंस्टीट्यूट (ऋद्ध) और एशिया पैसिफिक फाउंडेशन ऑफ कनाडा द्वारा किये गये सर्वे में कनाडा के 39 फीसदी नागरिक मानते हैं कि कनाडा अपने संबंधों को अच्छी तरह से प्रबंधित नहीं कर रहा है, जबकि 32 फीसदी लोगों का नजरिया इसके उलट है। वहीं, 29 फीसदी लोगों ने कहा कि वे कुछ कह नहीं सकते हैं।सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि 39 फीसदी कनाडाई मानते हैं कि जब तक ट्रूडो प्रधानमंत्री हैं, तब तक संबंधों में सुधार नहीं होगा। इस बीच ट्रूडो ने निज्जर का राग गाना नहीं छोड़ा। वो निज्जर जो भारत का वांछित आतंकवादी था और जिसने गलत तरीके से कनाडा की नागरिकता ली थी। इस वजह से दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ते गए। हालात बिगड़ने पर दोनों देशों ने एक दूसरे के हाईकमान में अधिकारियों की संख्या कम कर दी। इसके बाद कनाडा ने छात्राओं और छात्रों को जारी किया जाने वाला फास्ट ट्रैक वीजा खत्म कर दिया। इससे भारतीय छात्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। अमेरिकी चुनाव में ट्रंप की जीत ट्रूडो के लिए और भी बुरे दिन लेकर आई। जीत के बाद ट्रंप ने कहा था कि वे कनाडा पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप का बयान ट्रूडो के लिए झटके की तरह था। उन्होंने तुरंत अमेरिका की फ्लाइट पकड़ी और ट्रंप से मिलने चले गये। ट्रूडो ने गुपचुप ट्रंप से मुलाकात की, उनके साथ डिनर किया। लेकिन उनकी समस्याएं दूर नहीं हो रही थीं। ट्रंप ने ट्रूडो को फार-लेफ्ट लूनेटिक कह कर उनका मजाक भी बनाया था। इसके अलावा ट्रंप ने ट्रूडो को %कनाडा के महान राज्य का गवर्नर% कहकर संबोधित किया। उन्होंने कनाडा को अमेरिका का %51वां राज्य% बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे टैरिफ और व्यापार मुद्दों पर बातचीत आसान होगी।ट्रूडो के लिए दूसरा झटका ट्रंप के करीबी और दिग्गज बिजनेसमैन एलन मस्क से आया। एलन मस्क ने एक ट्वीट में कहा कि ट्रूडो अगला चुनाव हारने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अगले चुनाव में इनकी विदाई तय है। एलन मस्क जैसे दिग्गज उद्योगपति के बयान से ट्रूडो की प्रतिष्ठा को गहरा झटका पहुंचा।

ट्रूडो को ये चुनौतियां तो देश के बाहर मिल रही थीं इधर देश के अंदर विपक्ष लगातार उनपर हमलावर होता जा रहा था। 2021 के फेडरल चुनाव के बाद से, लिबरल्स को बाई इलेक्शन में लगातार हार मिली और संसद में उनकी संख्या घटती चली गई। इसमें टोरंटो में टोरंटो-सेंट पॉल और मॉन्ट्रियल में लासेल-एमार्ड-वर्डन जैसी सुरक्षित सीटों पर हार शामिल है। इस हार के बाद के महीनों में ट्रूडो के नेतृत्व को लेकर आंतरिक हताशा और असंतोष के बारे में लगातार कहानियां मीडिया में देखी गई। मालूम हो कि कनाडा की संसद हाउस ऑफ कॉमन्स में फिलहाल लिबरल पार्टी के 153 सांसद हैं। कनाडा के हाउस में कॉमन्स में 338 सीटें है। इसमें बहुमत का आंकड़ा 170 है। कुछ महीने पहले ट्रूडो सरकार की सहयोगी पार्टी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने अपना से समर्थन वापस ले लिया था। एनडीपी खालिस्तानी समर्थक कनाडाई सिख सांसद जगमीत सिंह की पार्टी है।ऐसे में गठबंधन टूटने की वजह से ट्रूडो सरकार अल्पमत में आ गई थी। हालांकि एक अक्टूबर को हुए बहुमत परीक्षण में ट्रूडो की लिबरल पार्टी को एक दूसरी पार्टी का समर्थन मिल गया था, जिस वजह से ट्रूडो ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया था।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मतभेद के कारण कुछ दिन पहले ही डिप्टी पीएम और वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने भी इस्तीफा दे दिया था। डिप्टी पीएम क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफे के बाद ट्रूडो का विरोध तेज हुआ।

क्रिस्टिया ने उसी दिन इस्तीफा दिया, जिस दिन उन्हें बजट पेश करना था। उनके इस्तीफे के बाद अब कैबिनेट भी ट्रूडो पर इस्तीफे का दबाव बना रही है।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### शिशिर धूप में जैसे माखन हुआ

कट रहा था सफर अकेले
जीवन के वीराने रेगिस्तान में
जब मिली तुम राधे बीच सफर
नव जीवन का सा गुंजार हुआ।
भंवरे ने जब जब देखा पुष्पों को
मधुर गीतों का गायन गुंजार हुआ।
मस्ती से भौंरे ने उनपर नृत्य किया
फूलों पर भी जब उमंग तारी हुआ।
साज पवन संग झूम झूम इतराए
तो प्रीत से श्रृंगारित माहौल हुआ।
घूंघट पट से झांका जैसे नवोढ़ा ने
मन का चमन गुल गुलज़ार हुआ।
पिघल गए ऐसे राधे तेरे भावों में
शिशिर धूप में जैसे माखन हुआ।
तैरना ही भूल गए राव जब जब
दरस में डूब पार उतराना भी हुआ।
राधे तेरी शीतल चैती बयार मिली
तड़पत मन, जिया गुलजार हुआ।



**राव शिवराज पाल सिंह**
**जयपुर/इनायती**

### प्रकृति


मैं वही हूं
साल महीने दिन
बस गुजरते वक्त
फिसलता जाता है
जैसे मुट्ठी से रेत
कुछ नहीं ठहरता स्थायी
रह जाता है
त्रासदी अवशेष अतीत के
बीज अनागत के
रह जाती हैं गाथाएँ
विकास और विनाश की
समय के पन्नों पर
दर्ज होता इतिहास
मैं वही हूं
सहने को वहन करने को
खड़ी रहती हूं हमेशा
एक पूरकश प्रयास लिए
हिम्मत और जज़्बात लिए
आज कल और हमेशा
मैं वही हूं
फिर मिलेगा तुम्हे एक नया भविष्य
नई दुनिया नया जहाँ
फिर से बसर करना
फिर से तबाह करना
मैं वही हूं वही रहूँगी




**आरती कुमारी**
**स्टील सिटी बोकारो**
**झारखंड**

### तेरा है

बेच दे या छोड़ दे ईमान तेरा है ।
तू बचा या तोड़ दे मकान तेरा है।।
दिल में रख या आँख में तस्वीर को प्यारे।
हर नज़र में एक ही पहचान तेरा है।।
तुम यहाँ चाहे वहाँ हो दर्द सबको है।
जो मिटा अब तक नहीं वो निशान तेरा है।।
चाँद तुमने छू लिया मालूम है सबको।
घर बना लो चाहे महल श्मशान तेरा है।।
बात अपनी मान या ठुकरा जमाने से।
इस समय हर ओर फरमान तेरा है।।
इश्क की चाहत लिए बैठे सभी तो हैं।
कौन कहता इश्क के हाँथों में जान तेरा है।।
ज़ख्म भर दे हर किसी का आजकल यूँ हीं।
ज्ञान केवल इक मधुर मुस्कान तेरा है।।



**ज्ञानन्द चौबे ज्ञान**
**पलामू, झारखंड**




## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। माता के स्वास्थ्य में पहले की अपेक्षा सुधार आएगा। साथ ही वे आपसे कुछ डिमांड कर सकती हैं। आज फाइनेंस के मामलों में दिन अच्छा रहेगा। किसी ऐसे परिचित से मुलाकात होगी जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को अंजाम देने से सभी काम सिस्टम से बनते जाएंगे। |
| वृष | आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के योग नजर आ रहे हैं। आज उचित व्यवस्था हो जाने के बावजूद मन में कुछ उलझन बनी रहेगी, अपना मनोबल मजबूत रखें। आज आय के साथ-साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। अगर किसी व्यक्ति पर भरोसा करके निर्णय लेने वाले हैं, तो उचित सोच विचार करना जरूरी है, जल्दबाजी ना करें। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज बड़ों का सानिध्य मिलेगा और घर में सुख सुविधा संबंधी वस्तुओं की खरीदारी भी होगी। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मुलाकात के बाद आपको बेहतरीन जानकारियां हासिल होंगी। अगर सरकारी मामला फंसा हुआ है तो उससे संबंधित फैसला आपके पक्ष में होने के योग हैं। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपके परफॉरमेंस की तारीफ होगी। आज बिजनेस के रुके हुए काम पूरे करने में सफलता मिल सकती हैं। कुछ अन्य काम की भी शुरुआत करने की योजना बन रही है तो उस पर भी विचार-विमर्श और अमल करने का उचित समय है। ऑफिस में अपने प्रोजेक्ट संबंधित फाइलें बहुत ही संभालकर रखेंगे। |
| सिंह | आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। जो लोग स्थान परिवर्तन के लिए इच्छुक हैं, आज उनकी यह इच्छा पूर्ण होने के योग है। आपकी सकारात्मक सोच से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। पारिवारिक और सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बना रहेगा। |
| कन्या | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अचानक आय के नए रास्ते मिलेंगे, जिसका लाभ उठाने में आप सफल होंगे। आज दौड़-भाग रहेगी लेकिन किसी रिश्तेदार या दोस्त की मदद से आपकी हिम्मत और बढ़ेगी। आज आप परिवार की जिम्मेदारी अच्छे से निभा लेंगे। फोन या ईमेल के माध्यम से खास सूचना मिलेगी। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने में दूरदर्शिता बनाए रखें जल्दबाजी करना उचित नहीं है। लोन लेने की योजना बनाई है तो उससे संबंधित अभी और अधिक जानकारियां लेने की जरूरत है। बेवजह की गतिविधियों में समय व्यर्थ न करके अपने कामों में ही व्यस्त रहेंगे। |
| वश्चिक | आज आपका दिन उत्तम रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। आपके बिजनेस में उलझने रहेंगी, लेकिन मेहनत से उनको सुलझा लेंगे। किसी भी कार्य में अपने निर्णय को हीप्राथमिकता दें, दूसरों की बातों में आकर अपना नुकसान न करें। आज ऑफिस में कुछ राजनीतिक जैसा माहौल रहेगा। आज आप बोलते वक्त संयम रखें। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आप नया बिजनेस शुरू करने की प्लानिंग करेंगे। आज किसी काम में की गई मेहनत का उचित परिणाम हासिल होगा। दूसरों से अपना काम निकलवाने में सफल रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षा व करियर से संबंधित समस्याओं से राहत मिलेगी। आपको बड़े- बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। |
| मकर | आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम आपको मिलेगा आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। आज परिवार में भाई-बहनों से मदद लेनी पड़ सकती हैं। विचार न मिलने की वजह से पड़ोसियों अथवा आसपास के लोगों के साथ सामंजस्य बिठाने में कुछ परेशानी रहेगी। बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका मन दान-पुण्य में अधिक लगेगा। आज का दिन कुछ व्यस्तता से भरा रहेगा। लेकिन आपके प्रयासों से व्यवस्था बनती जाएगी। किसी काम को पूरा करने में आज दोस्त की मदद मिलेगी। ऑफिस में आज आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। |
| मीन | आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही उलझन से आज राहत मिलेगी। अनुभवी लोगों के सानिध्य में आपको कुछ सकारात्मक अनुभव मिलेंगे। पूरी मेहनत से अपने कामों को अंजाम देंगे। साथ ही सामाजिक कामों में आपका रुतबा रहेगा। घर पर रिश्तेदारों की आवा-जाही से खुशनुमा माहौल बनेगा। |

# सूचना के अधिकार का अनुचित प्रयोग न करें- स्वतंत्र प्रकाश गुप्त

**▸▸कंबल वितरण एवं कवि सम्मेलन समारोह आयोजित**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** पूर्वजों की याद ,अधिकारियों की उपस्थिति, कवियों की वाणी की मिठास, अतिथियों का आशीष तथा गरीबों की सेवा के उद्देश्य से किया गया कार्यक्रम अपने आप ही सफल हो जाता है। जिसका उदाहरण हरिनाथ मौर्य के संरक्षण में गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल मिस्रपुर लीलापुर प्रांगण में अनुभाग अधिकारी लेखा जिला सहकारी बैंक लि प्रतापगढ़ आलोक कुशवाहा की देखरेख में उनकी टीम के द्वारा आयोजित स्मृतिशेष रजवंता मौर्य पत्नी स्मृतिशेष धीसन मौर्य की पांचवी पुण्य वार्षिकी के उपलक्ष में कवि सम्मेलन एवं कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ सूचना का अधिकार-आपके द्वार विषयक छात्र, अभिभावक एवं क्षेत्रीय जनता सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। अनुभाग अधिकारी लेखा डीसीबी आलोक कुशवाहा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश स्वतंत्र प्रकाश गुप्त तथा अति विशिष्ट अतिथि विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल तथा सदर विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण अधिकारी नरेंद्र मौर्य, डीपीआरओ श्रीकांत दर्वे , शिवशंकर मौर्य 'चै, तथा एआर को ऑपरेटिव अजय मौर्य के साथ-साथ कवियों में मुख्य रूप से डॉ दयाराम मौर्य रत्न, बिहारी लाल अंबर ,अमरनाथ गुप्ता बेजोड़, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, शैलेंद्र सागर, अभिजीत मौर्या एंकर, अमित कुमार निराला, कुंज बिहारी लाल मौर्य काका श्री रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी प्रसाद मौर्य पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश, व अन्य अतिथियों द्वारा तथागत गौतम बुद्ध, डॉ भीमराव अंबेडकर, सम्राट अशोक ,सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के उपरांत स्मृतिशेष की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पण से हुई। कोई भी कार्यक्रम तभी सफल होता है जब उसका उद्देश्य समाज को जागरूक बनाने के साथ-साथ गरीबों की भलाई भी समाहित हो ।

आलोक कुशवाहा के द्वारा आयोजित इस तरह का कार्यक्रम इसी उद्देश्य के साथ लगातार पांचवे वर्ष भी संपन्न हुआ। आयोजक मंडल द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण करके अंगवस्त्र, डायरी तथा पेन से सम्मानित किया गय राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने सूचना अधिकार की विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बिना वजह परेशान करने की नियत से सूचनाएं नहीं मांगी जानी चाहिए। वही अधिकारियों को भी संबोधित करते हुए कहा कि सूचनाएं देने में आनाकानी नहीं करना चाहिए। कहा कि सूचना मांगने वाला गलत जगह सूचना मांगी है तो उसे 5 दिन के अंदर तत्संबंधित विभाग के पास भेजने का काम अधिकारी कर दे नहीं तो सूचना देना उनकी जिम्मेदारी बन जाएगी। छात्र अभिभावक तथा छेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि तीस दिन के अंदर शुल्क भी जमा हो जाना चाहिए। अति विशिष्ट अतिथि विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल ने संबोधित करते हुए, कहा कि शिक्षा वह शेरनी रुपी दूध है जिसको पीने के बाद ग्रहण करने वाला दहाड़ने लगता है। उन्होंने कहा कि हम जात पात पर विश्वास न करके सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास की मनसा के साथ काम करने में विश्वास करते हैं तथा हमारा दरवाजा सबके लिए 24 घंटे खुला है। वही सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि शिक्षा एवं संस्कार ही संस्कृति है। ऐसे में हम शिक्षा ग्रहण करके संस्कारी जीवन जीते हुए अपनी संस्कृति को सुरक्षित रख सकते हैं। कार्यक्रम को अधिकारियों ने भी संबोधित करते हुए अपने अपने विभाग के विषय में विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों द्वारा डॉक्टर दयाराम मौर्य के द्वारा रचित पुस्तक बच्चों की प्यारी बगिया के तीसरे अंक का विमोचन भी किया गया।

बिहारी लाल अंबर ने अपनी हास्यात्मक कविताओं से समां बांध दिया तथा कार्यक्रम को अंबर तक पहुंचाया। वही अतिथियों के हाथों गरीबों को आयोजक मंडल द्वारा 250 असहाय, लोगों को कंबल रूपी बल दे कर ठंड से राहत देने में सहयोगी बनने का काम किया। इस अवसर पर लीलापुर थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह , सीओ लालगंज, उप जिलाधिकारी लालगंज, अपर पुलिस अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# सक्षम फाउण्डेशन ने गरीबों एवं असहायों को बाटे कम्बल

**▸▸निर्धन एवं बेसहारा मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं -डॉ रणजीत सिंह**



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** पूरे उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए सक्षम फाउण्डेशन कालाकांकर द्वारा गरीब, बेसहारा एवं असहायों के लिए अवधेशपुर, ऐंठू में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कम्बल वितरण कार्यक्रम में आये हुए सभी व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि निर्धन एवं बेसहारा मानव की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। समाज सेवा सबसे पुनीत कार्य है, गरीबों एवं असहायों की मदद करके मन को परम शांति प्राप्त होती है। सक्षम फाउण्डेशन संस्था गतवर्षों की भाँति इस वर्ष भी कम्बल का वितरण ऐसे असहाय एवं निर्धन परिवारों के बीच कर रही है जिनके पास इस कंप-कंपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं हैं। इसके लिए हम पूर्व से ही तैयारी करते हैं और क्षेत्र में घूम-घूमकर ऐसे परिवारों की सूची बनाते हैं ताकि मदद समाज के उस अन्तिम व्यक्ति तक पहुँच सके, जिनको इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। सक्षम फाउण्डेशन भविष्य में भी गरीबों, असहायों एवं वंचितों के हितों की रक्षा एवं सेवा के लिए अग्रसर रहेगी।

इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ भास्कर शुक्ला, डॉ अवधेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि सक्षम फाउण्डेशन की ही भाँति हर व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार गरीब एवं असहायों की मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर सक्षम फाण्डेशन के स्वयं सेवक मनीश सिंह, लवकुश निशाद, अवनीश जायसवाल तथा आगन्तुकों में इन्द्रजीत, मस्तराम सरोज, दीपचन्द, राम आसरे, अरूण शुक्ला, जगदेव, सन्तोशी, देवमती, रागनी एवं सन्तलाल आदि लगभग 100 लोगों ने कम्बल प्राप्त किया।

## जमीनी विवाद को लेकर हमले में दो जख्मी, हालत गंभीर

**सांगीपुर ,प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत घुइसरनाथ में रविवार को जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अखिलेश यादव और अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें इलाज के लिए प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज से प्रयागराज रेफर किया गया है।घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। घायल अखिलेश यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी दबंगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।एसओ सांगीपुर मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने यह भी कहा कि जमीनी विवाद को लेकर इलाके में तनाव की स्थिति है और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।यह घटना ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है तथा स्थानीय लोग पुलिस से कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

# सेवानिवृत्त सहायक अभियंता एवं वरिष्ठ सहायक का सम्मान समारोह आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा प्रखण्ड के सहा. अभियन्ता इ. लाल चन्द्र पाण्डेय व वरिष्ठ सहायक विजय कुमार शुक्ला का सेवा निवृत्ति एवं सम्मान समारोह भावपूर्ण व भव्य रूप से शैल श्याम पैलेस में आयोजित किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने इ. लाल चन्द्र पाण्डेय के द्वारा लगभग 30 वर्षो के अनवरत सेवा कार्यो की भरपूर प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि श्री पाण्डेय जी का मधुर, सरल, सौम्य व्यवहार कार्य के प्रति समर्पण, ईमानदारी ने सभी को अपना बना लिया है। उनकी सेवा निवृत्ति से मन अनन्त दुखी है। ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने कहा कि डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षक व सैनिक कभी सेवा निवृत्त नहीं होता। वह जहां भी रहता है समाज को अपना योगदान देता रहता है। वक्ताओं ने कहा कि उन्होने जो उत्कृष्ट सेवा कार्य किया वह विभाग के कर्मचारियो के लिए अनुकरणीय है।इस अवसर पर लायंस क्लब हर्ष के सदस्यो सतीश चन्द्र शर्मा, कुंवर बहादुर सिंह, आलोक सिंह, संतोष भगवन, राजेश बहादुर पाल ने क्लब में श्री लालचन्द्र पाण्डेय द्वारा बिताये पल व अध्यक्ष के रूप में नेत्र शिविर, पौध रोपण जैसे किये गये कार्यो को रेखांकित किया व आभार व्यक्त करते हुए अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभाग के अवर अभियन्ता सुभाष चन्द्र शर्मा ने स्मृति फेटोग्राफ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान अधिशाषी अभियन्ता सुजीत कुमार राय, सहायक अभियन्ता मनीष केसरवानी, सेवा नि. अधिशाषी अभियन्ता पी.के. मिश्रा, राशमणि मिश्रा, प्रमोद कुमार, ए.बी. सिंह, लीलाधर मिश्रा अध्यक्ष डिप्लोमा इंजी. संघ मनीष त्रिपाठी, शुभम त्रिपाठी,पंकज श्रीवास्तव ने लालचन्द्र पाण्डेय व विजय कुमार शुक्ला ने किये गये कार्यो की प्रशंसा की।

## बदमाशों ने युवक का छीना मोबाइल, दी धमकी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर जा रहे युवक को रास्ते में रोककर बदमाशों ने उसका मोबाइल छीन लिया और धमकी देते भाग निकले। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थानान्तर्गत नागापुर तिलौरी निवासी अजय कुमार कोरी पुत्र हंसराज कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चार जनवरी की शाम करीब सात बजे वह अपनी साइकिल से सगरा सुंदरपुर बाजार से घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उसे जबरन रोक लिया और उसका मोबाइल छीन लिया। पीड़ित के शोर मचाने पर बदमाश जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# लोकपाल समाज शेखर पहुँचे बाबागंज ब्लाक के झींगुर ग्राम पंचायत

**● प्रारंभिक जांच तथा मजदूरों व मनरेगा कर्मियों का लिया बयान**

**● ग्राम सभा की बैठक 9 जनवरी को बुलाने का दिया निर्देश**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर ने बाबागंज ब्लाक के झींगुर ग्राम पंचायत शनिवार को पहुँचे। जिलाधिकारी व जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा द्वारा 31 दिसंबर को ग्राम प्रधान करुणा देवी की प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित ग्राम पंचायत को जारी रिकबरी नोटिस की जांच के संदर्भ में ग्राम वासियों, मजदूरों तथा मनरेगा कर्मियों के साथ जांच से जुड़े तथ्यों व साक्ष्यों के विषय में प्रारंभिक जांच की।लोकपाल ने गाँव के संभ्रांत नागरिक गणो की उपस्थिति में तय किया कि अपेक्षित जांच के सभी बिंदुओं पर चर्चा व निर्णय 9 जनवरी को ग्राम सभा की बैठक करके किया जाए। जिसकी नियमानुसार सुव्यवस्था करने का निर्देश ग्राम पंचायत व कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा तथा खंड विकास अधिकारी बाबागंज को दिया।

प्रशासनिक सुव्यवस्था हेतु उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराने का निर्णय लिया। लोकपाल समाज शेखर ने सभी ग्राम वासियों से आपसी सौहार्द से गाँव की समस्या पर ग्राम सभा में चर्चा करके स्थाई समाधान निकालने में सहयोग व भागीदारी की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा है कि जो भी ग्राम वासी संदर्भित मामले में अपना बयान या तथ्य व साक्ष्य मौखिक या लिखित अथवा इलेक्ट्रानिक रूप से देना चाहते है वह लोकपाल के सीयूजी नंबर 8188067730 व वॉट्सअप नंबर 7007976231 पर संपर्क स्थापित कर सकते है।

## पेड़ से गिरकर युवक जख्मी

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर गांव निवासी लहुरी सरोज का 19 वर्षीय बेटा रिंकू सरोज लकड़ी तोड़ने पेड़ पर चढ़ा था। तभी असंतुलित होकर वह पेड़ के नीचे गिरा तो गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां से मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

## विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुलनार पुरैली मखदूमपुर का ताला तोड़कर चोर भीतर घुसे। साथ ही विद्यालय में रखा मिड-डे मिल का राशन उठाकर ले जा रहे थे। तभी ग्रामीणों की नजर पड़ी तो यूपी-112 को सूचना दी। पुलिस को देखते ही चोर तीन बोरी राशन की फेंककर और बाकी लेकर भाग निकले। पुलिस ने चोरों को दौड़ाया लेकिन अंधेरे में वह भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे शिक्षक ने दूसरा ताला बंद किया।

# पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त के पैर में लगी गोली

लोकमित्र ब्यूरो

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत बहरिया अण्डरपास ग्राम धीमी के पास थाना हथिगवां पुलिस से हुई मुठभेड़ में 01 गैंगस्टर अभियुक्त के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार । घायल अभियुक्त हिमांशु यादव उपरोक्त को उपचार हेतु सीएचसी कुण्डा भेजा गया था, जहां से जिला अस्पताल, प्रतापगढ़ के लिए रवाना किया गया।01 बदमाश मौके से भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर भाग निकला ।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही थी । इसी क्रम में दिनांक 05.01.2024 की रात्रि को अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक हथिगवां नंदलाल सिंह मय हमराह द्वारा थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत बहरिया अण्डरपास ग्राम धीमी के पास चेकिंग के दौरान, पुलिस मुठभेड़ में 01 शातिर लूटेरा हिमांशु यादव पुत्र अशोक कुमार यादव निवासी दलापुर मजरा कांटी अखैबरपुर थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़ के पैर में लगी गोलीध् गिरफ्तार किया गया । 01 अभियुक्त भौगोलिक स्थिति व अन्धेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा ।आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय 01 शातिर अभियुक्त हिमांशु यादव उपरोक्त के बाएं पैर के घुटने के नीचे गोली लगी । अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । घायल अभियुक्त हिमांशु यादव उपरोक्त को उपचार हेतु सीएचसी कुण्डा भेजा गया था, जहां से जिला अस्पताल, प्रतापगढ़ के लिए रवाना किया गया । शातिर लूटेरा हिमांशु यादव उपरोक्त पर चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट जैसे संगीन अपराधों के मुकदमें दर्ज है ।अभियुक्त हिमांशु यादव उपरोक्त पर चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट के लगभग कुल 07 मुकदमें दर्ज है ।

अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । उक्त घटना में पुलिस टीम पर फायर करने एवं बरामदगी के संबंध में थाना हथिगवां में मु0अ0सं0 06ध्2025 धारा 109, 351(3) बीएनएस व 3ध्25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

दिनांक 04.01.2025 को थाना हथिगवां में मु0अ0सं0 04ध्2025 धारा 2ध्3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 गैंगस्टर एक्ट बनाम 06 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है । अभियुक्तों के विरुद्ध चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट जैसे जघन्य अपराध दर्ज है । अन्य अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयास दबिश दी जा रही है ।

## हत्या के प्रयास के 4 वांछित दबोचे गये

**सांगीपुर,प्रतापगढ़।** थाना सांगीपर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित वांछित 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त 06 लाठी, डण्डा व चइला बरामद।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सांगीपुर उ0नि0 श्री मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 श्री राजेश कुमार शुक्ला मय हमराह कां0 दिनेश कुमार, कां0 नरेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 04 अभियुक्तों 1. राम कुमार वर्मा पुत्र स्व0 सहतू राम वर्मा निवासी ग्राम पूरे लक्ष्मण ( पूरे गोविन्द राम )थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 54 वर्ष 2. विक्रम वर्मा पुत्र रामफेर उम्र करीब 36 वर्ष, 3. अनिल वर्मा पुत्र रामफेर उम्र करीब 28 वर्ष, 4. सतीश वर्मा पुत्र रामफेर वर्मा उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण ग्राम पूरे गोविन्द राम थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ को क्षेत्रांतर्गत जायसवाल तिराहा घुईसरनाथ से गिरफ्तार किया गया। तथा घटना में प्रयुक्त 06 अदद लाठी, डंडा व चइला को बरामद किया गया।गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सांगीपुर में मु0अ0सं0 05ध्2025 धारा 191(2), 191(3), 190, 109 बीएनएस पंजीकृत है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय क समक्ष पेश किया जा रहा है।

## महिला से मारपीट में दो पर केस

**कुंडा प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव निवासी आराधना शुक्ला पत्नी प्रकाश नारायण शुक्ला ने पुलिस को तहरीर दी। पांच जनवरी की शाम को जमीन के विवाद का समझौता कराने के लिए प्रधान, गांव के लोग व रिश्तेदार मौजूद थे। तभी विपक्षी ने उसे लाठी से पीट दिया। लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता आराधना की तहरीर पर पुलिस ने शिवनारायण, निशांत उपाध्याय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

## युवती को भगाने में चार के खिलाफ केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि उसकी 19 वर्षीय बेटी 31 दिसंबर को शाम करीब सात बजे खेत की ओर गई थी। तभी रास्ते में राजेश, अरविन्द की मदद से उसकी बेटी को रमन भगा ले गया। आरोप है कि राजेश की पत्नी आए दिन अपने मोबाइल से रमन की बात उसकी बेटी से कराती थी। मामले को लेकर जब वह उनसे जानकारी करने गई तो आरोपी गालियां देते हुए उसके घर आए और जान से मारने की धमकी देने लगे।

# चोरी के 4 जनरेटर के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** स्वॉट टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटना से संबंधित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।घटना में प्रयुक्त 01 पिकअप वाहन सीज व चोरी की कुल 04 अदद जनरेटर बरामद।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैश के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह की देखरेख में स्वॉट टीम प्रभारी उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 दिनेश सिंह, हे0का0 धनन्जय राय, हे0का0 मोहित राज यादव, का0 जागीर सिंह, का0 अरविंद दूबे, का0 आशुतोष पाण्डेय, कां0 चालक राजेन्द्र कुमार व कां0 चालक राजेन्द्र प्रसाद सिंह व थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव मय हमराह का0 विलास यादव व का0मो0 आरिफद्वारा संयुक्त रुप से देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर के मु0अ0सं0 10ध्2025 धारा 303 (2) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्तों, 1. मो0 जावेद पुत्र मो0 सलीम निवासी ग्राम बिरसिंहपुर थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज, 02. आशीष पटेल पुत्र घनश्याम पटेल निवासी रामनगर थाना सोरांव जनपद प्रयागराज को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत फौजी चौराहा के पास से चोरी की 01 जनरेटर व घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियक्तों की निशांदेही पर 03 अदद जनरेटर ग्राम सहरुआ विश्वनाथगंज से बरामद किया गया । चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एम वी एक्ट में सीज किया गया । उक्त गिरफ्तारीध् बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मु0अ0सं0- 10ध्2025 धारा 303(2) बीएनएसएस में 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की जाती है।गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि दिनांक-03ध्01ध्2025 को हम दोनों ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर यह जनरेटर जोगापुर से चोरी किया है जिसे आज हम दोनों लोग बेचने के फिराक में ले जा रहे थे कि आप लोग ने पकड़ लिया । हम तीनों ने मिलकर इसी पिकअप से टोचन कर 03 अन्य जनरेटर भिन्न भिन्न जगह से चोरी कर ग्राम सहरुआ विश्वनाथगंज में रिश्तेदार के हाते मे खड़े कर रखे है जिसे बारी बारी से बेचने वाले थे, चलकर बरामद करा सकते है ।

## तमंचे संग आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को अवैध तमन्चे के साथ धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार ने चेकिंग के दौरान सोमवार सुबह नया पुरवा बेलहा के पास से आरोपी पप्पू शाह पुत्र फुरखान शाह निवासी धारूपुर जलेशरगंज को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति गोवध अधिनियम व गैंगेस्टर के मुकदमे का भी आरोपी है। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

# तमंचा, कारतूस के साथ अभियुक्त एवं बाल अपचारी गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना हथिगवां पुलिस द्वारा 01 अवैध तमन्चा .12 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना हथिगवां श्री नन्दलाल सिंह मय हमराह उ0नि0 राधेश्याम सिंह, प्रशिक्षु उ0नि0 अजय कुमार, का0 अनिल कुमार प्रथम, का0 गौरव कुमार, चालक का0 विपिन सारस्वत द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त रंजीत सरोज पुत्र रमेश सरोज नि0ग्राम कोटिला अख्तियारी थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध देशी तमंचा .12 बोर व 02 अदद कारतूस जिन्दा .12 बोर व चोरी का 01 अदद लैपटॉप मय चार्जर व 01 बालअपचारी को चोरी का 01 अदद मोबाइल के साथ क्षेत्रांतर्गत मातादीन पुरवा रोड पर बने गेट के पास से गिरफ्तारध् पुलिस अभिरक्षा में लिये गये । उक्त बरामदगी के आधार पर थाना हथिगवां में मु0अ0सं0- 07ध्2025 धारा 35 (1) (म) बीएनएसएस व 317 ( 2 ) बीएनएस व 3ध्25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि हम दोनों ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर डैौ पब्लिक स्कूल हीरागंज महेशगंज से लैपटाप, मोबाइल, रुपये व अन्य सामान आज से लगभग ढाई माह पूर्व चोरी किया था ।

# अधिवक्ता पर जानलेवा हमले को लेकर दर्जन भर से अधिक नामजद व आठ अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता एवं उसके परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमले को लेकर उदयपुर पुलिस ने दर्जन भर से अधिक नामजद तथा आठ अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास, घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड, दहशतगर्दी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं साथी पर हमले को लेकर अधिवक्ताओं मे भी आक्रोश देखा गया। थाना के कुम्भीआइमा के पूरे वंशा निवासी रामछबीले की पत्नी संगीता यादव पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार को वह तथा परिवार के सदस्य घर पर मौजूद थे। सुबह करीब साढ़े नौ बजे गांव के राजकुमार पुत्र रामसरन, अशोक व सियाराम पुत्रगण पच्चूलाल, विनोद पुत्र राजनाथ, सुशील व सतीश पुत्रगण सियाराम, निर्मला पत्नी सियाराम, राजकुमारी पत्नी महिपाल, मधू पुत्री महिपाल, गीता पत्नी अशोक, रामसरन पुत्र दातादीन, आंचल पुत्री अशोक कुमार व आठ अज्ञात एकराय होकर लाठी डण्डा व धारदार हथियार तथा अवैध असलहे से लैस होकर दरवाजे पर आ धमके। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी पीडिता व परिवार के सदस्यो को गाली देने लगे। आक्रामक हमलावर मना करने के बावजूद मारपीट करने लगे। पीड़िता के मुताबिक आरोपियों ने उसके पति रामछबीले को जान से मारने की नियति से सिर पर सब्बल से हमला कर दिया। बीचबचाव को रामछबीले ने प्रयास किया तो उनका हाथ टूट गया और बेहोश होकर गिर पड़े। पीड़िता के पति को बेहोशी की दशा में भी मारापीटा गया। जिससे उनका पैर भी टूट गया। आरोपियों के हमले मे पीडिता के ससुर रामदुलारे व आठ वर्षीय पुत्र अंकुश को भी गंभीर चोटें आयी हैं।

इस बीच पीडिता शोर मचाते घर में घुस गयी तो आरोपियो ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामान तोडफोड कर नष्ट कर दिये। दहशत फैलाने के लिए आरोपियो ने पीडित परिवार पर असलहा तान दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। हमले मे घायल रामछबीले तहसील में अधिवक्ता बताये जाते हैं। साथी के साथ मारपीट की घटना सुन संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह के साथ बड़ी संख्या में वकील सांगीपुर अस्पताल पहुंचे। यहां से घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अधिवक्ताओं ने उदयपुर थाने पहुंचकर भी घटना को लेकर आक्रोश जताया। थानाध्यक्ष उदयपुर राधेबाबू का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है,

# क्रिकेट टूर्नामेण्ट के क्वार्टर में अझारा व हण्डौर को मिला विजेता का खिताब



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अझारा में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेण्ट में क्वाटर फाइनल के पहले मैच में हण्डौर इलेवन तथा दूसरे क्वार्टर फाइनल मे अझारा इलेवन ने विजेता का खिताब हासिल किया। पहला क्वार्टर फाइनल हण्डौर और शीतलमऊ की टीमों के बीच खेला गया।

हण्डौर इलेवन ने निर्धारित दस ओवरो मे अटठानवें रन का स्कोर बनाया। टीम के बल्लेबाज अर्जुन उन्नीस गेदों में पैतीस रन बनाकर नाबाद रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शीतलमऊ की टीम दस ओवरो में तिरपन रन ही बना सकी। हण्डौर इलेवन के साहिल खान ने सत्रह रन और दो विकेट लेकर मैन आफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। दूसरा क्वार्टर फाइनल अझारा इलेवन और घुइसरनाथ इलेवन के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए घुइसरनाथ टीम निर्धारित दस ओवरो में मात्र तैतीस रन बनाकर आलआउट हो गयी। घुइसरनाथ के लक्ष्य का जबाब अझारा इलेवन ने चौथे ओवर में ही अडतीस रन बनाकर देते हुए मैच अपने नाम कर लिया। अझारा इलेवन की ओर से ललित पाण्डेय ने नाबाद बत्तीस रन बनाकर मैन आफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। अंपायर की भूमिका मे मनीष मिश्र, अधिवक्ता गिरिजाकांत द्विवेदी व चंचल मिश्र सराहे गये। आयोजन समिति के अजय मिश्र आशीष, पूर्व प्रधान विद्याशंकर मिश्र, नितिन मिश्र, प्रभाकर मिश्र ने खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया। इस मौके पर धीरू सरोज, रोशन सिंह, कुलदीप तिवारी, मुकेश तिवारी, ज्ञानप्रकाश तिवारी, सुधाकर मिश्र, अंजनी मिश्र, विमल मिश्र, पवन मिश्र, उमेश मिश्र, सतीश तिवारी, अभिषेक मिश्र, शिव मिश्र, ललित पाठक, प्रियम मिश्र आदि रहे।

# साथी की मौत पर साथियों ने दी श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** जनपद प्रयागराज के थाना होलागढ के काशीपुर सुकरी दहियांवा निवासी महेन्द्र पटेल 30 वर्ष पुत्र शेर बहादुर पटेल का आज बीती रात दिल का दौरा पड़ गया। परिजन आनन फानन मे इलाज हेतु प्रयागराज के एक अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महेन्द्र पटेल एक मिलनसार व्यक्ति थे, वह बिहार विकासखंड मे रह चुके थे। वर्तमान मे महेन्द्र पटेल कुंडा विकासखंड में तैनात थे।बिहार ब्लाक मे आज अखिलेश कुमार सरोज ग्राम विकास अधिकारी के संयोजन मे शोकसभा सम्पन्न हुई जिसमे मौजूद साथियो ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर बी टी अशोक कुमार,सचिव अजय प्रजापति, आलोक यादव निर्भय प्रताप सिंह सुधीर कुमार सोनू, अविनाश पटेल, रामनगीना आदि लोग मौजूद रहे।

# नहर में जलापूर्ति न होने पर रबी की सिंचाई प्रभावित

**▶▶ शारदा सहायक नहर की इलाहाबाद जल शाखा बंद होने से किसान चिंतित**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़ ।** समय से पहले शारदा सहायक नहर की इलाहाबाद जल शाखा बंद हो जान से दिसंबर माह में बोई गई रबी की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिससे किसान अपनी फसल की सिंचाई के लिए चिंतित हो रहे हैं, कि कब नहर में पानी आएगा। 15 नवंबर से 31 दिसंबर तक जिन किसानों ने अपने गेहू की बुवाई कर लिया था। वह तो नहर में पानी बंद होने के पहले सिंचाई कर लिए थे। हालांकि लगभग 60 से 65त्र खेतों की सिंचाई हो चुकी है। परंतु 1 दिसंबर के बाद पिछैतीं गेहूं की बुवाई किया है। ऐसे किसान अपने खेतों की सिंचाई इसलिए नहीं कर पाए, क्योंकि बुवाई के 25 दिन पर ही सिंचाई का सर्वोत्तम समय होता है। जब तक गेहूं की फसल प्रथम सिंचाई के लिए तैयार होती तब तक नहर में पानी बंद हो गया। जिससे सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसान भगवान की तरफ भी टकटकी लगाए भी देख रहा है, कि बरसात हो जाए तो नहर के पानी की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन भगवान किसान पर मेहरबान नहीं हो रहे हैं। अब पहली सिंचाई की नितांत आवश्यकता है। क्योंकि एक-एक दिन विलंब होने पर पैदावार प्रभावित होगी। प्रथम सिंचाई समय से हो जाने पर कोहरा गेहूं की फसल के लिए बहुत ही मुफीद साबित होगा। जनवरी का प्रथम सप्ताह समाप्त हो रहा है। अगर नहर में पानी आनें में विलंब होगा, तो किसान के माथे पर चिंता की लकीरें और मोटी हो जाएंगी। कुंडा तहसील क्षेत्र में नहरों का जाल बिछा हुआ है। इसलिए किसान अपनी खेती बाड़ी नहर के भरोसे ही करता है।

शारदा सहायक नहर की इलाहाबाद जल शाखा में जलापूर्ति होने से उसके रजवाहा व अल्पिकाओं में पानी पहुंचेगा। नहरों में समय से सफाई हो जानें से टेल तक लगभग सभी रजबहा व माइनरों में पानी पहुंचेगा। जिससे अवशेष सिंचाई समय से पूर्ण हो जाएगी। अगर नहर में सिर्फ 5-6 दिन के लिए पानी आ जाए, तो इस अवधि में लगभग पूरी सिंचाई पूर्ण हो जाएगी। क्षेत्रीय किसानों ने जिलाधिकारी तथा सिंचाई विभाग के अधीक्षक व अधिशासी अभियंता से तत्काल नहर में जलापूर्ति करने की मांग की है। हालांकि शारदा सहायक नहर की प्रतापगढ़ जल शाखा में पानी चल रहा है। जिससे वहां के किसान अपने गेहूं की फसल की सिंचाई समय से कर रहे हैं।

# घोटाले के आरोपी ग्राम प्रधान समेत दो सेक्रेटरी से रिकवरी का आदेश

**▶▶ तीनों आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कराये जाने की मांग**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रानीगंज (प्रतापगढ़)** शिवगढ़ विकास खंड के सरायसेतराय गांव में शौचालय की धनराशि का गबन करने के आरोप में ग्राम प्रधान समेत दो ग्राम पंचायत अधिकारियों से एक सप्ताह में रिकवरी कराये जाने की कार्यवायी को लेकर हड़कंप मच गया है। साथ ही डीपीआरओ ने जिलाधिकारी से तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की मांग की है।रानीगंज तहसील के शिवगढ़ विकास खंड अंतर्गत सरायसेतराय ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान व तत्कालीन दो ग्राम पंचायत अधिकारियों ने शौचालय का बिना निर्माण कराये ही ग्राम निधि के खाता से धनराशि निकालकर बंदरबाँट कर लिया। जिसको लेकर सरायसेतराय निवासी बालकृष्ण यादव द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा और जाँच में दोषी पाए जाने पर डीपीआरओ को सख्त कार्यवायी किए जाने का निर्देश दिया। शनिवार को डीपीआरओ ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्यवाही की रुपरेखा सौंपा। आरोप है कि ग्राम प्रधान हीरावती पटेल पत्नी राम शिरोमणि व तत्कालीन सेक्रेटरी राज नारायण सिंह (सेवानिवृत) व सेक्रेटरी रितेश यादव जो निलंबित चल रहे है इन लोगों ने कार्यकाल से लेकर 2022 तक बिना शौचालय का निर्माण कराये ही ग्राम निधि के खाता से धनराशि निकाल ली और सरकारी धन का दुरूपयोग किया। ग्राम प्रधान हीरावती पटेल द्वारा 26 लाख 90 हजार रूपये का दुरूपयोग किया गया, तत्कालीन पंचायत अधिकारी राज नारायण सिंह द्वारा 19 लाख 95 हजार व रितेश यादव द्वारा आठ लाख रूपये का दुरूपयोग किया गया। जिसकी 50त्र धनराशि एक सप्ताह में रिकवरी कराये जाने का आदेश जारी करते हुए उक्त लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग डीपीआरओ ने जिलाधिकारी से की

# भक्ति को प्राप्त करने के लिए आतीं अनेक बाधाएं - आचार्य करुणेश जी महाराज



**लोक मित्र ब्यूरो**

**लीलापुर प्रतापगढ़।** भक्ति को प्राप्त करने के लिए जब जीव यात्रा प्रारम्भ करता है तो उसके जीवन में लोभ , मोह , ईर्ष्या रुपी अनेक बाधाए आती है। उन बाधाओ से बचकर ही मनुष्य भक्ति महारानी तक पहुंच पाता है। उक्त बातें मां चंद्रिका धाम में चल रही संगीतमयी शतचंडी महायज्ञ एवं हनुमत कथा के छठवें दिन कथा व्यास आचार्य करुणेश जी महाराज ने कही। आगे श्री महाराज जी ने हनुमान जी महराज की लंका यात्रा की कथा का विस्तार से सुंदर वर्णन करते हुए बताया कि श्री हनुमान जी ने भगवान श्री राम भक्ति में माता जानकी की खोज में जब समुद्र को लांघा तो रास्ते में अनेक बाधाएं आई। लंका पहुंचने पर भी विभिन्न बाधाएं आई। भक्ति मय कथा को सुनकर पूरा पंडाल भक्ति मय जयकारे से गूंजायमान हो गया।इस मौके पर पीठाधीश्वर मां चण्डिका धाम अरविन्द जी महाराज मनीष कृष्ण शास्त्री, देवेन्द्र तिवारी, पूर्व प्रधान संजय पांडे, धर्मेन्द्र पाण्डेय ,पीयूष कृष्ण शास्त्री, राजेश पाण्डेय , कमलेश सिंह,गोविन्द सिंह, बृजेन्द्र सिंह बबलू ,अनुज ओझा, विमलेश मिश्र ,सुनील पांडेय आदि भक्तों ने अमृत कथा का रसपान किया। आयोजन समिति ने बताया कि 8 जनवरी बुधवार को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है।

# विवाद में मां-बेटी को पीटा, चार नामजद

**कुंडा प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंधरीपुर कोड़रा गांव निवासी गीता पत्नी नंदलाल ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि चार जनवरी शाम करीब चार बजे उसके घर के सामने से गए कच्चे रास्ते पर मोहल्ले के ही कुछ लोग मिट्टी डाल रहे थे। उसने मिट्टी डालकर रास्ता रोकने से मना किया तो आरोपियों ने उसे और उसकी बेटी गुड़िया को मारा पीटा। बेटी को पटककर उसके गले में पैर रखकर मारने का प्रयास किया। किसी ने यूपी-112 को फोन किया तो पुलिस पहुंची तथा मां-बेटी की जान बची। पीड़िता गीता की तहरीर पर पुलिस ने दर्शन और उसके बेटे दिलीप, संतोष, विनोद के खिलाफकेस दर्ज किया है।

# दंपति को पीटने पर सात के खिलाफ केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 31 दिसंबर को शाम करीब पांच बजे वह अपने खेत से घर लौट रही थी। घर के पास पहुंचते ही गांव का नन्हेलाल उसे गालियां देते हुए पीटने लगा तथा उसे जमीन पर गिरा दिया। उसकी चीख सुनकर उसका पति बचाने दौड़ा और किसी तरह घर के भीतर भागे तो उसने अपने परिजनो संग घर में घुसकर मारपीट की। इससे उसे चोटे आई। आसपास के लोगों के बीच-बचाव करने पर वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नन्हेलाल समेत सात लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद भी पुलिस नही कर रही कार्यवाही

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के बेसार गांव के रहने वाले रामशंकर वर्मा ने सोमवार को दिन में 2रू00 बजे के आसपास जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है। पीड़ित के विपक्षियों से पूर्व में मारपीट हुई थी। जिस पर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज करवाया था और अब न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया है। वारंट जारी होने के बाद भी पट्टी पुलिस मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। पीड़ित ने जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# सच्ची खुशी और आनंद निरंकार में है समाहित

**चित्रकूट ब्यूरो-** निरंकार को हर कार्य में सम्मिलित कर आध्यात्मिक जागृति और खुशी का विस्तार संभव है। यह प्रेरणादायक वचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर आयोजित सत्संग समारोह में व्यक्त किए गये।इस सत्संग में विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। सभी भक्तों ने नव वर्ष के प्रथम दिन सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता के पावन सानिध्य में उनके दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया। यह जानकारी चित्रकूट ब्रांच के मुखी शिवभवन ने दी। सतगुरु माता ने अपने सम्बोधन में फरमाया कि नववर्ष केवल 2024 से 2025 का नम्बर परिवर्तन है। वास्तविकता में यह केवल इंसानी मस्तिष्क की बनायी गई अवधारणा है। निरंकार ने समय और सृष्टि को बनाया है, जिसमें अलग-अलग ग्रहों पर समय की अलग अवधारणा होती है। इसीलिए, नये वर्ष का अर्थ है हर क्षण को सार्थक बनाना। सच्ची खुशी और आनंद केवल निरंकार में समाहित है। इस नये वर्ष में हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हम हर व्यक्ति तक इस सच्चाई को पहुंचा सकें।

# जरूरतमंदो में आरएसएस ने वितरित किया कंबल



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घुमंतू कार्य विभाग और सेवा विभाग द्वारा नगर में जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के घुमंतू कार्य संयोजक शशिभाल त्रिपाठी ने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए सड़कों पर भटक रहे लोगों को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरण कर मानवता की सेवा की गई है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के सह जिला सेवा प्रमुख राजेश जायसवाल ने कहा कि विगत कई वर्षो से ठंड के अवसर पर कंबल वितरण किया जा रहा है।इसी श्रृंखला में जरूरतमंदो में कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर अंकुर श्रीवास्तव, खण्ड सेवा प्रमुख दीपक खरे,तीर्थराज तिवारी, अंशुल, अंकित, लाभ अदिति, शुभ जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# 55 लाख के गांजे के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्रवाई में थाना अदलहाट पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अदलहाट पुलिस टीम ने सघन वाहन चेकिंग कर टाटा मैजिक में सवार 2 व्यक्तियों को पकड़ा। पकड़े गये अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना नाम-पता सोनू कुमार यादव निवासी शान्तिनगर मौलाबाद थाना टाउन जनपद भोजपुर बिहार व मनीष प्रजापति निवासी निरीया पोस्ट धरवार थाना करछना जनपद प्रयागराज बताया गया।

पुलिस टीम ने टाटा मैजिक की तलाशी ली तो उसमें से 115 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर मुक़दमा अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान काट दिया।

# गुरु गोविंद सिंह के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 358वें प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा सभा रतनगंज में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें कुल 21 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया तथा 11 लोगों ने रक्तदान किया। प्रथम रक्तदान संस्था के उपाध्यक्ष रविन्द्र पाल सिंह ने कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया तथा ब्लड बैंक के जन सम्पर्क आधिकारी राम कुमार गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। श्री साई सेवा समिति के अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया।

उक्त अवसर पर गुरुनानक इंटर कालेज के अध्यक्ष धरम पाल सिंह सरना, अमित गुप्ता, सीए विकास, गोवर्धन दास, लिपिका राउत, वंदना राय, स्मिता गुप्ता मिश्रा, मिशिता सिंह, रविंद्र पाल सिंह, बलदीप सिंह, संतोष पटेल, प्रदीप गुप्ता, दुर्गेश चौरसिया, राजेंद्र सिंह, सर्बजीत सिंह, जगमीत सिंह, जसदीप सिंह, बलबीर सिंह, उज्ज्वलराज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 28 महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 792/2019
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सुमन सिंह बनाम हरी प्रसाद सिंह
बनाम
हरी प्रसाद उम्र लगभग 65 वर्ष सुत छोटकू नि0ग्राम भुइदहा पर0 रानीगंज तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 08.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 1114/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शिव मिश्रा बनाम स्वाती पाण्डेय
बनाम
स्वाती पाण्डेय आयु करीब 33 वर्ष पत्नी शिवम सिंह पुत्र समाकान्त पाण्डेय निवासिनी 35/9 सी स्टेनली रोड प्रयागराज उ0प्र0
अं0धारा 13 हि0वि0अधि0
तारीख पेशी 08.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 1007/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शिव बहादुर बनाम पुष्पा देवी
बनाम
पुष्पा देवी उम्र लगभग 39 वर्ष पत्नी शिव बहादुर निवासी ग्राम गाबी पो0 रानीगंज अजगरा थाना लीलापुर जिला प्रतापगढ़
अं0धारा 13 हि0वि0अधि0
तारीख पेशी 08.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 2314/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन अनुराग मिश्र बनाम संदीप मिश्र
बनाम
1. संदीप मिश्रा 2. रंजीत मिश्र सुतगण राम कृपाल मिश्र निवासी ग्राम महकनी पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 07.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय लालगंज प्रतापगढ़
म0मु0 582/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम बहादुर आदि बनाम श्रीमती पार्वती आदि
बनाम .
1. श्रीमती पार्वती पत्नी प्रेमनाथ वर्मा 2. श्रीमती दुल्ला देवरी उर्फ कोमला देवी पत्नी सोमई उर्फ समई समस्त निवासीगण ग्राम विलियमगढ़ पहाड़पुर पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 3. राम गोपाल वर्मा सुत श्रीराम वर्मा नि0 ग्राम हर्षपुर असाँव पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 4. अरविन्द कुमार वर्मा एडवोकेट रजि0 नं0 यू0पी0 7445/2014 तह0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़ मो0 9839622196
तारीख पेशी 13.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय लालगंज प्रतापगढ़
म0मु0 580/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम बहादुर आदि बनाम श्रीमती पार्वती आदि
बनाम .
1. श्रीमती पार्वती पत्नी प्रेमनाथ वर्मा 2. श्रीमती दुल्ला देवरी उर्फ कोमला देवी पत्नी सोमई उर्फ समई समस्त निवासीगण ग्राम विलियमगढ़ पहाड़पुर पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 3. राम गोपाल वर्मा सुत श्रीराम वर्मा नि0 ग्राम हर्षपुर असाँव पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 4. अरविन्द कुमार वर्मा एडवोकेट रजि0 नं0 यू0पी0 7445/2014 तह0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़ मो0 9839622196
तारीख पेशी 13.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय लालगंज प्रतापगढ़
म0मु0 581/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम बहादुर आदि बनाम श्रीमती पार्वती आदि
बनाम .
1. श्रीमती पार्वती पत्नी प्रेमनाथ वर्मा 2. श्रीमती दुल्ला देवरी उर्फ कोमला देवी पत्नी सोमई उर्फ समई समस्त निवासीगण ग्राम विलियमगढ़ पहाड़पुर पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 3. राम गोपाल वर्मा सुत श्रीराम वर्मा नि0 ग्राम हर्षपुर असाँव पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 4. अरबिन्द कुमार वर्मा एडवोकेट रजि0 नं0 यू0पी0 7445/2014 तह0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय लालगंज प्रतापगढ़
म0मु0 581/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम बहादुर आदि बनाम श्रीमती पार्वती आदि
बनाम .
1. श्रीमती पार्वती पत्नी प्रेमनाथ वर्मा 2. श्रीमती दुल्ला देवरी उर्फ कोमला देवी पत्नी सोमई उर्फ समई समस्त निवासीगण ग्राम विलियमगढ़ पहाड़पुर पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 3. राम गोपाल वर्मा सुत श्रीराम वर्मा नि0 ग्राम हर्षपुर असाँव पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 4. अरबिन्द कुमार वर्मा एडवोकेट रजि0 नं0 यू0पी0 7445/214 तह0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# छुट्टा मवेशियों की दहशत से किसानों ने खेती से खड़े किए हाथ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**जारी (प्रयागराज)।** क्षेत्र के कई गांवों कोटर ,रेंगा चंद्रोदया , गोपालपुर,नारतीर, पालपट्टी, बड़िहा, हरवारी, पिपरहटा, गड़ेरिया, धंधुआ, पिपरांव लोहरा, मझियारी, आदि गांवों में छुट्टा पशुओं का आतंक कुछ इस कदर बढ़ गया है, कि इन गांवों की हजारों एकड़ जमीन बिना जोते बोये परती ही रहेगी। अब इन गांवों के किसानो ने खेती करने से हाथ तौबा कर लिया हैं। और यह घोषणा कर दिया है कि, अब हमारी जमीनें परती पड़ी रहेंगी लेकिन हम लोग तब तक खेती नहीं करेंगे जब तक की आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए शासन की तरफ से कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाता। भले ही हमारे बच्चे भूखे मर जाए। इन गांवों के किसानों के दिलों में पशुओं का आतंक कुछ इस कदर घर कर गया है, कि अब यहां के किसान इस साल अपनी जमीन परती ही रखने का विचार बना चुके हैं। लगातार दो - तीन सालों से पशुओं का आतंक और उससे हुए नुकसान की मार झेल चुके किसानों ने अब फिर से घर की पूंजी लगाकर खेतों में बीज डालने की हिम्मत नहीं जुट पा रही हैं। जिसके चलते इन गांवों की हजारों एकड़ जमीन सिंचित और सर्व साधन सुलभ होने के बावजूद भी अब बिना किसी फसल के परती ही रहेगी। आज तक इस इलाके में एक भी गोवंश आश्रय शाला का निर्माण नहीं कराया गया है। जिसके चलते आवारा मवेशी बेलगाम हो गये है। इस संबंध में कुछ गांवों किसानों लड्डू प्रसाद त्रिपाठी, ओंकारनाथ ,अशर्फी लाल यादव, राम विशाल उपाध्याय आदि ने बताया कि,पिछले दो-तीन वर्षों में पशुओं का आतंक इस कदर बढा है कि, खेती से फायदा मिलना तो दूर हमारी लागत भी डूब जा रही है। जिससे ऊब कर हमने अपनी जमीन परती रख दिया है। हमारी धान की फसल आवारा पशुओं ने पूरी तरह से चौपट कर दिया था जिसके चलते अब हमने इस वर्ष खेती करने का विचार छोड़ दिया है। और अपनी जमीन परती रखेंगे। इसके जगह पर कोई दूसरा काम देखेंगे। आवारा मवेशियों के रोकथाम की कोई व्यवस्था न देख कर औरआवारा पशुओं की दौड़ देखकर अब खेत में बीज डालने का विचार ही नहीं बन रहा है । जब तक आवारा पशुओं को रोका नहीं जाता हम किसानी खेती नहीं करेंगे। आवारा पशुओं के बीच में खेती करने से अच्छा है कि, खेत परती ही बना रहे।आवारा मवेशियों को रोक पाना अब न शासन के बस में दिख रहा है और न ही प्रशासन के। जिसे देखते हुए खेत में बीज मरी कराने से अच्छा है कि हमारे खेत परती ही पड़े रहें।

# केएफ वॉलीबॉल प्रतियोगिता 11 जनवरी से

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** विकास खंड बहरिया क्षेत्र के सुल्तानपुर अतनपुर में स्थित नईम उद्दीन मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के वार्षिकोत्सव के मौके पर केएफ बॉलीबॉल प्रतियोगिता सीजन 3 का आयोजन 11 और 12 जनवरी को खेला जाएगा। जिसमें विजेता टीम को प्राइज मनी 12 जनवरी को ही वितरित की जाएगी। प्रतियोगिता में ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्र मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के डॉयरेक्टर हाजी मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी ने दी।

# बाइक की टक्कर से छात्र की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** रविवार शाम आठ बजे घर से सब्जी खरीद करने निकला छात्र बाइक की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन हालत में स्वजन द्वारा इलाज के लिए प्रयागराज शहर ले जाया गया। जहां डाक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। रात में ही परिजनों ने शव को घर लाया गया। जबकि सुबह सोमवार को खीरी पुलिस पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खीरी थाना के कमलदीप नगर लेड़ियारी का रहने वाला 14 वर्षीय ज्ञान योगेश कुमार उर्फ चंदन पुत्र सीता राम सिंह बाजार में ही चेतना बालिका जुनियर हाई स्कूल में कक्षा सात का छात्र था। शाम को सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए घर से पैदल निकला था। घर से मात्र बीस मीटर पुलिस सहायता केंद्र नीबी मोड़ पर जैसे ही पहुंचा। कोरांव की ओर से जा रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ज्ञान योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोग उसे प्रयागराज शहर ले गए जबकि रास्ते में ही उसकी सांसें थम चुकी थी। लेकिन साथ में रहे लोगों ने कहा अभी जिवित है। जिससे शहर में एक डाक्टर के यहां ले जाया गया। लेकिन पहुंचने पर डाक्टर मृतक घोषित कर दिया। सोमवार को सुबह मृतक के चाचा विनोद कुमार ने बाइक चालक खीरी थाना क्षेत्र के अभिषेक कुमार पुत्र संजय कुमार ग्राम ओबरी ( शिवराम पुर ) के खिलाफ तहरीर दी है। मृतक के स्वजन का आरोप है कि एक बाइक पर तीन लोग शराब के नशे में तेज रफ्तार से चला रहे थे। जबकि पुलिस सहायता केंद्र पर ही घटना है। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया। लेकिन इलाज के लिए चले जाने पर उन्हें छोड़ दिया गया। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। छोटा भाई प्रदीप कुमार जबकि इसी विद्यालय में कक्षा छह का छात्र है। पिता सीता राम सिंह आटो ई रिक्शा चलाकर अपना और अपने परिजनों का जीवन यापन करते हैं। बेटे की मौत को लेकर माता मंजू देवी व स्वजन के लोगों का रो - रोकर बुरा हाल बना हुआ है।पुलिस सहायता केंद्र इंचार्ज अजय सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

# याद ए रफ्तगान में हुई मरहूमीन के इसाले सवाब को मजलिस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** चकिया स्थित बड़ी कर्बला क़ब्रिस्तान में खुद्दामे तहफ्फुज़ ए कर्बला कमेटी व मोमनीन इलाहाबाद की ओर से लगभग दस वर्षों से प्रत्येक माह में मरहूमीन के लिए मजलिस ए अज़ा का आयोजन किया जा रहा है।
इसी क्रम में कर्बला क़ब्रिस्तान में आयोजित मजलिस की शुरुआत ज़ाकिर व शिक्षक रज़ा अब्बास ज़ैदी की तिलावत ए कलाम ए पाक से आग़ाज़ हुआ। मौलाना सैय्यद मोहम्मद यासिर साहब क़िब्ला ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि मरहूमीन के लिए सब से बड़ा तोहफा उनकी मग़फिरत को ज़्यादा से ज़्यादा तिलावत करना और उनके लिए दुआ ए मग़फिरत करना होता है। मजलिस ए अज़ा से भी मरहूमीन को सवाब मिलता है।
मौलाना सैय्यद मोहम्मद यासिर ने कर्बला के शहीदों का मार्मिक अंदाज में वर्णन किया। रज़ा अब्बास ज़ैदी ने बताया कि यादे रफ्तगान सिर्फ एक मजलिस और जियारत अहले कुबूर तक महदूद नहीं है जबकि यह तहफ्फुज़ ए क़ब्रिस्तान का एक मिशन है।
इस मौक़े पर मौलाना मोहम्मद ताहिर, काज़िम अब्बास, फिज़्ज़ी, हसन दानिश, अलमास हसन, मुफीद अब्बास, अहमद जावेद कज्जन, आलिम रिज़वी, वक़ार हुसैन, इनाम नक़वी, डॉ मज़हर अब्बास, मास्टर क़मर अब्बास आदि शामिल रहे।

# राम कथा सुन भक्त हुए मंत्रमुग्ध



**प्रयागराज।** वार्ड 54 के नन्द गांव कॉलोनी मे स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर के वार्षिक कार्यक्रम एवं राम कथा के दूसरे दिन मानस भास्कर कथावाचक पंडित विद्यासागर महाराज ने सात दिवसीय राम कथा के दूसरे दिन में आज भजन कीर्तन के साथ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध और भाव विभोर किया।
राम कथा में आज का प्रसंग शंकर भगवान और पार्वती के विवाह का वर्णन किया। जब ऋषि मुनियों ने राक्षसों से तंग होकर के भगवान नारद से उपाय पूछा तो भगवान नारद ने कहा कि पार्वती का पुत्र ही इन राक्षसों का संघर्ष कर पाएगा। तब ऋषि मुनि भगवान नारद के साथ भगवान शंकर की आराधना में मंत्र मुग्ध होकर की जा रही स्तुति गायन शुरू किया। भगवान शंकर की जो प्रतिज्ञा थी वह बहुत ही दुर्लभ थी। कामदेव ने भगवान की तपस्या को भंग किया और त्रिनेत्र से कामदेव जब भस्म हो गए तो उनकी पत्नी ने जो विलाप किया। उस से शंकर भगवान का क्रोध कम हुआ। उन्होंने पुनः कामदेव को जीवित किया ताकि सृष्टि का सृजन चलता रहे।
आज ब्यास पीठ का पूजन ममता वर्मा, रवि वर्मा ने किया। पूजन नवीन पुजारी जी द्वारा कराया गया। रामकथा वार्ड 54 के नंदगांव कॉलोनी में नंदेश्वर मंदिर पर 11 जनवरी तक चलता रहेगा।

# अवैध खनन को लेकर सख्त हुआ प्रशासन, खोदा गया रास्ता



**खीरी (प्रयागराज)।** थानाध्यक्ष खीरी आशीष सिंह द्वारा अवैध खनन को रोकने हेतु सख्त कदम उठाए गए। जिसके तहत जिन घाटों में अवैध खनन की सूचना थी वहां पर पहुंचकर उक्त सभी संभावित स्थल पर पहुंचने वाले सभी रास्तों को जेसीबी के माध्यम से खुदवा दिया गया तथा मुख्य चौराहों पर खनन वाहनों की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस लगा दिए गए है। वार्ता के दौरान आशीष सिंह द्वारा बतलाया गया कि थाना क्षेत्र में अवैध खनन पहले से ही बंद है। शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर और अधिक सतर्कता बरतने हेतु रास्तों में जेसीबी के माध्यम से गढ्ढे करा दिए गए है और साथ ही साथ किसी भी स्थिति में अवैध खनन थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी स्थान पर नहीं होने दिया जाएगा।

# वर्षों से मरम्मत की बाट जोह रहे सैकड़ों हैंडपंप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**जारी (प्रयागराज)।** क्षेत्र के न्याय पंचायत सुजनी, पिपरांव, और खूंटा के सैकड़ो गांवों के बीच में सैकंडों हैंडपंप खराब पड़े मरम्मत की बाट जोह रहे हैं। बावजूद इसके आज तक प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान इन खराब पड़े हैंड पंप की तरफ न जाने से उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कौहट के विमलेश पाल के दरवाजे पर लगा हैंडपंप विगत दो वर्षों से खराब पड़ा है तो, वही कोटर निवासी राजेंद्र प्रसाद के दरवाजे पर लगा हैंडपंप लगभग दस वर्षों से खराब पड़ा है, लोहरा निवासी जयप्रकाश तिवारी ने बताया कि, मेरे घर से कुछ दूर सड़क के किनारे लगा हैंडपंप सात सालों से खराब पड़ा है, और पानी की विकट समस्या हो रही है। तहसील प्रशासन और गांव प्रशासन से कई बार कहने पर भी आज तक इसको सुधरवाया नहीं जा सका है। प्रबन्धक जनहित माध्यमिक विद्यालय पालपट्टी एल पी त्रिपाठी के अनुसार विद्यालय में लगा हैंडपंप चार वर्षों से खराब है। उपरोक्त सहित कोटर, रेंगा, चंद्रोदया, माझियारी, बड्डिहा, सिंहपुर, नारतीर,गुलालपुर ,ककराही, गडेरिया, पिपरहटा, बिसौरा, गोपालपुर ,ढेरहन ,इंटवा, दिघलो ,सुजनी, जोर पर, हरवारी, पिपरांव,घोरी, करह, सिरहिर, चांद खमरिया, सलैया कला, सलैया खुर्द ,लालतारा, दसौती, हरदिया आदि गांवों के सैकड़ो हैंड पंप मरम्मत के अभाव में बेकार पड़े हुए हैं, और लोगों को पानी की समस्या हो रही है।

# घर लौटते समय सड़क हादसे में पत्रकार हुए घायल



**खीरी (प्रयागराज)।** बीती रात रविवार को प्रयागराज से अपने घर लौटते समय चार पहिया एवं डंफर में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक हिंदी दैनिक अखबार के रिपोर्टर चोटिल हो गए और डंफर मौके से भाग निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार खपटिहा खीरी निवासी मुकेश द्विवेदी और राजेश सिंह दोनों एक हिंदी दैनिक अखबार के रिपोर्टर है। रविवार को देर रात प्रयागराज से कार्य को समाप्त कर अपने घर की ओर आ रहे थे तभी तेज रफ्तार डंपर ने खीरी थाना क्षेत्र के कौदी के पास उनके चार पहिया वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बैठे दोनों पत्रकार और उनके सहयोगी वेद प्रकाश को चोट आई। आनन फानन में सभी चोटिल लोगों को कोराव ले जाया गया। चोट अधिक होने के कारण डॉक्टरों द्वारा उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जिसमें राजेश सिंह को गहरी चोट आई जिनका इलाज प्रयागराज के बड़े अस्पताल में चल रहा है और साथ ही साथ मुकेश और वेद प्रकाश को चोट लगी है।

# राजस्व टीम ने गरीबों का दर्जनों पेड़ काटकर डेरी वाले का बना दिया रास्ता



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के भदवा गाँव के दलितों ने राजस्व टीम पर आरोप लगाया है कि उनका दर्जनों हरे पेड़ काट कर डेरी वाले का रास्ता बना दिया गया। वह पेड़ काटने का विरोध कर गिड़गिड़ाते रहे लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था।
आपको बताते चले एक तरफ सरकार हरियाली लाने के लिए जहाँ हर साल गांव में पेड़ रोपित करती है। वहीं कुछ जिम्मेदार लोग इस अभियान का पतीला लगा रहे हैं। पैसे की लालच में एक आदमी के हित को देखते भदवां गांव में रविवार को दर्जनों पेड़ काटकर जमीडोंज कर दिया गया। पेड़ लगाने वाले दलित गिड़गिड़ाते रहे लेकिन किसी को रहम नहीं आई। यहीं पर नहीं एक आदमी के लिए बनाया गया रास्ता से अब बरसात में दलितों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। पीड़ित दलितों ने राजस्व टीम की मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

# कोरांव,व्यवस्थाओं के बावजूद गो आश्रमों में दम तोड़ते गोवंश

## गो शालाओं से अच्छी खासी रकम सरकार की हो रही बर्बाद

**कोराव(प्रयागराज)।** तहसील कोरांव अंतर्गत स्थापित करीब बीस गौशालाये जहां करोड़ों की सरकारी लागत से बनी है या यूं मानिये ग्राम पंचायत का आधा काम प्रभावित करके लगातार गौशाला में लगा रहता है काम। साथ ही प्रति महीने करोड़ों का सरकारी धन का भुगतान हो ता है उसके बावजूद भी आए दिन मर रही गौ माताये जो चर्चा का विषय है। फिलहाल जागरूक समाज सेवीयों से अनुरोध भी कर रहे हैं जिसे आप हम गाय को गौ माता बोलते हैं उनकी सेवा के लिए एक कदम आगे बढ़ के आना होगा जिससे उनकी मौत ना हो और उनकी सेवा का संकल्प भी लोग लें।जिससे फैली पर्याप्त भ्रस्टाचार की ब्यवस्था को जन सहयोग से चुस्त दुरुस्त किया जा सके।



**कोरांव में कुल स्थापित सरकारी हो शालाएं**
1 कपुरी बढैया
2 पसना
3 बेलहट
4 बेलवनिया
5 बढवारी कला
6 छडगडा
7 महुली
8 देवघाट
9 बड़ोखर
10 देवरी
11 बहरैचा
12 जोरवट
13 खीरी
14 टौगा कला
15 पंवारी
16 किहुनी खुर्द
17 सिकरो
18 केड़वर
19 ऊंचडीह
20 पियरी

प्रमोद मिश्र प्यासी सामाजिक कार्यकर्ता ने जनता से अपील किया है कि लोग मेरा सहयोग करें मैं पूरी ब्यवस्था को सुधारने की भरसक कोशिश कर रहा हूं।

# नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गंदगी का अंबार, कैसे हो मरीजों का इलाज



**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** एक तरफ केंद्र व प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत बनाए रखने के लिए गांव में लाखों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। वहीं आज भी गांव व नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नाली का पानी बहने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मरीजों को इलाज कराने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
बताया जाता है कि नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वर्ष 2003 में स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की है। लेकिन आज तक चहारदीवारी न बनाएं जाने से लोगों का घरों का गंदा पानी अस्पताल तक भरा रहता है। इतना ही नहीं बाउंड्रीवाल नहीं बनने से चारों ओर बेसहारा गोवंशों का झुंड रहता है। जिससे उनके रहने से ज्यादा गंदगी बना हुआ हैं। इसका वजन यह है कि स्वास्थ्य केंद्र के पास कूड़ादान बना हुआ है। इसमें मोहल्ले के लोग घरों से निकलने वाली जूठ और सड़े गले समाग्री फेंक देने से मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।
फर्मासिस्ट शिव सिंह का कहना है कि अस्पताल के सामने नाली का निर्माण कार्य कराया गया है। लेकिन उसमें ढक्कन नहीं लगाने जाने के का उक्त नाली में मल-मूत्र बहने से काफी बदबू आती है। जिससे बाहर बैठना मुश्किल है। जबकि अस्पताल के चारों ओर खिड़कियां बंद कर किसी तरह से मरीजों को दवा दिया जा रहा है। जबकि इस गंदगी से मच्छरों के प्रकोप से अस्पताल में बैठना मुश्किल हो गया है।

# यूरिया नदारद,अन्नदाता परेशान, ऊंचे दामों में खरीदने से विवश

## पिछड़ रही है गेहूं की बोआई, समितियों पर जाकर निराश लौट रहे किसान, बाजार में महंगे दामों में खरीदने के लिए मजबूर

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** गेहूं सहित अन्य फसलों की बोआई लगभग एक पखवाड़े से किया गया है। लेकिन यूरिया खाद नहीं मिलने से किसान परेशान है । कोरांव तहसील क्षेत्र के 11 साधन सरकारी समितियों के गोदाम में डीएपी, और यूरिया के अभाव किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है । यूरिया न मिलने के कारण किसानों की पैरा विधि से गेहूं की बोआई का काम तो पूरा कर लिया गया है। कुछ ही लोगों का अब पीछे रहा है । इसके अलावा आलू , सरसों , मसूर , चना , अलसी सहित अन्य फसलों की बोआई के बाद यूरिया न मिलने से काम बाधित है । समय पर खाद नहीं मिलने के कारण किसान चिंतित है , क्षेत्र की कुछ साधन सरकारी समितियां कुछ जगहों पर तो खाद भेजी गई है । लेकिन ऊंट के जीरा जैसे साबित हो रहा है। किसानों को यूरिया न मिलने से बोआई की गई फसलों के लिए दिक्कत आ रही है।किसानों का कहना है कि समय से यूरिया खाद न मिलने से बाजार में ऊंचे दामों पर खरीदना पड़ रहा है। जबकि साधन सहकारी समिति में 280 रूपये के बजाय चार सौ में लेना पड़ रहा है।
साधन सहकारी समिति खूंटा सचिव आदर्श मिश्रा ने बताया कि सोमवार को 488 बोरी यूरिया खाद समिति में विभाग द्वारा भेजी गई थी । कोरांव तहसील क्षेत्र में 11 साधन सहकारी समितियां हैं लेकिन किसी भी समिति में डीएपी व यूरिया खाद का भी उपलब्धता नहीं है । इस वजह से किसान निराश हो गए हैं । डीएपी के बजाय एमपी के बांटने से किसान मायूस ।
साधन सहकारी समिति लेड़ियारी में डीएपी के स्थान पर एनपीके वितरण की जा रही है` ।सुबह से लाइन लगे किसानों का कहना है कि लंबे इंतजार के बाद यूरिया के लिए साधन सहकारी समिति खूंटा पर सुबह से आधार कार्ड जमा कर कतार में खड़े थे । पता चला कि डीएपी के स्थान पर एनपीके मिल रही है । कुछ किसानों ने खाद ली मगर ज्यादातर किसान निराश लौट गए । इस रबि फसल की बुवाई चल रही है । जिसमें डीएपी ना मिलने से क्षेत्रीय किसान खेती किसान काफी परेशान है` इस संबंध में सचिव अनिल सिंह, आदर्श मिश्रा ने बताया कि एक किसान को एक आधार कार्ड पर दो बोरी डीएपी दी जा रही है। तीन सौ बोरी आई है। छः सौ किसानों को मिलना मुश्किल है। जबकि अल्प किसानों को एक बोरी दी जा रही है। महंगी खाद खरीदने को विवश हैं अन्नदाता ।
साधन सहकारी समिति में यूरिया खाद न होने से किसान परेशान है । जहां एक तरफ आलू , गेहूं की बोआई के लिए किसान अपने खेतों की तैयारी में जुट गए हैं । वहीं क्षेत्र की साधन सरकारी समिति में डीएपी खाद न होने के कारण किसानों को महंगे दामों में व्यापारियों से खरीदना मजबूरी हो गया है 1350 रूपए की डीएपी क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा 1800 रुपए प्रति बोरी बोरी दी जा रही है । समिति में खाद न आने के कारण



व्यापारियों की पौ बारह हो गई है । खाद की किल्लत पर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कुछ नहीं बता पा रहे हैं।
साधन सहकारी समिति पूरादतु पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि चार माह से आज तक हमारे यहां डीएपी खाद नहीं आ रही है। एक सप्ताह पूर्व एनपीके दो सौ बोरी आई थी। इसके बाद कोई खाद उपलब्ध नहीं है।एक तरफ प्रदेश सरकार खाद की कमी नहीं होने की ढिंढोरा पीट रही है। दूसरी तरफ खाद न मिलने से खेत परती पड़ती जा रही है। जिससे क्षेत्रीय किसान उमाशंकर शंकर पांडेय, कृष्ण देव, विद्या कांत पांडेय, राज नारायण, निर्मला देवी आदि किसानों का कहना है कि रबि और खरीब की बोआई के समय समितियों में खाद नहीं मिलने से दिक्कत उठानी पड़ती है। जबकि इस समय गेहूं की बोआई तेजी से चल रहा है।

# कोहरे व गलन ने बढ़ाई मुसीबत, जनजीवन बेहाल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** लगभग एक सप्ताह से बदले मौसम में सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है । सुबह - शाम दोनों समय कोहरा छाए रहने से लोग परेशान है । दिन भर की गलन लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर रही है` । सार्वजनिक स्थानों पर अलाव न जलवाए जाने से राहगीरों , मजदूर व गरीबों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है । विशेष कर दिहाड़ी मजदूर , ठेला चालक ठंड से बेहाल है । दिनभर गलत रहने के कारण सड़कों पर चहल-पहल बेहद कम है । शाम होते ही मौसम के तेवर को देखकर लोग घरों में दुबक रहे हैं । कई दिनों से सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ ही रही है । इस दौरान सड़कों पर जहां वाहनों की रफ्तार धीमी हो रही । वही लोग गलत से भी परेशान दिख रहे हैं । दिन में एक - दो घंटे के लिए निकलने वाली धूप लोगों को राहत नहीं दे पा रही है ।
तापमान का पारा लगातार नीचे गिरने की वजह से सोमवार को पूरे दिन गलन बरकरार रही । ठंड का असर ग्रामीणों इलाकों के साथ बाजारों में भी दिखना शुरू हो गया है । दुकानदार दुकान को खोल रहे हैं । लेकिन ग्राहकों के अभाव में वह मायूस नजर आ रहे हैं । कोहरे व कड़ाके ठंड से आम जनमानस बेहाल है । क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए अलाव नहीं जलावाए गए हैं । लेड़ियारी में स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के रैन बसेरे में भी राहगीरों को रूकने के लिए व्यवस्था नहीं की गई है । बाजार में दुकान खुली होने के बावजूद ग्राहकों के नदारद होने से कारोबार प्रभावित हो रहा है ।

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** झूंसी थाना क्षेत्र में शहर से लौट रहे व्यक्ति को नकाब पोश तीन बदमाशों ने रास्ते में रुकवा कर जान लेवा हमला कर लात घुसो और लोहे की रॉड व अन्य वस्तुओं से मार कर उसे लहूलुहान कर मरणासन्न अवस्था में छोड़ दिया।बताया गया कि बुखारी लाल बगिया कोहना झूंसी निवासी ज्ञानचन्द्र पुत्र गुलाब सिंह 23 दिसंबर को शहर से देर रात इलेक्ट्रिक मोपेड बाइक से घर लौट रह था जैसे ही रिलायंश मार्ट के सौ मीटर आगे पहुंचा था कि तीन नकाबपोश बुलेट मोटर सायकिल से सवार हो कर उसे घेर लिया इसका विरोध करने पर अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियो ने उसे लात घुसो व लोहे की रॉड तथा अन्य वस्तुओं से पीटने लगे जिससे उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटे आई और मृत समझ कर वह से भाग गए। इतना ही नहीं जाते हुए नकाबपोश लोगों ने कहा कि जिंदा रहा तो दुबारा फिर इसे जान से मार दूंगा। भुक्तभोगी ने झूंसी थाने में तहरीर दी और पुलिस छानबीन करने में जुट गई। घटना के लगभग दो हफ्तेबाद तहरीर के मुताबिक अज्ञात लोगों पर में मुकदमा दर्ज किया गया पुलिस उन नकाबपोश व्यक्तियो की तलाश शुरू कर दिया।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अंतिम मतदाता सूची जारी

**▶▶1.55 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। राष्ट्रीय राजधानी में एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष मतदाता हैं, जबकि 71,73,952 महिला मतदाता हैं। इनमें 18-19 आयु वर्ग 52,554 मतदाता जोड़ो गए हैं जो पहली बार मतदान करेंगे।मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के अनुसार दिल्ली में अब 1,55,24,858 मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1261 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। यह सूची 29.10.2024 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची के 1,53,57,529 की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 1.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।सीईओ कार्यालय के मुताबिक अब तक मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने को लेकर झूठे व छेड़छाड़ किए गए दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के लिए 24 लोगों के खिलाफ़ आठ एफ़आईआर दर्ज की गई हैं। दिल्ली के सीईओ ने नए मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए झूठे और मनगढ़ंत दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के विरुद्ध चेतावनी दी है। नई मतदाता सूची में यह भी बताया गया है कि 16 दिसंबर, 2024 के बाद से नए मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 की अभूतपूर्व भीड़ देखी गई। इस तिथि से दिल्ली में 5.1 लाख से अधिक फॉर्म-6 प्राप्त हुए हैं। यह 3.08 लाख नए मतदाताओं (एसएसआर-2025 के दौरान नामांकित यानी मसौदा प्रकाशन तिथि 29.10.2024 के बाद से) को जोड़ने के बाद है। फॉर्म-6 की अभूतपूर्व वृद्धि और वह भी एसएसआर-2025 (28.11.2024) में निर्धारित दावों और आपत्तियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि के 20 दिनों के बाद, अप्रत्याशित है और इसकी अधिक जांच की आवश्यकता है। सभी ईआरओएस को ईसीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक फॉर्म की सख्ती से जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं।सीईओ कार्यालय ने कहा कि वास्तविक पात्र व्यक्तियों की पहचान करने के लिए ईआरओ और एईआरओएस द्वारा 100 प्रतिशत क्षेत्र सत्यापन किया जाएगा अब तक मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए झूठे व छेड़छाड़ किए गए दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए 24 लोगों के खिलाफ आठ एफआईआर दर्ज की गई हैं।सीईओ कार्यालय ने कहा कि 1 जनवरी 2025 के संबंध में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य 20.08.2024 को पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के प्रारंभ के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू हुआ। पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के पूरा होने के बाद, 29.10.2024 को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की गई और 29.10.2024 से 28.11.2024 तक की अवधि के दौरान दावे और आपत्तियां भरने के लिए कहा गया। मसौदा प्रकाशन के समय मतदाताओं की कुल संख्या 1,53,57,529 थी। ईसीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, मसौदा मतदाता सूची 29.10.2024 से पूरी दिल्ली में सभी निर्दिष्ट स्थानों पर प्रदर्शित की गई थी। मसौदा प्रकाशन के दिन सभी छह मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मसौदा मतदाता सूची की हार्ड कॉपी के साथ-साथ सॉफ्ट कॉपी मुफ्त प्रदान की गई। राजनीतिक दलों के साथ सीईओ स्तर के साथ-साथ डीईओ स्तर पर बैठकें आयोजित की गई, जिसमें एसएसआर में उनकी भागीदारी की मांग की गई, जैसे राजनीतिक दलों द्वारा बीएलए की नियुक्ति, ईआरओएस और बीएलओएस के साथ समन्वय रखते हुए एसएसआर की प्रत्येक प्रक्रिया में बीएलए की भागीदारी। दिल्ली की आम जनता की जानकारी के लिए प्रमुख समाचार पत्रों में विशेष सारांश संशोधन के बारे में एक सार्वजनिक सूचना भी जारी की गई थी। आम जनता की सुविधा के लिए सीईओ, दिल्ली की वेबसाइट पर मसौदा मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई थी।29.10.2024 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची के संदर्भ में, दिल्ली के एनसीटी के सभी 70 एसी के ईआरओ द्वारा 29.10.2024 से 28.11.2024 तक दावे और आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। 09.11.2024 और 10.11.2024 तथा 23.11.2024 और 24.11.2024 को विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिसके दौरान बीएलओ अपने क्षेत्र की मसौदा मतदाता सूची के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध थे, ताकि आम जनता और राजनीतिक दलों के बीएलए को मसौदा मतदाता सूची देखने और संबंधित बीएलओ को अपने दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने में सुविधा हो।

## सर सैयद अहमद खान को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उर्दू डेवलपमेंट आर्गनाइज़ेशन (यूडीओ) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर देश के जाने-माने समाज सुधारक, शिक्षाविद एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद अहमद खान को देश का सबसे सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान करने की मांग की है। यूडीओ अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि केंद्र सरकार महान शिक्षाविद एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय को दिसम्बर 2015 में भारत रत्न से सम्मानित कर चुकी है। पंडित मालवीय और सर सैयद ने हमारे देश के निर्माण और समाज के सुधार के लिए जो कार्य किया है, वह इसके हकदार हैं।

पंडित मालवीय को उनका हक मिल गया है मगर सर सैयद को अभी तक यह सम्मान मिलने का इंतजार किया जा रहा है।डॉ. खान ने कहा कि सर सैयद अहमद ख़ान का योगदान देश की प्रगति में अमिट है। जैसे कि पंडित मालवीय को उनके शैक्षिक योगदान और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया, उसी प्रकार सर सैयद अहमद ख़ान भी इस सम्मान के लिए अत्यंत योग्य हैं।पंडित मदन मोहन मालवीय को मरणोपरांत वर्ष 2015 में भारत रत्न दिया गया था। उन्होंने वर्ष 1916 में बीएचयू की स्थापना की थी, जो आज भी देश के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक है। उनके प्रयासों ने भारतीय समाज में शिक्षा और सामाजिक जागरुकता को एक नई दिशा दी। उसी तरह सर सैयद अहमद ख़ान ने वर्ष 1875 में मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज (जो आगे चलकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना) की स्थापना की। यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि सामाजिक सुधार और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक भी है। सर सैयद ने उस दौर में शिक्षा का प्रचार किया जब भारतीय समाज में अज्ञानता और भेदभाव अपने चरम पर थी। उन्होंने आधुनिक शिक्षा, विज्ञान और तर्कशीलता को बढ़ावा देकर समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया।उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व की बात होगी कि एक महान शिक्षाविद और समाज सुधारक सर सैयद अहमद ख़ान को भी भारत रत्न के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाए। इससे न केवल उनके योगदान का सही मूल्यांकन होगा, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को भी शिक्षा के महत्व, सामाजिक सुधार और सहिष्णुता के प्रति प्रेरित करेगा। इस विषय पर केंद्र सरकार को सकारात्मक विचार करते हुए सर सैयद अहमद ख़ान को भारत रत्न से सम्मानित करना चाहिए।

# भाजपा ने कैग की रिपोर्ट पर अरविंद केजीवाल को घेरा

**● कहा- दिल्ली वालों को धोखा दे कर बनाया शीशमहल**



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के लिए साल 2022 की भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर सोमवार को अरविंद केजरीवाल को घेरा। आज कैग की रिपोर्ट का हवाला दे कर भाजपा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों को धोखा देकर अपने लिए %शीशमहल% बनवाया जिस पर करोड़ों रुपये खर्च किए। आम आदमी पार्टी की सरकार ने %शीशमहल% पर अनुमानित खर्च से चार गुना अधिक किया गया। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की सरकार ने विभिन्न योजनाओं पर होने वाले से व्यय से कहीं अधिक बजट पर विज्ञापन पर खर्च किया। इसे जनता पर नहीं खर्च किया।सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद संबित पात्रा ने कहा कि कैग की रिपोर्ट साफ बताती है कि अरविंद केजरीवाल ने जनता के पैसे का किस तरह से दुरुपयोग किया।

उन्होंने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल राजनीति में आए थे तो कहते थे कि वे कुछ नहीं लेंगे। लेकिन पिछले दस सालों में उन्होंने किस प्रकार से दोनों हाथों से जनता के पैसे बटोरे हैं।दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास-6 फ्लैग स्टाफ रोड को लेकर उठे विवाद पर भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि कैग रिपोर्ट में कहा गया है कि 17 मार्च, 2020 को दिल्ली के पीडब्ल्यूडी ने 6 फ्लैग स्टाफ रोड को फिर से बनाने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव के तहत एक मंजिला इमारत को गिराकर एक अतिरिक्त नई मंजिल का निर्माण करना था। हैरानी की बात यह है कि इस प्रस्ताव को एक दिन के भीतर स्वीकार कर लिया गया। इसके लिए अनुमानित लागत 7.61 करोड़ रुपये रखी गई थी, लेकिन सरकार द्वारा जारी टेंडर में राशि 8.62 करोड़ रुपये बताई गई थी। पहले चरण में ही घोटाला अप्रैल 2022 में काम पूरा हुआ। फाइनल पेमेंट 33.66 करोड रुपये का हुआ।उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने विज्ञापन पर जनता का पैसा खर्च किया। अरविंद केजरीवाल को आज से %विज्ञापन बाबा% कहना चाहिए। दिल्ली सरकार ने %बिजनेस ब्लास्टर्स% योजना के लिए कुल 54 करोड़ रुपये खर्च किए। हालांकि, इस योजना के विज्ञापन में 80 करोड़ रुपये की लागत आई थी। कैग ने उल्लेख किया कि योजना के विज्ञापन के लिए खर्च योजना के खर्च का 1.5 गुना था । एक अन्य योजना में 1.9 करोड़ रुपये का निवेश किया गया। हालांकि, विज्ञापन का खर्च 27.9 करोड़ रुपये था।

## अमित शाह ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा रकाब गंज में मत्था टेका



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को दिल्ली के गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में आयोजित सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने गुरुद्वारा में मत्था टेककर देशवासियों की खुशहाली की अरदास की।अमित शाह ने कहा कि अधर्म व अत्याचार के खिलाफ अडिग होकर संघर्ष करने वाले श्री गुरु गोबिंद सिंह का जीवन त्याग, शौर्य और सेवा का अनुपम उदाहरण है।इस मौके पर दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका, भाजपा नेता सरदार आर पी सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा और नई दिल्ली विधानसभा से पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा भी उपस्थित थे।

# बिहार के तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब में हर्षोल्लास के साथ मनाया गुरु गोविंद सिंह का 358वां प्रकाश पर्व, हजारों श्रद्धालुओं ने चखा लंगर का प्रसाद

**▶▶मुख्यमंत्री ने तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब में मत्था टेका**



**पटना, (हि.स.)।** सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के 358वें प्रकाश पर्व बिहार में हर्ष और उल्लास से मनाया गया। प्रकाश पर्व पर पटना साहिब गुरुद्वारा में महालंगर प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु प्रसाद के रूप में लंगर चखा। लंगर में 24 घंटे महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं को निस्वार्थ भाव से लंगर चखाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सहयोगी मंत्रियों विजय कुमार सिन्हा और विजय चौधरी के साथ तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब में मत्था टेका।इस मौके पर गुरुद्वारा में सेवादारों ने निस्वार्थ भाव से सेवाएं दीं। कोई खाना बनाने में लगा था तो कोई श्रद्धालुओं को खिलाने में लगा था। महिलाएं रोटियां बनाने में जुटी थी। कोई सब्जी काटने में लगी थी। सेवादारों की श्रद्धाभक्ति देखते ही बनी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुबह गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर शुभकामना संदेश में कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर मैं सिख समुदाय के सभी भाईयों एवं बहनों के साथ सभी बिहारवासियों के प्रति हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही इस अवसर पर बिहार की पवित्र धरती पर पधारे सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन संघर्ष, त्याग एवं बलिदान की अनुपम गाथा है। सत्यनिष्ठा, स्वाभिमान, राष्ट्र-प्रेम तथा सामाजिक समरसता से परिपूर्ण उनका जीवन सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है।प्रकाशोत्सव में शामिल होने के लिए पंजाब के बटाला से 1505 किलोमीटर की साइकिल यात्रा तय करके सिख श्रद्धालु मनिंदर सिंह पटना साहिब पहुंचे। 22 दिसंबर को मनिंदर ने पंजाब से अपनी यात्रा शुरू की थी। गुरु गोविंद सिंह की जयंती में शामिल होने के लिए वो 6 जनवरी को पटना साहिब पहुंचे हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य देश में शांति का संदेश फैलाना है।सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह की 358वीं जयंती आज मनाई गई। उनका जन्म पटना साहिब में पौष शुक्ल सप्तमी को हुआ था। इस वर्ष सप्तमी तिथि 5 जनवरी को रात 8~15 बजे शुरू हुई और 6 जनवरी को शाम 6~23 बजे तक थी। मुगल साम्राज्य के हिंसक और उथल-पुथल भरे समय में जन्मे गुरु गोविंद सिंह को नौ साल की उम्र में दसवें सिख गुरु के रूप में नामित किया गया था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर नौवें सिख गुरु थे।गुरु तेग बहादुर को मुगल सम्राट औरंगजेब ने शहीद कर दिया था। क्योंकि, उन्होंने इस्लाम धर्म अपनाने से इनकार कर दिया था।गुरु गोविंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की, जिसमें आध्यात्मिक समुदाय समाज में समानता और न्याय को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध था। अपने जीवनकाल के दौरान गुरु गोविंद सिंह ने दशम ग्रंथ जैसे कई आध्यात्मिक ग्रंथों की रचना की, जिसमें उनकी दार्शनिक प्रतिभा झलकती है। अपने लेखन के माध्यम से उन्होंने समानता और निस्वार्थ सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।उल्लेखनीय है कि हर साल गुरु गोविंद सिंह की जयंती को समान परंपराओं और प्रथाओं वाले कई शहरों में बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

गुरुद्वारों में अखंड पाठ होते हैं। सुबह के जुलूस यानी प्रभात फेरी में भक्त भाग लेते हैं और भजन-प्रार्थनाएं गाते हैं। इसके अलावा कीर्तन के साथ प्रार्थना सभाएं भी होती हैं, जिन्हें भक्त अपने घरों में गुरु गोविंद सिंह की शिक्षाओं के बारे में भजन गाने के लिए आयोजित करते हैं। इसके अलावा %लंगर% (सामुदायिक रसोई) इस दिन सभी लोगों को मुफ़्त भोजन परोसते हैं, जो 10वें सिख गुरु द्वारा प्रचारित समानता और सेवा की भावना को दर्शाता है।

## पत्रकार मुकेश को बेरहमी से मारा गया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आई बर्बरता



**बीजापुर,(हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से जो तथ्य सामने आए हैं उससे पता चलता है कि पत्रकार मुकेश को बेरहमी से मारा गया था। मुकेश के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया गया था। उसकी पांच पसलियां और गर्दन की हड्डी टूटी मिली हैं, इसके अलावा हाथ की हड्डी दो टुकड़ों में टूटी थीं। सिर पर भी चोट के 15 गंभीर निशान पाए गए हैं।उल्लेखनीय है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर एक जनवरी को अचानक लापता हो गए थे। तीन जनवरी को बीजापुर शहर के चट्टानपारा बस्ती में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के ठिकाने के सेप्टिक टैंक से मुकेश का शव बरामद किया गया था। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या में शामिल तीन आरोपित रितेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए हैं। वहीं घटना के बाद से फरार चल रहे मुख्य आरोपित सुरेश चंद्राकर को भी एसआईटी की टीम ने पकड़ लिया है। पुलिस ने सुरेश चंद्राकर के कुछ बैंक अकाउंट को सीज किया है।

# गुजरात में मिला एचएमपीवी वायरस का पहला केस, दो महीने के बच्चे में मिले लक्षण


**▶▶गुजरात सरकार ने जारी की एडवाइजरी**



**अहमदाबाद, (हि.स.)।** भारत में भी 'ह्यूमनमेटान्यूमो वायरस% (एचएमपीवी) से संक्रमित मरीज सामने लगे हैं। कर्नाटक के बाद अब गुजरात में एक दो महीने का बच्चा एचएमपीवी से पॉजिटिव पाया गया है। अहमदाबाद के चांदखेड़ा के निजी हॉस्पिटल में बच्चे को दाखिल किया गया है। हालांकि बच्चे की तबियत स्थिर है। हॉस्पिटल प्रशासन के अनुसार अभी घबराने की जरूरत नहीं है।जानकारी के अनुसार बच्चे की तबियत पिछले 15 दिनों से सर्दी-बुखार के कारण खराब थी। तबियत में सुधार नहीं होता देख परिजनों ने उसे अहमदाबाद के चांदखेड़ा स्थित ऑरेंज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बच्चे के परिजन अरवल्ली जिले की मोडासा तहसील के एक गांव के रहने वाले हैं।हॉस्पिटल के डॉ नीरव पटेल ने बताया कि बच्चे को 5 दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया था। अलग-अलग वायरस के सक्रिय होने के कारण बच्चे की रिपोर्ट कराई गई। लेबोरेटरी की जांच में बच्चे को एचएमपीवी से संक्रमित होने की जानकारी मिली है। फिलहाल बच्चे की तबियत स्थिर है और घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को सर्दी, श्वास लेने में तकलीफ या छींक आ रही हो तो उन्हें मास्क पहनना चाहिए।दूसरी ओर मामले में गुजरात सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह वायरस पुराना है जो कि 2001 से है। चीन में वायरस अधिक फैला है। कोविड की तुलना में इसका माइल्ड लक्षण है। हॉस्पिटल में इसकी जांच की व्यवस्था की जाएगी।


राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि बच्चे की जांच सरकारी लैब में नहीं हुई है। निजी हॉस्पिटल में यह केस सामने आया है। हालांकि निजी हॉस्पिटल की रिपोर्ट पर शंका करने की कोई जरूरत नहीं है। वहीं अब गुजरात सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एचएमपीवी को लेकर एडवाइजरी (मार्गदर्शिका) जारी की है।विशेषज्ञों के अनुसार ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एक आरएनए वायरस है। यह न्युमोवायरिडे फैमिली के मेटान्यूमोवायरस क्लास से जुड़ा हुआ है। 2001 में पहली बार डच रिसर्चर ने इसकी खोज की थी। अध्ययनों से पता चला है कि ये वायरस कम से कम 60 साल से मौजूद है। यह एक सामान्य सांस से जुड़ी समस्या है, जो पूरी दुनिया में फैल चुकी है। यह मुख्य तौर से खांसने और छींकने से निकलने वाली बूंदों से एक-दूसरे में फैलता है। चीन के सीडीसी की वेबसाइट के अनुसार, इस वायरस का संक्रमण काल 3 से 5 दिनों का है। एचएमपीवी से होने वाली प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया बार-बार के संक्रमणों को रोकने के लिए काफी कमजोर होती है। वायरस का सबसे ज्यादा खतरा बच्चे और बुजुर्गों को है।

## खागड़ागढ़ विस्फोट मामले में पूछताछ के लिए बहरमपुर सेंट्रल जेल पहुंची असम एसटीएफ की टीम




**कोलकाता, (हि.स.)।** खागड़ागढ़ विस्फोट मामले में शामिल संदिग्ध तारिकुल इस्लाम उर्फ सुमन से पूछताछ के लिए सोमवार को असम एसटीएफ के अधिकारी बहरमपुर सेंट्रल जेल पहुंचे।सूत्रों के अनुसार, तारिकुल का गिरफ्तार आतंकी अब्बास अली से कई बार संपर्क हुआ है। जांच में पता चला है कि जेल से रिहाई होने के बाद तारिकुल को आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) में शामिल करने और बंगाल में आतंक फैलाने की योजना बनाई गई थी।सूत्रों का कहना है कि एबीटी का उद्देश्य बंगाल में आतंकी नेटवर्क को फैलाना और आत्मघाती दस्तों का निर्माण करना था। पूछताछ के दौरान अगर कोई नई जानकारी सामने आती है, तो तारिकुल को असम ले जाने की योजना है। जरूरत पड़ने पर तारिकुल और अब्बास अली को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा सकती है।रविवार रात, असम एसटीएफ ने केरल से गिरफ्तार आतंकी साद रादी उर्फ शब शेख के दिए गए बयान के आधार पर नओदा थाना क्षेत्र के दुरलभपुर गांव से सजिबुल इस्लाम और भोलाग्राम से मुस्ताकिम मंडल को गिरफ्तार किया। उनके पास से चार मोबाइल फोन और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए थे।सूत्रों के अनुसार, सजिबुल साद रादी का चचेरा भाई है।

## भारत में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस के दो मरीज मिले, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा-निगरानी तंत्र मजबूत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के दो मरीज सामने आए हैं। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एक अस्पताल में एक बच्चे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। हैरानी यह है कि इस बच्चे का कोई यात्रा इतिहास नहीं है। चीन में ऐसे मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच यह भारत का पहला मामला है। दूसरा मरीज भी इसी राज्य में मिला है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज इस वायरस के दो मरीजों के मिलने की पुष्टि की। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) इस बीमारी को लेकर अलर्ट मोड पर है। आईसीएमआर ने नियमित निगरानी के जरिए कर्नाटक में इस वायरस के दो मरीजों का पता लगाया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत है। देश में सांस संबंधी तकलीफों के मामलों में कोई असामान्य उछाल नहीं है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इससे पहले शनिवार को कहा था कि देश निगरानी तंत्र के साथ श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रबंधन के लिए पूरी तरह तैयार है।मंत्रालय ने पिछले कुछ हफ्तों में चीन में श्वसन संबंधी मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर चर्चा करने के लिए संयुक्त निगरानी समूह की बैठक आयोजित की थी। हालात पर सभी उपलब्ध चैनलों के माध्यम से बारीकी से नजर रखी जा रही है। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन से स्थिति के बारे में समय-समय पर अपडेट साझा करने का अनुरोध किया गया।

# अनुसूचित जनजातियों की महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाना हमारा उद्देश्य- ओम बिरला

**लोकतंत्र हमारे विचारों और कार्यप्रणाली में है, इसीलिए भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के विकास में महिलाओं ने योगदान को अहम बताते हुए कहा कि लोकतंत्र हमारी विरासत है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों की महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाना है। वे सोमवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित %पंचायत से संसद 2.0% कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि आजादी की लड़ाई की पहली शुरुआत 1857 में रानी झांसी ने की थी। इस आजादी के आंदोलन के संघर्ष में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक, राजनीतिक, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष सभी क्षेत्रों में महिलाओं की अहम भूमिका रही है।उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोकतंत्र की सबसे मजबूत संस्था पंचायत है। इसमें महिलाओं के नेतृत्व से जनजातीय क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक विकास, महिलाओं को स्वावलंबी बनाना, कुटीर उद्योग को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था खास है। दुनिया के अंदर भारत ही एकमात्र देश है जहां पंचायत में भी लोकतंत्र है और देश में सबसे बड़ी संस्था के रूप में संसद में भी लोकतंत्र है। इसलिए हम कहते हैं कि लोकतंत्र हमारी विरासत है। लोकतंत्र हमारी प्राचीन सभ्यता है। लोकतंत्र हमारे विचारों और कार्यप्रणाली में है। इसीलिए भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की विरासत और इतिहास इस बात का प्रमाण है कि इसमें महिलाओं का बड़ा योगदान रहा है।भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में ओम बिरला ने भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए कहा कि 150 वर्ष पूर्व बिरसा मुंडा ने देश की आजादी और जनजाति क्षेत्र के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने जंगल और जमीन, जनजातियों के सम्मान के लिए संघर्ष किया था।

## परिवहन मंत्री ने सर्वाइकल कैंसर जागरूकता के लिए हॉफमैराथन को हरी झंडी दिखायी



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने आज 1090 चौराहे पर सर्वाइकल कैंसर जागरूकता के लिए हाफ मैराथन कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए यह सबसे बड़ा दौड़ है। मैराथन की शुरूआत ईसा से 500 वर्ष पूर्व यूनान में वहां के सैनिकों ने जीत के उत्साह को जताने के लिए की थी। उस समय वहां के सैनिकों द्वारा कई किमी की दौड़ लगाई थी। परिवहन मंत्री ने कहा कि समरसता सेवा संस्थान का यह आयोजन सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्थान लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। यह हाफ मैराथन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिस देश में लोग स्वस्थ रहते है। वहां अस्पताल की कम से कम आवश्यकता पड़ती है। इस मैराथन दौड़ से लोग प्रेरणा लेंकर स्वस्थ रहेंगे। हॉफमैराथन महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह आयोजन न केवल लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि समाज में जागरूकता पैदा करने में भी मदद करता है।

# गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश देकर भारत को बचाया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं, वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल हुए। सीएम योगी ने समागम में आए बच्चों का कुशलक्षेम जाना और टॉफी-चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि 26-27 दिसंबर को पूरे देश ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह) के साथ जुड़ते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया और मां गुजरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का शीश बचा दिया। कश्मीर को बचाया, जो आज भी भारत का



हिस्सा है। वजीर खान गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों (जोरावर सिंह-फतेह सिंह) से कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो, लेकिन इन लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता। इस पर उन्हें जीवित ही दीवारों में चुनवा दिया गया। चमकौर युद्ध में बड़े साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह व जुझार सिंह) ने शहादत को प्राप्त किया। इस दुख में मां गुजरी देवी का प्राणोत्सर्ग हुआ। चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार...

सीएम ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए सब कुछ खोने के बाद भी गुरु गोबिंद सिंह ने एक ही बात कही कि चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार... यह मंत्र आज भी पूरे भारत के लिए नई प्रेरणा है। सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं... गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव नई ऊर्जा का संचार और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

सीएम ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने जातिभेद, छूआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने और देश-धर्म को बचाने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने सकल जगत में, खालसा पंथ गाजे का उद्घोष कर देश व धर्म के मार्ग में बाधक उस समय की विधर्मी ताकतों को रास्ते से हटने के लिए कहा।

सीएम ने कहा कि सिख गुरुओं गुरु नानक देव, गुरु अर्जुन देव, गुरु तेगबहादुर, गुरु गोबिंद सिंह महाराज तक ने जो परंपरा डाली, उनका गौरवशाली इतिहास प्रेरणा प्रदान कर रहा है। सीएम ने सभी से कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज के विचित्र नाटक का अध्ययन कीजिए, पता चलेगा कि वे दिव्य महापुरुष थे, जो पूर्व जन्म और उन स्थितियों के बारे में भी अवगत करा रहे हैं, जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े होते हैं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ,अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा, डॉ. हरजोत सिंह, सतनाम सिंह सोढ़ी, सरदार दलजीत सिंह, पार्षद राजू गांधी, सरदार त्रिलोचन सिंह आदि मौजूद रहे।

### भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व

सीएम ने कहा कि आज का प्रकाश पर्व उसी प्रेरणा का दिवस है, जहां सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान व कृतित्व से नई प्रेरणा प्राप्त होती है। लखनऊ का सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर सिंह महाराज गुरु गोबिंद सिंह को बाल्यकाल में लाकर यहियागंज गुरुद्वारे में रुके थे। इतनी ऐतिहासिक परंपरा का संरक्षण करना, उसे बढ़ाकर भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व बनता है।

### यह वर्ष हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष होने के कारण यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जैसे गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व को बड़े उत्साह से आयोजित किया गया था, इन आयोजनों को भी इसी तरह बड़े पैमाने पर करने की आवश्यकता है। यदि इन्हें उसी रूप में बढ़ाएंगे तो भावी पीढ़ी पर उपकार होगा और लोगों को इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी। खालसा पंथ, सिख गुरुओं के त्याग- बलिदान के बारे में प्रेरणा प्राप्त होगी। सीएम ने आह्वान किया कि सिख गुरुओं का बलिदान, उनकी प्रेरणा देश व समाज के लिए उपयोगी बनाने में हम सब अपना योगदान दे पाएंगे।

## व्यापारियों की समस्याओं को लेकर आरएलडी व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी की बैठक संपन्न हुई जिसमें व्यापारियों की समस्याओं व सरकार की व्यापारी हित में योजनाओं पर विशेष तौर पर चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री अनिल दुबे जी सम्मिलित हुए और उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा से छोटे व्यापारियों के हित में आवाज बुलंद करता रहा है।

एनडीए की सरकार ने अफसर शाही को खत्म करने का काम किया है आज उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है जिससे व्यापारियों को काफी राहत महसूस हो रही है और आगे भी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल व्यापारियों की समस्या मजबूती से सरकार के समक्ष उजागर




कर रहे हैं और उनके समाधान के लिए यथासंभव प्रयास किया जा रहे हैं।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष व्यापार रोहित अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की आवास को कमजोर नहीं होने देंगे और आज सरकार द्वारा जिस तरीके से युवा व्यापारियों के हित में योजनाएं चलाई जा रही हैं स्वयं रोजगार के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। बैठक में निर्णय के पश्चात रोहित कुमार सिंह को राष्ट्रीय लोक दल के महानगर अध्यक्ष व्यापार नियुक्त किया गया। बैठक में अतिथि के तौर पर युवा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल व छात्र के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडे जी ने सहभागिता की व अपने विचार प्रकट किया।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महामंत्री रजनीकांत मिश्रा, प्रीति श्रीवास्तव, प्रमोद शुक्ल कोषाध्यक्ष बी एल प्रेमी, मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष राम सिंह पटेल, नेता सम्राट सिंह चौहान, राम शंकर वर्मा, विपिन द्विवेदी, वास्तव प्रिंस कनौजिया मनीष तिवारी, विशाल श्रीवास्तव आदि बैठक में उपस्थित रहे।

## कारीगरों और बुनकरों का सम्मान जरूरी: राज्यपाल


**[राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण]**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को कला एवं शोध को समर्पित उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

उन्होंने संस्थान द्वारा कला, डिजाइन और शोध के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसे प्रदेश के कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्पियों के लिए महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा कारीगरों और बुनकरों को उन्नत तकनीकी और कौशल का प्रशिक्षण देकर उनके उत्पादों में आधुनिकता और पारंपरिकता का समन्वय किया जा रहा है। इससे उनके उत्पादों की बाजार में मांग बढ़ रही है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। संस्थान ने 'एक जिला-एक उत्पाद', 'विश्वकर्मा




श्रम सम्मान योजना' और अन्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत अब तक 35 जिलों के लगभग 75,000 से अधिक कारीगरों और बुनकरों को प्रशिक्षित किया है।

संस्थान निर्धन और जरूरतमंद महिलाओं के लिए विशेष बैच चलाकर उन्हें कार्यात्मक प्रशिक्षण प्रदान करे, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान होगा। राज्यपाल ने क्राफ्टरूट्स संस्था द्वारा हस्तशिल्प कलाओं को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने और टेक्निकल सपोर्ट के लिए आईआईटी, कानपुर के साथ किए गए समझौते की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के 22 से अधिक राज्यों की लगभग 70 से अधिक हस्तकलाओं एवं कारीगरों के उन्नयन के लिए संस्था कार्य कर रही है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा स्टार्टअप्स को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार प्रदाता के रूप में तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने हस्तशिल्प के महत्व और कारीगरों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि हस्तशिल्प का कार्य अत्यधिक मेहनत और समय लेने वाला होता है। कारीगर और बुनकर हमारी संस्कृति और कलाओं को पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित करने का कार्य करते हैं। हाथों से बनी वस्तुएं अमूल्य होती हैं और इन कारीगरों का सम्मान होना चाहिए, क्योंकि वे हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरों के दौरान भारतीय हस्तशिल्प और पारंपरिक वस्तुओं को उपहार स्वरूप भेंट करके उनकी विशेषताओं को दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि कारीगरों और बुनकरों से संवाद करना और उनके अनुभवों से सीखना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हस्तशिल्प के उत्पादों की कीमत उनके निर्माण में लगने वाले समय और मेहनत के आधार पर तय की जानी चाहिए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विभिन्न कारीगरों द्वारा लगाए गए स्टालों का भ्रमण किया और उनके अद्वितीय कौशल और कलाकृतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कला एवं कौशल को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी की ''वोकल फॉर लोकल'' से ''आत्मनिर्भर भारत'' के सपने को साकार करने का सपना संजोए यह संस्थान आगे बढ़ रहा है।

## यूपी में कांग्रेस संगठन बनाने को लेकर शुरू हुआ मंथन

▸▸ 12 जनवरी तक संगठन के गठन पर होगा चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस संगठन के गठन को लेकर कवायद शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सोमवार से 12 जनवरी तक इसको लेकर चर्चा होगी। इस दौरान प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सभी सचिवों और अन्य वरिष्ठ नेता संगठन के बारे में चर्चा करेंगे।

सोमवार को पूर्वांचल जोन, 8 जनवरी को प्रयाग, 9 को अवध, 10 को बुंदेलखंड, 11 को ब्रज और 12 जनवरी को पश्चिमी जोन के जिलों के नेताओं से संगठन के गठन पर चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश में नए सिरे से संगठन के गठन के लिए छह जोन बनाए गए हैं। इसके लिए अलग राष्ट्रीय सचिवों को प्रभारी बनाया गया है। इन सभी ने अपने जोन के सभी जिलों का सतत दौरा करते हुए बैठकें और सम्मेलन में संगठन को लेकर चर्चाएं की हैं।

इन दौरों से राष्ट्रीय सचिवों ने खुद आंकलन कर हर जिले के नेताओं के नामों का चयन किया है। इन चयनित सभी कांग्रेसजनों को लखनऊ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर 12 जनवरी तक आमंत्रित किया गया है। प्रभारियों के अलावा अगर किसी का नाम छूट गया है तो वह स्वयं इस बैठक में आकर सीधे अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। इसी प्रक्रिया के बाद जिला, शहर अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी के बारे में फैसला किया जाएगा।

## भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी और हर स्तर पर मची है लूट: अखिलेश यादव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी हो रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है। हर स्तर पर लूट है। भाजपा सरकार में हर पद और हर पोजीशन की रेट तय है। हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। ऐसा कोई विभाग नहीं है, जहां लूट नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री योगी नहीं, भ्रष्ट हैं। भाजपा सरकार का नया परिचय भ्रष्टाचार और संगठित लूट हो गया है।

अखिलेश यादव नव वर्ष के अवसर पर आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित झारखण्ड, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान से आये पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर थे।



यादव ने सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर जनता के हित और उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना ही शुभकामनाओं की सफल सार्थकता होगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट की कमाई पर कब्जा करने की लड़ाई चल रही है। खुद भाजपा विधायक और नेता भ्रष्टाचार और लूट के आरोप लगा रहे है। इस सरकार के भ्रष्टाचार ने किसी को नहीं छोड़ा है। महिलाएं, व्यापारी, किसान, नौजवान आम जनता सब त्रस्त हो चुके हैं।

यादव ने कहा कि जनता में भाजपा को लेकर भारी नाराजगी है। भाजपा वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर पीडीए का वोट कटवा कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश करती है। धांधली और षड्यंत्र कर चुनाव जीतना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांवों और किसानों की उपेक्षा की। गांवों के लिए कोई काम नहीं किया। समाजवादी सरकार में लोहिया ग्राम योजना के तहत हजारों गांवों में सड़क, पेयजल तथा अन्य सुविधाओं का विकास किया गया था, लेकिन भाजपा ने द्वेष के चलते गांवों के विकास की सभी योजनाओं को बंद कर दिया। विकास कार्यों को रोक दिया। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2016 में अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी के नागेपुर गांव को गोद लिया था लेकिन उस गांव का कोई विकास नहीं हुआ। दोबारा उस गांव की सुध भी नहीं ली गई। अखिलेश यादव ने नेताओं, कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सब भाजपा की साजिशों को विफल करने का संकल्प लेकर जायें। बूथ को मजबूत करना है और वोटरलिस्ट पर पूरी नज़र रखकर उसे ठीक कराना है। कार्यकर्ता सतर्क रहेंगे तो भाजपा धांधली नहीं कर पाएगी।

## गो आश्रयस्थलों में ठंड से गोवंश की मौत होने पर पशुचिकित्साधिकारी नपेंगे: धर्मपाल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि गो आश्रय स्थलों में ठंड से किसी भी गोवंश की मृत्यु होती है तो वहां के पशुचिकित्साधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उक्न्होंने गो आश्रय स्थलों में ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल एवं अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। श्री सिंह सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी परिस्थिति में ठंड से किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो। पशुचिकित्साधिकारी गौ आश्रयस्थल पर जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। केयरटेकर रात्रि में गोआश्रय स्थल पर ही रुके और गौवंश के लिए आवश्यक कार्य सुचारू रूप से पूरे करें। जिले के नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर चारा, भूसा, पानी प्रकाश आदि व्यवस्थाएं करें। पशुधन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए और निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जाए।

इन कार्यों के लिए ग्राम्य विकास विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। चारागाहों भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए मनरेगा से बहुवर्षीय और सीजनल चारा बुआया जाए।

श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोवंश शेड, पानी पीने की चराहिया, खडंजा आदि मजबूत एवम व्यवस्थित तरीके से निर्मित कराया जाए। वर्तमान में अब तक प्रदेश के 7696 गोआश्रय स्थलों पर 1235700 निराश्रित गोवंश संरक्षित किये गये हैं। जिन गौ आश्रय स्थलों में अव्यवस्था या गौवंश की देखभाल संबंधी कोई भी शिकायत संज्ञान में आए वहां तत्काल सुधार किया जाए।

## मनरेगा श्रमिकों का बीओसीडब्ल्यू बोर्ड में पंजीकरण जरूरी , अब तक 1.29 लाख श्रमिक पंजीकृत

▸▸ बोर्ड की योजनाओं से श्रमिकों को मिलेगा सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का लाभ

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि मनरेगा श्रमिकों का उत्तर प्रदेश बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वेलफेयर बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण हो। इससे कई भी श्रमिक बीओसीडब्ल्यू बोर्ड की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। योगी सरकार का यह कदम न केवल श्रमिकों को योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने में सहायक है, बल्कि उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में भी एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

इस दिशा में मनरेगा योजना के अंतर्गत जॉब कार्ड धारकों को पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम्य विकास मुख्यालय स्तर से जनपदों के अधिकारियों को पंजीकरण के कार्य को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इसी बकायदा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 1.29 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराया जा चुका है। शेष श्रमिकों का पंजीकरण शीघ्र कराने के लिए अधिकारी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। श्रमिक पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी साधनों का उपयोग किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि श्रमिकों के पंजीकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही, नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रगति की निगरानी की जा रही है।

बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के तहत चलाई जा रही योजनाएं श्रमिकों और उनके परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। इनमें मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना शामिल है, जो महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य और आर्थिक सहायता प्रदान करती है। कन्या विवाह सहायता योजना गरीब श्रमिक परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक मदद प्रदान करती है।

संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करती है, जबकि अटल आवासीय विद्यालय योजना उन्हें बेहतर शिक्षा और आवासीय सुविधा प्रदान करती है। निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना दुर्घटनाओं की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

## दिसंबर में पिछले साल से 977 करोड़ अधिक राजस्व मिला: खन्ना

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसंबर में कुल 17605.32 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दिसंबर माह में 16628.18 करोड़ का राजस्व मिला था।

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसंबर माह में गत वर्ष के इसी अवधि की तुलना में 977.14 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है।

खन्ना ने सोमवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत जीएसटी मद में दिसंबर, 2024 में 6342.68 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई। जबकि गत वर्ष इसी माह में प्राप्ति 6239.81 करोड़ थी। वैट के अन्तर्गत दिसंबर, 2024 में 3105.91 करोड़ मिले जबकि



दिसम्बर, 2023 में प्राप्ति 2861.37 करोड़ रही थी। वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी मद में दिसम्बर में कुल 4141.75 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष इसी माह में प्राप्ति 3776.32 करोड़ थी। स्टाम्प तथा निबन्धन से दिसंबर में 2784.94 करोड़ मिले जबकि गत् वर्ष 2445.51 करोड़ मिले थे। परिवहन से दिसंबर 2024 में 805.84 करोड़ राजस्व मिला जबकि गत् वर्ष इसी माह में प्राप्ति 910.05 रू0 करोड़ रही थी। यह गत वर्ष की तुलना में करीब 105 करोड़ कम है।

## समाज कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के संबंध में शैक्षिक संस्थानों से मांगा सुझाव

▸▸ प्राप्त सुझावों के अनुसार जारी पॉलिसी से छात्र होंगे लाभान्वित

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सोमवार को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर शैक्षिक संस्थानों के प्रमुख संग ऑनलाइन बैठक की।

इसमें उन्होंने छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना ट्रांसफॉर्मेशन के लिए आने वाली समस्याओं पर सभी से सुझाव मांगा है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना को और अधिक सरल, प्रभावी, पारदर्शी एवं लाभार्थियों के लिए हितकर बनाने के उद्देश्य से इसमें व्यापक सुधार करने को विभाग



प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में शैक्षिक संस्थानों से सुझाव मांगे जा रहे हैं।

प्राप्त सुझावों के अनुरूप छात्रवृत्ति पॉलिसी में सुधार किया जायेगा जिससे कि आने वाले समय में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु छात्रों को अनावश्यक असुविधा एवं समस्या का सामना न करना पड़े।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि इसके लिए विशेषज्ञों की ट्रांसफॉर्मेशन टीम बनाई गई है, जिन्होंने लाभार्थियों की अपेक्षाओं, सिस्टम में संभावित कमियों आदि का आंकलन व विभिन्न बिन्दुओं पर गहन चर्चा और विस्तृत अध्ययन के बाद ही इस योजना से जुड़ी छोटी से छोटी चुनौतियों और उनके निवारण के लिए संभावित सुधारों को चिह्नित कर चर्चा पत्र तैयार किया है। उन्होंने हितधारकों से अनुरोध किया है कि चर्चा पत्र का अध्ययन कर इस सम्बन्ध में अपने बहुमूल्य सुझाव से निर्धारित समय के अंदर अवगत कराना सुनिश्चित करें। श्री अरुण ने कहा कि चर्चा पत्र में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से संबंधित जिन समस्याओं पर चर्चा की गई है, उनके निदान से संबंधित बिंदुओं पर अभी विचार चल रहा है। सुझावों पर सम्यक विचार के बाद ही इस रूपांतरण प्रक्रिया को अंतिम स्वरूप प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सहयोग छात्रवृत्ति प्रतिपूर्ति योजना को जनाकांक्षी, पारदर्शी एवं लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगा।

संक्षिप्त खबरें

## 13 घंटे लेट थी ट्रेन, बच्ची नहीं पहुंच पाई एम्स, मौत




**लखनऊ।** बढ़ती ठंड और घने कोहरे की वजह से अधिकतम ट्रेने लेट चल रही है लेकिन अति तब हो गया जब ट्रेन 13 घंटे लेट होने की वजह से एक बच्ची की मौत हो गई। दरअसल, हम सफर एक्सप्रेस में सफर कर रही बच्ची की मौत हो गई। लखनऊ में जब रेलवे डॉक्टर ने चेक किया तब मौत का खुलासा हुआ। ट्रेन ऐशबाग स्टेशन पर सुबह पौने 10 बजे पहुंची थी। हमसफर एक्सप्रेस 02563 में सफर करने वाले एक यात्री का कहना है कि बच्ची की तबियत खराब होने पर सहायता के लिए जब ट्वीट किया तब पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम ने लखनऊ के ऐशबाग में एम्बुलेंस सहायता मिलने का आश्वासन दिया था। स्टेशन मास्टर और टिकट निरीक्षक को सूचना देने की बात कही गई थी। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बच्ची देवरिया जिले के रहने वाले हैं। पिता सद्दाम का कहना है हम बच्ची को दिल्ली एम्स में दिखाने ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। अचानक उसकी सांस रुक गई। सूचना पर डॉक्टरों की टीम पहुंची, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

## बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मड़ियांव इलाके में बंद मकान में चोरी हो गई। सोमवार तड़के चोर ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए। घर में रखा कीमती सामान समेट कर चले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अशोक विहार कॉलोनी मड़ियांव के रहने वाले अर्पित पुत्र माया प्रकाश वाजपेयी प्राइवेट जॉब करते हैं। अर्पित दो दिन के लिए शहर से बाहर गए हुए थे। तभी सोमवार तड़के करीब 3.45 बजे ताला तोड़कर चोर घर में घुस गए। अलमारी तोड़कर घर में रखे कीमती जेवर और सामान लेकर चले गए। मौके पर पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। अर्पित से कितना सामान चोरी हुआ है। इसकी जानकारी मांगी गई है।

## इटौंजा थाना इलाके में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला



**लखनऊ।** लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र के इटौंजा थाना इलाके में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सोमवार सुबह मिले शव की सूचना ग्रामीणों ने इटौंजा थाने में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि, युवक की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक इटौंजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ सीतापुर रोड से सोनिकपुर गांव के मार्ग पर हर्षा फार्मा इंस्टीट्यूशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। उसकी उम्र करीब 40-50 वर्ष है। सोमवार सुबह लगभग 10 बजे शव की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से शव का शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। वहीं, पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं इस संबंध में इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं दिखाई दे रही है। मृतक ने नीली डेनिम की शर्ट और नीली जैकेट काली जीन्स पहन रखा था। फिलहाल, पुलिस क्षेत्र के लोगों को शव की फोटो दिखाकर शिनाख्त करवाने कै प्रयास कर रही है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश उत्सव



**लखनऊ।** साहिबे कमाल साहब गुरु गोविंद सिंह महाराज का प्रकाश उत्सव गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नाका हिंडोला एवं गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब यहिया गंज की ओर से डी0 ए0 वी0 इण्टर कालेज ऐशबाग रोड, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः का दीवान 5:00 बजे गुरुद्वारा नाका हिण्डोला में सुखमनी साहिब के पाठ से आरंभ हुआ उसके उपरांत रागी जथा भाई सुखजीत सिंह दरबार साहिब अमृतसर वालों ने पवित्र अमृतमयी आसा की वार का शबद कीर्तन गायन किया। आकाशवाणी लखनऊ केन्द्र द्वारा आधे घन्टे का सीधा प्रसारण करके प्रदेश भर की संगतों को कार्यक्रम का रसास्वादन कराया गया। गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष डा. अमरजोत सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित संगतों को प्रकाश पर्व की बधाई दी तथा बधाई संदेश आकाशवाणी लखनऊ द्वारा भी प्रसारित किया गया। विशेष रूप से पधारे भाई अरविंदर सिंह हजूरी रागी दरबार साहिब अमृतसर साहिब वालों ने अपनी मधुरवाणी में हम इह काज जगत में आए धर्म हेत गुरुदेव पाठए।। शबद कीर्तन गायन कर समूह साध संगत को निहाल किया।

## तमिलनाडु से पहुंची छतरी यात्रा लखनऊ में निकाली गई



**लखनऊ।** तमिलनाडु से महाकुंभ प्रयागराज से बनारस से अयोध्या होकर लखनऊ छतरी यात्रा आज यहां अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के मुख्यालय कुर्सी रोड से हनुमान मंदिर गुडम्बा तक निकाली गयी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हिंदू राष्ट्र निर्माण एवं रामराज की स्थापना है इसी के साथ ही यह यात्रा चेन्नई तमिल नाडु प्रदेश के लिए वापस रवाना हो गयी। इससे पहले निकाली गयी इस यात्रा में अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू, राष्ट्रीय प्रवक्ता बाबा महादेव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र मौली शुक्ला, प्रदेश विशेष सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय मंत्री सरवन कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आत्मा राम तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राम तिवारी, लखनऊ मंडल अध्यक्ष घनश्याम रस्तोगी, महिला मंडल अध्यक्ष लखनऊ अनीता तिवारी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस यात्रा के बाद श्री सदगुरु कबीर जागू आश्रम में छतरी भेंट की गई। शहर में निकाली गई यात्रा से पूर्व तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष रमेश बाबू के नेतृत्व में तमिलनाडु से यहां पहुंच रही छतरी यात्रा का कुर्सी रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने स्वागत किया, जिसके उपरांत उनके नेतृत्व में प्रातः 11 बजे हनुमान मंदिर गुडम्बा तक छतरी यात्रा निकाली गई। जिसमें काफ़ी संख्या में पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बस ने दो लोगों को रौंदा, घायलों को पुलिस ने हॉस्पिटल में भर्ती कराया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इटौंजा थाना क्षेत्र के मानपुर सब्जी मंडी के पास ठेलिया पर सब्जी लाद रहे सब्जी विक्रेता को बस ने टक्कर मार दी। वहीं, एक व्यक्ति के पैरों में पहिया चढ़ गया। लोगों ने इसकी सूचना इटौंजा थाना में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इटौंजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ सीतापुर रोड पर टाल प्लाजा के पास स्थित मानपुर सब्जी मंडी में ठेलिया पर सब्जी लाद रहे सब्जी विक्रेता को बस संख्या यूपी 34 सी टी 8709 ने जोरदार टक्कर मार दी। वहीं, एक व्यक्ति के पैर बस के पहिए के नीचे आ गए। सोमवार सुबह लगभग ग्यारह बजे के करीब हुई इस दुर्घटना सूचना लोगों ने इटौंजा थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राजू पुत्र अलादीन उम्र लगभग 60 निवासी



अलीगंज, लखनऊ को इलाज के लिए बीकेटी क्षेत्र के रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। घायल की हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। वहीं दूसरे घायल बहादुर उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी मानपुर थाना इटौंजा को पुलिस इलाज के लिए इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां आंख के डाक्टर नहीं होने के कारण बीकेटी क्षेत्र में स्थित रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय रेफर किया गया है। वहीं इस सम्बन्ध में इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बस चालक फरार हो गया है। वहीं बस को थाना लाया गया है।

## किसान पथ पर दो ट्रकों की भिडंत, गाड़ी में फंसे ड्राइवर की हालत गंभीर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में सोमवार को सुबह कोहरे की वजह से हादसा हो गया। किसान पथ पर एक ट्रक और डीसीएम की भिड़ंत हो गई। इसमें दोनों गाड़ियों के ड्राइवर और क्लीनर घायल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। हादसा किसान पथ पर पासिन ढकवा गांव के पास सोमवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि डीसीएम ड्राइवर गाड़ी में ही फंस गया था, जिसे बाहर निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। लखनऊ सड़क हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। पुलिस





अधिकारियों ने बताया कि डीसीएम ड्राइवर सूरज कुमार (28) पुत्र राम प्रसाद निवासी गौरा जन पद सिद्धार्थ नगर का रहने वाला है। उसका इलाज कराया जा रहा है। परिजनों को भी जानकारी दी गई है।

## लेनदेन के विवाद में फायरिंग, घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बीबीडी इलाके में एसयूवी सवार दबंग ने लेन-देन के विवाद में एक घर पर हमला बोल दिया। दरवाजा न खोलने पर तोड़ने का भी प्रयास किया। इसके बाद कई राउंड फायरिंग करते हुए धमकी देते हुए चले गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पीड़ित की शिकायत पर थ्स् दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक चिनहट के हांसेमऊ गांव स्थित एमिटी ग्रीन सिटी में रहने वाली प्रिया मिश्रा ने पुलिस को बताया कि रविवार देर रात फॉर्च्यूनर से कई लोग घर पर आए। गाली-गलौज करते हुए घर का दरवाजा खुलवाने की कोशिश की। दरवाजा न खोलने पर तोड़ने की कोशिश की। विरोध पर कई राउंड फायिरंग की। मौके पर पुलिस को खोखे भी बरामद हुए हैं। प्रिया ने गोमती नगर निवासी नरेन्द्र नाथ शुक्ल और उनके भतीजे सावंत शुक्ल समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफथाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रिया के पति अतुल मिश्र का कहना है कि गोमती नगर निवासी नेरंद्र



नाथ से जमीन खरीदी थी। इसी बीच नरेंद्र ने 49 लाख रुपए मदद के नाम पर मांगे थे। उसका एग्रीमेंट भी तैयार हुआ था। इसमें से 39 लाख रुपए तो वापस कर दिए, लेकिन बाकी पैसे नहीं दे रहे थे। 28 दिसंबर को सास का देहांत होने पर पैसे की जरूरत पर उनसे पैसा मांगा गया था। इस पर उन्होंने जल्द ही पैसे वापस करने की बात कही। दोबारा पैसे मांगने पर फोन पर धमकी दी और घर पर हमला बोल दिया। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता ने 5 जनवरी की घटना को लेकर केस दर्ज कराया है। दोनों के बीच लेनदेन का विवाद है। सीसीटीवी और कॉल डिटेल के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## लखनऊ में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट लांच

**लखनऊ।** राजधान लखनऊ में सोमवार को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी कैंपस का वेब पोर्टल और प्रोस्पेक्टस लांच सेरेमनी का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट ने स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) में यूपी कैंपस बनने से इस पूरे रीजन को एआई हब बनने का दावा किया है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के यूपी कैंपस के पहले सत्र- 2025-26 से आगाज होगा। पहले 43 प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। इस दौरान यूपी के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी मौजूद रहे। यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के यूपी कैंपस में 40 करोड़ की स्कॉलरशिप और टेक्नोलॉजिकल रिसर्च के लिए 3 करोड़ की सीवी रमन स्कॉलरशिप भी दी जाएगी।चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कैंपस में सत्र 2025-26 से इंजीनियरिंग, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हेल्थ और लाइफ साइंसेज, ह्यूमैनिटीज, लिबरल आर्ट्स और लीगल स्टडीज जैसे 6 डोमेन में 43 एआई इनेबल कोर्स का संचालन किया जाएगा।

## कांग्रेस नेता के घर पकड़ी गई बिजली चोरी, मॉर्निंग रेड के दौरान मीटर से पहले कट का खुलासा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के हुसैनाबाद क्षेत्र में सोमवार सुबह शिया यूथ कांग्रेस नेता के घर में बिजली चोरी को पकड़ा गया है। शिया नेता के द्वारा यह बिजली चोरी मीटर से पहले आने वाले सर्विस केवल को काटकर उसमें अतिरिक्त तार को जोड़कर इस चोरी को अंजाम दिया जा रहा था। इस मामले में उनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर कराई जाने की प्रक्रिया चल रही है।

यह जानकारी देते हुए लखनऊ मध्य जोन मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि अधीक्षण अभियंता रमेश चंद पांडेय की अगवाई में सोमवार सुबह अधिशासी अभियंता चौक रमन एवं एसडीओ उपदेश अग्निहोत्री की टीम ने सुबह 5:30 बजे छापे के दौरान हुसैनाबाद की सुरैया मंजिल इलाके में जांच शुरू की तो पाया कि सुरइया मंजिल हुसैनाबाद में अखिल भारतीय शिया यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरफ़त आलम के आवास में विद्युत तार में बाईपास करके विद्युत चोरी की जा रही थी एवं मीटर में डिमांड भी कम पाई गई है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि शिया नेता के घर में कितने किलोवाट का विद्युत कनेक्शन था और मौके पर कितने लोड की बिजली चोरी की जा रही थी इस पूरे मामले की भी जांच कराई जा रही है।

# गाजीपुर थाना के मालखाना में घपला, याचिका से हुआ खुलासा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के गाजीपुर थाने में 2022 के एक मुकदमे में जब्त किए गए दो कीमती मोबाइल गायब होने का मामला तूल पकड़ लिया है। न्यायालय में बार-बार गलत जानकारी देने के बाद जब अधिवक्ता मोहित शर्मा ने विरोध किया तो जांच के दौरान मालखाने की लापरवाही उजागर हुई। मामले में मालखाना इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया है। थाना प्रभारी और विवेचक को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है। अभियुक्तों की जमानत के बाद उनके मोबाइल की वापसी के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया गया है। जवाब में थाने से बार-बार गलत रिपोर्ट दी गई। कहा गया- मोबाइल मालखाने में नहीं है। न्यायालय ने जब रजिस्टर और अधिकारियों को तलब किया तो खुलासा हुआ। दोनों मोबाइल मालखाने



> *मोबाइल की सही जानकारी नहीं थी। हालांकि, जांच में पता चला है कि यह लापरवाही नहीं, बल्कि साजिश है।*
>
> ***जगदीश प्रसाद***
> ***मालखाना इंचार्ज***

में जमा थे। रजिस्टर में एंट्री भी थी। डीसीपी उत्तरी आर.एन. सिंह ने मालखाना इंचार्ज जगदीश प्रसाद को सस्पेंड कर दिया। साथ ही भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की चेतावनी भी दी। एडवोकेट मोहित शर्मा ने लखनऊ की सीजेएम कोर्ट में जब याचिका दायर की तब सच्चाई सामने आई। न्यायालय ने इस लापरवाही को गंभीरता से लिया। थाना प्रभारी, मालखाना इंचार्ज और विवेचक के खिलाफ जांच के आदेश दिए। जांच के बाद थाना गाजीपुर पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या यह सिर्फ लापरवाही थी, या मालखाने से कीमती सामान गायब करने की साजिश? इस घटना के बाद पुलिस विभाग में पारदर्शिता और जिम्मेदारी तय करने की मांग तेज हो गई है। 2022 में दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के दौरान उनके 70-70 हजार रुपए के दो मोबाइल फोन जब्त किए गए थे। इन्हें मालखाने में जमा किया गया था। रजिस्टर में भी दर्ज था। जमानत के बाद जब अभियुक्तों ने मोबाइल वापस मांगे तो थाने से गलत रिपोर्ट दी गई। कहा गया कि मोबाइल नहीं जमा है।

# राजधानी में ओस से भीगीं सड़कें, बारिश का अलर्ट

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सुबह कोहरा इतना घना रहा कि रूमी दरवाजा ड्रोन वीडियो में भी नहीं दिखाई दिया। दोपहर 12 बजे तक विजिबिलिटी जीरो रही। दोपहर 1 बजे तक हल्का कोहरा छंटने से गाड़ियां सामान्य रफ्तार से चलीं। आज लखनऊ सीजन का सबसे सर्द दिन है। ओस की बूंदों से सड़कें भीगीं हैं। ऐसा लगा, जैसे रात में बारिश हुई हो। लखनऊ एयरपोर्ट पर आने वाली 2 फ्लाइट्स और जाने वाली 6 फ्लाइट्स ढाई घंटे लेट रहीं। ट्रेन-बसों पर भी असर है। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया सोमवार तड़के 3.15 बजे मस्कट से आने वाली सलाम एयर की फ्लाइट (0वी 705) सुबह 5.30 बजे लखनऊ पहुंची। यह 2.15 घंटे लेट थी। लखनऊ से उड़ान भरने वाली और लैंडिंग करने वाली कई फ्लाइट्स को री-शेड्यूल करना पड़ा है। कोहरे की वजह से शहीद पथ पर दो ट्रकों का एक्सीडेंट हो गया। ड्राइवर और क्लीनर घायल हैं। हादसा सुशांत गोल्फ सिटी स्थित पासीन ढकवा गांव के पास हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का अनुमान है कि आज दिन का अधिकतम तापमान 18 से 20एसे0 और न्यूनतम 10 से 12एसे0 के बीच रहेगा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अभी कुछ दिनों तक कोहरे से राहत नहीं मिलेगी। लखनऊ से सटे आस-पास के जिलों में सोमवार शाम तक बूंदाबांदी हो सकती है। मंगलवार को बारिश की भी संभावना है। ऐसे में पूरे प्रदेश में ठंड बढ़ेगी।

## सेना का जवान बनकर महिला से ठगी, जांच शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सरोजनी नगर में एक विवाहिता ठगी का शिकार हो गई। युवक ने पीड़िता को उसके समुदाय का होने के साथ सेना में सेवारत बताकर अपने जाल में फंसाया। शादी का झांसा देकर उससे लाखों रुपए के गहने ठग लिए। पीड़िता को भनक लगी तो उसने सोमवार को मामले की रिपोर्ट सरोजनी नगर थाने में दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी काकोरी थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाले युवक के साथ हुई थी, लेकिन वह शराब पीकर मारपीट करता था। इसकी वजह से पीड़िता का उससे कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। पीड़िता का कहना है कि इसी बीच उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम पर हार्तिक वैगलो नामक युवक से हुई और बात शादी तक आ गई। वह पीड़िता के घर आने-जाने लगा। उसने खुद को हिंदू और सेना में सेवारत होना बताया। वह बाकायदा सेना की वर्दी पहनकर उसके घर आता जाता था। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके जेवर लेकर करीब साढ़े 4 लाख रुपए में बेच दिए। बाद में पीड़िता को पता चला कि हार्तिक वैगलो ठग है। उसने शादी नहीं, बल्कि ठगी करने के उद्देश्य से अपने जाल में फंसाया है। जानकारी पर पता चला कि उसका असली नाम उड़ीसा के बालासोर स्थित चांदीपुर वालेश्वर में रहने वाला हैदर अली है। पीड़िता को उसके पास से उसके फर्जी आधार कार्ड व डीएल आदि मिले हैं। इसकी जानकारी हुई।

## लूट के 4 आरोपी गिरफ्तार,अवैध तमंचा और गहने बरामद

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुडंबा इलाके में घर में घुसकर लूट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। 28 नवंबर की रात आरोपियों ने घर में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया था, जिनकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी थीं। सीवां गुडंबा के रहने वाले श्रीराम पुत्र महावीर के घर 28 नवंबर को चार अज्ञात लोग मास्क लगाकर घुस गए। श्रीराम अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। सभी दीवार फांदकर घर में प्रवेश किए। दरवाजा तोड़कर मोबाइल व श्रीराम की मां का जेवर उतरवा लिया। विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद तमंचा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आरोपियों की तलाश के लिए टीमें लगाई गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह ग्राम सीवा रोड थाना क्षेत्र गुडम्बा से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान पैकरामऊ गुडम्बा के रहने वाले चांद बाबू उर्फ चन्दू पुत्र मोहम्मद सरीफ, नुरूल पुत्र साहिद अली उर्फ गुड्डू, भाखामऊ गांव के रहने वाले फाजीद पुत्र कामील खान और अचरा मऊ गांव के रहने वाले समीर पुत्र जलील के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध देशी तमन्चा 315, जिन्दा कारतूस और चोरी के जेवर बरामद किया है।

## 5 दुकानों में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 4 लाख का नुकसान

**लखनऊ।** राजधानी में आईआईएम रोड पावर हाउस चौराहा स्थित दुकानों में शॉर्ट सर्किट सोमवार तड़के आग लग गई। इससे मोबाइल शॉप सहित सब्जी की चार दुकानें जलकर राख हो गईं। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की 2 गाड़ियों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। घटना में दुकानदारों का 4 लाख रुपए का सामान जल गया। आईआईएम रोड हाउस चौराहा से गुजर रहे राहगीर ने सुबह चार बजे दुकानों को जलता देखा। उसने पड़ोस में पंचर की दुकान लगाने वाले रत्नेश को सूचना दी। रत्नेश ने गांव में फोन करके घटना की जानकारी दुकान मालिकों को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। तब तक दुकानें पूरी तरह जल गईं। परचूनी की दुकान लगाने वाले विष्णु ने बताया कि आग से दुकान में रखा फ्रिज, काउंटर और परचूनी का करीब तीन लाख रुपए का सामान पूरी तरह जल गया।

# बाघ को बाघिन की आवाज से हनीट्रैप करेंगे

## [टाइगर दिखा तो हथिनी डायना-सुलोचना ने घेरा]

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में सोमवार को हथिनी सुलोचना और डायना ने बाघ की तलाशी शुरू की। बाघ दिखाई दिया और वन विभाग की टीम ने नेट लगाकर हाथिनियों के साथ घेरा, लेकिन बाघ बच निकला। इससे पहले सुबह करीब 8 बजे बाघ ने एक पड़वा को मारकर साथ उठा ले गया।

टाइगर को पकड़ने के लिए अब वन विभाग की टीम ने नई प्लानिंग की है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार से लाउड स्पीकर से बाघिन की दहाड़ से बाघ को आकर्षित करने का काम किया जाएगा। इससे बाघ मेटिंग के इरादे से आवाज तक पहुंचने की कोशिश करेगा। इतना ही नहीं, दुधवा नेशनल पार्क से बाघिन का पेशाब भी मंगाया गया है, जिसे पिंजरे में डाला गया है। साथ ही दोनों हथिनियां सुबह-शाम बाघ के पग चिह्नों के सहारे



कॉम्बिंग कर रही हैं। डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि बाघ की घेराबंदी करने व बाघ को एक जगह स्थिर करने के लिए मादा बाघ की आवाज की रिकॉर्डिंग को बड़े लाउड स्पीकर के जरिए संस्थान के अंदर सुनाया जाएगा। बाघिन की आवाज सुनकर बाघ मेटिंग के लिए आकर्षित होकर जंगल में ही ठहर जाएगा।

डीएफओ डॉ सितांशु पांडेय ने बताया कि दुधवा नेशनल पार्क से मादा बाघ की पेशाब मंगवाई गई है। इसको पिंजरे में डाला गया है। मादा की पेशाब से बाघ आकर्षित होकर आएगा। इसके बाद वन विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर आसानी से बाघ को ट्रैंकुलाइज कर सकते हैं। 2012 में भी इसी तकनीक का प्रयोग किया गया था।

बाघ को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे के बाहर पड़वे को बांधा जाएगा। पिंजरे को केमोफ्लाइज करके अंदर विशेषज्ञ डॉक्टर बैठेंगे, ताकि सुरक्षित रहते हुए पिंजरे के अंदर से बाघ को ट्रैंकुलाइज कर रेस्क्यू किया जा सके। दोनों हथिनी विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ बाघ के संभावित इलाके में कॉम्बिंग कर रही हैं। माना जाता है, कि बाघ अक्सर मीठे नगर की तरफ जगलों से ही आता-जाता है। इसी क्षेत्र में बाघ ने 21 दिसंबर को सांड का शिकार किया था। मीठे नगर पुलिया के नीचे दाईं तरफ 25 दिसंबर को बाघ ने जंगली सुअर को मारा था। सोमवार सुबह घने कोहरे की वजह से दोनों हथिनियों ने सुबह 10 बजे से कॉम्बिंग शुरू की।

## लारी कार्डियोलॉजी में एक साथ बचाई गई तीन जान

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लारी कार्डियोलॉजी में एक साथ तीन जान बचाई गई। बाराबंकी से 6 महीने की गर्भावस्था वाली 28 वर्षीय महिला सांस की तकलीफ के साथ स्त्री एवं प्रसूति विभाग में आई थी। उसे कार्डियोलॉजी विभाग में रेफर किया गया।जहां पाया गया कि उसके हृदय के एक वाल्व (माइट्रल स्टेनोसिस) में गंभीर संकुचन है। इसके अतिरिक्त कम वजन (35 किलोग्राम), खून की कमी (एनीमिया), हेपेटाइटिस सी संक्रमण (जिससे ऑपरेटरों को संक्रमण फैलने का खतरा) और जुड़वां भ्रूण ने स्थिति थी। तीन जीवन को बचाने के लिए ऑपरेशन किया गया। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कार्डियोलॉजी विभाग में मरीज का बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी प्रक्रिया डॉ ऋषि सेठी द्वारा डॉ प्रवेश विश्वकर्मा द्वारा की गई। डॉ मोनिका भंडारी, डॉ प्राची शर्मा, डॉ गौरव चौधरी, डॉ अखिल शर्मा और डॉ उमेश त्रिपाठी भी शामिल



रही। जिससे माँ और भ्रूण दोनों स्वस्थ थे। जिससे तीन लोगों की जान बच गई। प्रसूति विभाग से रोगी की देखभाल प्रो अमिता पाण्डे, प्रो अंजू अग्रवाल, प्रो शालिनी एवं प्रो नम्रता द्वारा की गई।

इस आपरेशन के सफल होने पर कुलपति केजीएमयू प्रो सोनिया नित्यानंद ने पूरी टीम को बधाई देते हुए जुड़वाँ भ्रूणों को धारण किए 35 किलोग्राम से कम वजन वाली गर्भवती महिला के जीवन को बचाने के लारी कार्डियोलॉजी के प्रयास की प्रशंसा की। प्रो ऋषि सेठी के अनुसार गर्भावस्था के दौरान इस तरह के रोगी का ऑपरेशन करना बहुत चुनौतीपूर्ण बताया। रोगी बहुत गरीब थी और उसके पास पैसे नहीं थे। यह प्रक्रिया विपन्ना योजना के अंतर्गत की गई, जिसे राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। हृदय रोग से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए, आईसीएमआर के मार्गदर्शन में एक कार्डियो-प्रसूति देखभाल कार्यक्रमरू राष्ट्रीय गर्भावस्था और हृदय रोग अध्ययन शुरू किया गया। जो कई मातृ और भ्रूण के जीवन को बचाने में मदद करेगा।

# एमपी हाइकोर्ट के जस्टिस अवनेन्द्र कुमार का एटा आगमन पर भव्य स्वागत

जस्टिस अवनेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि वो एटा जनपद के ही अवागढ़ इलॉक के ग्राम जिनावली के रहने वाले हैं



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एटा के तत्वाधान में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय अवनेन्द्र कुमार सिंह का एटा आगमन पर महासभा के जीटी रोड स्थित जिला कार्यालय पर अभिनन्दन एंव स्वागत किया गया। सर्वप्रथम अखिल भारतीय क्षत्रिय महा सभा एटा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह चौहान बबलू एंव युवा जिलाध्यक्ष सुनील सोलंकी द्वारा जस्टिस अवनेन्द्र कुमार सिंह का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया तथा फूलमाला पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर अभिनन्दन किया उनके साथ अथ वरिष्ठ अधिवक्ता सी0पी0 सिंह एवं कलैक्ट्रेट बार एसोशियेशन के महासचिव रोहित पुण्ठीर का भी फूल माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। सभी उपस्थित क्षत्रिय महासक्भा के पदाधिकारियो एंव कार्यकताओं द्वारा जस्टिस अवनेन्द्र कुमार सिंह एत फूल माला एव बुके देकर सम्मानित किया तथा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। अभिनन्दन समारोह में बोलते हुये जस्टिस अवनेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि वो एटा जनपद के ही अवागढ़ इलॉक के ग्राम जिनावली के रहने वाले हैं। उनके पिता एक तुर्सनपाल सिंह एटा के जिला परिषद अध्यक्ष भी रह चुके थे। समाज एवं अपनी जन्मभूमि में आकर बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

अंत में जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह चौहान बबलू एंव युवा जिलाध्यक्ष सुनील सोलंकी ने जस्टिस अवेनेन्द्र कुमार सिंह का आभार प्रकट किया। अभिनंदन समारोह में प्रमुख रूप से डी0 जी0 सी0 (अपराध) रेशपाल सिंह राठौर, डी0 सी0 सी0 (सिविल) जितेन्द्र कुमार सिंह, अ0भा0क्ष0मा के जनपद एटा के महा सचिव उमेश प्रताप सिंह चौहान मधु, कैलाश पुण्ठीर पूर्व जिलापंचायत सदस्य रामनिवास सिंह चौहान, प्रधान जैतपुर रक्षपाल सिंह राठौर, हर्षित सिंह चौहान, संजय सोलंकी, चंद्रशेखर सिंह, सुधीर राघव, अरुण सोलंकी एडवोकेट आदित्य चौहान, एडवोकेट मानवेन्द्र सिंह चौहान,एडवोकेट उदय प्रताप सिंह चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल में प्रधानमंत्री के नाम स्थानीय सांसद को दिया ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नोएडा ने संस्था के एनसीआर अध्यक्ष एवं जिला चेयरमैन सुनील गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष सुधीर चंद्र पोरवाल एवं पूरी कार्यकारिणी समेत भारी संख्या में उद्योगपतियों एवं व्यापारियों के साथ कैलाश हॉस्पिटल सेक्टर 27, नोएडा में सांसद डॉक्टर महेश शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील गुप्ता ने कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग के कारण इसमें मुख्यतः विदेशी कंपनियां शामिल है। छोटे एवं मध्यम कारोबारियो का ज्यादातर व्यापार या तो बंद हो गया है या उनके कारोबार में 75त्न तक कमी हुई है। देश भर में लगभग दो करोड़ इस श्रेणी के कारोबारी आते हैं यदि उनके परिवार एवं उनके कर्मचारियों को जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा लगभग 20 करोड़ होता है। सुनील गुप्ता ने सांसद जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि यदि यही व्यवस्था रही तो 20 करोड़ देशवासियों को रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। इसके विपरीत यह ऑनलाइन चंद विदेशी कंपनियों को देखा जाए तो वह मात्र कुछ लाख रोजगार देकर बड़ी मात्रा में अपना मुनाफा विदेशों में भेज रहे हैं। सुनील गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री से आग्रह है कि वह एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर दोनों की बिजनेस मॉडल की जांच करते हुए एक सुगम रास्ता ऐसा निकाले जिसमें दोनों ही तरह के व्यापार पनप सके एवं भारत की तरक्की में सहायक हों । डॉ महेश शर्मा ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग भाजपा का एक अभिन्न अंग है।और उन्होंने आश्वासन दिया कि वह अपनी तरफ से प्रधानमंत्री कार्यालय को इस ज्ञापन को भेजते हुए प्रधानमंत्री से निवेदन करेंगे कि वह व्यापारियों की समस्या का समाधान निकाले।

इस अवसर पर वरिष्ठ महासचिव अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, संरक्षक डीपी गोयल, राजकुमार गर्ग, रवि कांत मिश्रा, महासचिव राहुल भाटिया एवं अमित पोरवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, संगठन महामंत्री फूल सिंह यादव, संजय खत्री कार्यालय मंत्री नवीन पोरवाल ,सचिव शैलेंद्र पोरवाल, सुनील वर्मा ,राजकुमार गुप्ता, धर्मवीर बंसल, डॉक्टर जेएस बेदी ,सुरेंद्र गर्ग ,रोहित श्रीवास्तव, कपिल शर्मा, अनुज कुमार, महेंद्र प्रजापति, अमित प्रजापति, राहुल शर्मा, रमेश प्रजापति, हनी पोरवाल,आशा पोद्दार, ममता तिवारी, उषा थापा, निमता नेगी, पूजा अवाना, किरण कुशवाहा, योग्यता मल्होत्रा, प्रमिला बिष्ट, रेनू बाला शर्मा, संतोष सिंह, नीतू यादव आदि बहुत से पदाधिकारियों ने इस अवसर अपने विचार रखे। एवं ऑनलाइन ट्रेंडिंग के दुष्प्रभावों के बारे में कहा कि ऑनलाइन ट्रेंडिंग के कारण बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। यही स्थिति रही तो अगले 5 से 10 वर्षों में यहां के व्यापारियों की भूखों मरने की स्थिति होगी आज के समय में ही छोटे छोटे कारोबारियों को दुकान का किराया एवं खर्चे निकालना मुश्किल हो रहा है।

# जीएल बजाज कॉलेज के डीन डॉ. शशांक अवस्थी बने आईईईई इंडिया काउंसिल के उपाध्यक्ष

आईईईई इंडिया काउंसिल के सदस्य और तकनीकी समुदाय ने डॉ. अवस्थी द्वारा इस नई जिम्मेदारी को संभालने पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के डीन (स्ट्रेटेजी) डॉ. शशांक अवस्थी को आईईईई इंडिया काउंसिल के उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। वह आईईईई इंडिया काउंसिल की (सिस्टर सोसाइटी) का कोऑर्डिनेशन कार्यभार देखेंगे।

यह उपलब्धि उनके नेतृत्व, समर्पण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान का प्रमाण है।

आईईईई इंडिया काउंसिल के सदस्य और तकनीकी समुदाय ने डॉ. अवस्थी द्वारा इस नई जिम्मेदारी को संभालने पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। उनका मानना है कि डॉ. अवस्थी का अनुभव और नेतृत्व न केवल ढ्ढश्वश्वश्व नेटवर्क के भीतर बल्कि व्यापक तकनीकी समुदाय में भी नवाचार और सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। डॉ. अवस्थी के नेतृत्व में, यह भूमिका तकनीकी शोध, नवाचार, और विभिन्न सिस्टर सोसाइटी के बीच सहयोग को और मजबूती प्रदान करेगी। उनके प्रयास निश्चित रूप से प्रौद्योगिकी और नेटवर्किंग के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने में सहायक होंगे। जीएल बजाज संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने डॉ. अवस्थी की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह डॉश अवस्थी के साथ-साथ जीएल बजाज के लिए भी गर्व का विषय है। कॉलेज प्रबंधन, फैकल्टी और छात्रों ने भी डॉ. अवस्थी की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

डॉ. शशांक अवस्थी, तकनीकी शिक्षा और प्रबंधन के क्षेत्र में एक अनुभवी विशेषज्ञ हैं। उन्होंने अपनी विशेषज्ञता और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान दिया है।


# नकदी, ताश सहित सात जुआरी किये गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** रविवार की शाम मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा नगर की रेलवे लाईन के पास झाडियो मे जीत हार की बाजी लगा कर जुआ खेल रहे सात जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये जुआरियों से 8080 रुपये मय 52 ताश पत्ते बरामद किये गये। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में आरिफ पुत्र मौहम्मद सगीर मौहल्ला गढीमान खा थाना जलेसर, मोनू धोवी पुत्र नवाब धोवी मौहल्ला धोवियान थाना व कस्वा जलेसर, छोटे पुत्र बाबूराम नि0 मौहल्ला नयी वस्ती हथौडा थाना जलेसर, आरिफ पुत्र रहीश नि0 मौहल्ला इस्लाम नगर थाना जलेसर जनपद, रहमान पुत्र पप्पू नि0 मौ0 सादात थाना जलेसर जनपद, तोसिफ पुत्र साबिर नि0 मौ0 सादात थाना जलेसर तथा जाकिरुददीन पुत्र नाजिरुददीन नि0 मौ0 सादात थाना जलेसर जनपद एटा सम्मिलित हैं।

# बार एसोसिएशन का कौन होगा अध्यक्ष एवं सचिव मंगलवार को होगा फैसला




लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** बार एसोसिएशन का कौन होगा अध्यक्ष ,सचिव मंगलवार 3 बजे के बाद हो जाएगा फैसला। 2 दिन की छुट्टी होने के कारण प्रत्याशियों ने घर-घर जाकर मांगे वोट। प्रेषक की मौजूदगी तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज होगा मतदान।

84 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग। बार एसोसिएशन चुनाव मंगलवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक मतदान होगा तथा मतदान के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी। 2 दिन तहसील की छुट्टी होने के कारण प्रत्याशियों ने घर घर जाकर वोट मांगे। अध्यक्ष पद के लिए बीके अवस्थी तथा शेष कुमार तिवारी के बीच सीधा मुकाबला है।

सचिव पद के लिए महेंद्र सिंह शाक्य, प्रमोद कुमार सक्सेना, संतोष कुमार यादव तथा शिवपाल सिंह यादव कांटे की टक्कर है। कोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार शाक्य तथा स्वदेश मिश्रा के बीच सीधा मुकाबला है। अन्य पदों पर एक-एक नामांकन आने के कारण सभी पदों के प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया है। अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए 84 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष बलवीर सिंह राठौड़ ने बताया प्रेषक की मौजूदगी तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सुबह 11 बजे से दोपहर 2 तक होगा इसके तुरंत बाद प्रत्याशियों और प्रेषक की मौजूदगी में मतगणना कराई जाएगी। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष होगी।

# आरडब्ल्यूए राजनगर द्वारा शरद महोत्सव का आयोजन किया गया




लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** आरडब्ल्यूए राजनगर द्वारा शरद महोत्सव का आयोजन किया गया। आईएमए भवन ाजनगर में हुए समारोह का मुख्य आकर्षण रंगारंग कार्यक्रम रहे। कत्थक सम्राट बिरजू महाराज के शिष्य अभिनव का नृत्य, महिलाओं के ग्रुप डाँस, रैम्प वॉक स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति व दिव्यांग बच्चों के देश भक्ति गीतों की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा के सदस्य अनिल अग्रवाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद अजय शर्मा व भारतीय योग संस्थान के देवेंद्र हितकारी रहे। संस्था के अध्यक्ष डी के गोयल व दीपक कांत गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। अमरीश त्यागी, प्रभाकर त्यागी, विनीत शर्मा, ओम प्रकाश भोला, सौरभ गर्ग, गोल्डी सहगल, सिमरन रंधावा, सुनील दत्त शर्मा, पंकज भारद्वाज आदि भी मौजूद रहे।

# त्रिमूर्ति मानव सेवा समिति ने सीडीओ व विधायक समेत कई गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया

सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह उनकी यात्रा का एक अहम हिस्सा था और वह हमेशा एटा के विकास के लिए समर्पित रहेंगे



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) डॉ. अवधेश कुमार वापजेयी के सेवानिवृत्त होने पर त्रिमूर्ति मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार के योगदान और सेवा को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खासतौर पर भाजपा के सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या रजनी पटेल, डॉ. रामविलास शर्मा, डॉ. कौशिक, प्रदीप महाजन उर्फ छोटू, राहुल गुप्ता को भी अलग-अलग समिति के सदस्यों प्रतीक चिन्ह और कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। समारोह में त्रिमूर्ति मानव सेवा समिति के पदाधिकारियों ने इस महत्वपूर्ण दिन को विशेष बनाने के लिए तत्परता से कार्य किया। समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन ने इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ.अवधेश कुमार की प्रशासनिक सेवाएं हमेशा याद रखी जाएंगी। उपाध्यक्ष डॉ. राजू शिकरवार, रवींद्र जैन, आकाश जैन (राजा), रानू जैन, योगेंद्र जैन, नितिन जैन, अंकित जैन और समिति के अन्य सदस्य भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह उनकी यात्रा का एक अहम हिस्सा था और वह हमेशा एटा के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. अवधेश कुमार की मेहनत और उनकी कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने उनके योगदान को एटा की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण बताया। समारोह का समापन मिष्ठान वितरण और सभी सम्मानित व्यक्तियों के साथ सामूहिक फोटोग्राफी के साथ हुआ।

# दो दिन बाद निकली धूप ने दी राहत, क्रिकेट खेलते और पतंग उड़ाते दिखे बच्चे

लोकमित्र ब्यूरो

**बस्ती।** जिले में दो दिन बाद लोगों ने ठंड से राहत महसूस की है, आसमान में धूप खिली और मैदान में बच्चे खलते नजर आए। ज्यादातर लोग घरों की छतों पर धूप सेंकते नजर आए। वहीं बच्चों के साथ ही बुजुर्गों ने भी खिली धूप का स्वागत किया। सोमवार की सुबह जब आसमान में लोगों ने भगवान भास्कर को देखा तो मानों उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कई दिनों से ठंड और गलन के चलते लोग परेशान थे। बर्फीली हवाएं जहां भीतर तक झकझोर दे रहीं थीं वहीं आसमान में छाए बादल और कोहरे की चादर के चलते यातायात भी प्रभावित हो रहा था, लेकिन धूप के दर्शन होते ही बच्चे बैट बॉल लेकर मैदन में उतर गए। वहीं कई बच्चे तो घरों की छतों पर पंतगबाजी करते नजर आए। धूप का महत्व कितना है इस बात का अंदाजा ठंड में सजह ही लगाया जा सकता है, ठंड के चलते मनुष्य तो क्या पशु पक्षी भी बेहाल थे, लेकिन खिली धूप से उन्हें भी राहत मिली, ज्यादातर पशु पक्षी ताल पोखरों के पास धूप सेंकते और अठखेलियां करते नजर आए। जिला अस्पताल में तैनात फिजिशियन डॉ रामजी सोनी करते हैं कि इस मौसम में यदि धूप खिले तो वह किसी वरदान से कम नहीं है, फ्री में विटमिन डी का क्यों न फायदा लिया जाए, बताते हैं कि यह धूप किसी दवा से कम नहीं है।

# महानगर अध्यक्ष ने आज़ाद समाज पार्टी काशीराम भीम आर्मी प्रमुख का किया अभिवादन

महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर मोहित सूद वाल्मीकि ने आजाद समाज पार्टी काशीराम भीम आर्मी प्रमुख सांसद लोकसभा नगीना चन्द्रशेखर आज़ाद का दिल्ली आवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर मोहित सूद वाल्मीकि ने आजाद समाज पार्टी काशीराम भीम आर्मी प्रमुख सांसद लोकसभा नगीना चन्द्रशेखर आज़ाद का दिल्ली आवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया । मोहित सूद वाल्मीकि महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद ने आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भीम आर्मी के प्रमुख व नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद को दिल्ली आवास पर पहुंचकर मा श्र राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का व शीर्ष नेतृत्व का गाज़ियाबाद महानगर अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी देने पर मोहित सूद वाल्मीकि महानगर अध्यक्ष गजियाबाद ने आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को विश्वास दिलाया कि गाज़ियाबाद महानगर अध्यक्ष की जो मुझको मिम्मेदारी सोपी है उसपे में खरा उतने का काम करूंगा और महानगर में 100 वार्डो में आज़ाद समाज पार्टी काशीराम व भीम आर्मी की विचार धाराओ से अवगत कराकर सर्व समाज को पार्टी से जोड़ने का कार्य तन मन धन से करूंगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष का लोई उड़ाकर, डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज महानगर गाजियाबाद का मूवमेंट में बाबा साहब का चित्र भेट करके और फूलो का बुगा देकर नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी । इस अवसर पर वहां सतपाल चौधरी कोर कमेटी सदस्य व प्रदेश प्रभारी राजस्थान, इमरान खान सह प्रभारी राजस्थान, चंद्रशेखर मौर्य प्रदेश महासचिव राजस्थान, राकेश मेघवाल भूरे खान निडोरी मोनू सूद आदि पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# समृद्धि प्रीमियर लीग-2 टाइटंस बनी चैंपियन



देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** समृद्धि प्रीमियर लीग के सीजन 2 में टाइटंस ने एक रोमांचक सुपर ओवर मैच में एसजीए 11को हराकर सीजन 2 का ख़िताब अपने नाम कर लिया। टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 154 रनो का स्कोर तैयार किया। जवाब में उठी एसजीए ङ्गङ्घ ने भी 20 ओवर में 154 रन बनाये। मैच के सुपर ओवर में टाइटन्स ने 5 रनो के लक्ष्य को मात्रा दो बाल में ही बना लिया।टाइटंस के तरफ से सबसे ज्यादा 63 रन कप्तान गौरव ने बनाये। उनकी शानदार पारी ने टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस जीत के साथ, टाइटंस ने समृद्धि प्रीमियर लीग के सीजन 2 का ख़िताब अपने नाम कर लिया है। टीम के खिलाड़ियों और समर्थकों ने इस जीत का जश्न मनाया। समृद्धि प्रीमियर लीग के आयोजकों ने टाइटंस को बधाई दी और उनकी शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की।

# मेवाड़ में गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाश पर्व मनाया गया

श्री गुरु गोविन्द सिंह अत्याचार और अन्याय के खिलाफ लड़े: डॉ अलका अग्रवाल

गुरू गोविन्द सिंह दूरदर्शीए महान विचारकए योद्धाए महापुरुष और दलितोद्धारक थे। विश्व के इतिहास में गुरु गोविन्द सिंह जैसा महान बलिदानी पैदा नहीं हुआ



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सोमवार को गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाश पर्व मनाया गया। विद्यार्थियों ने शबद.कीर्तनए कविताओं व सम्भाषण के जरिये गुरु गोविन्द सिंह को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ अलका अग्रवाल ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह ने जितने भी युद्ध लड़े वे जातियों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सुरक्षा तथा अत्याचार और अन्याय के खिलाफ लड़े।

गुरू गोविन्द सिंह दूरदर्शीए महान विचारकए योद्धाए महापुरुष और दलितोद्धारक थे। विश्व के इतिहास में गुरु गोविन्द सिंह जैसा महान बलिदानी पैदा नहीं हुआ। देश के लिए उन्होंने अपने पिता व बच्चों तक का बलिदान कर दिया। वे अन्याय के प्रति संघर्ष करते रहे मगर अपनी कौम की आन, बान और शान को नहीं छोड़ा। पूरा परिवार बलिदान हो जाने के बावजूद उन्होंने दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया। उनका संघर्ष किसी एक समुदाय विशेष के साथ नहीं बल्कि अत्याचारियों के खिलाफ था। डॉण् अलका अग्रवाल ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह समाज प्रवर्तक थे। सभी जातियों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने खालसा पंथ बनाया। उनका मानना था कि हर परिवार का एक सदस्य सिख जरूर बने। समारोह में अलका, अंजलि, आयुषी, ज्योति, अर्चनाए अंजलि आदि ने शबद.कीर्तन, कविताओं, सम्भाषण के जरिये गुरु गोविन्द सिंह के आदर्शों व उनके जीवन पर प्रकाश डाला। समारोह का संचालन बीएड की छात्राओं आयुषी एवं अंकिता ने किया।

संक्षिप्त खबरें

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**मसौली (बाराबंकी)।** कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज में मां शक्ति काली पीठ मंदिर के प्रांगण में सोमवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होने से पूर्व मां शक्ति काली पीठ मंदिर से कलश पूजन के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जो बाबा रामशरण दास भगवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली बाजार दुर्गा मंदिर शिव मंदिर खरैला कुआं ज्वालामाई मंदिर होते हुए पुनः मां शक्ति काली पीठ मंदिर पहुंची जहां पर नेमिषरण धाम से पधारे आचार्य श्री केशव जी महाराज व कथावाचिका साध्वी पूनम जी ने वैदिक मंत्रों के द्वारा विधि-विधान पूजन कर कथा स्थल पर कलश स्थापित कराया। प्रथम दिन कथावाचिका साध्वी पूनम जी ने कहा भगवत कथा सुनने का बड़ा महत्व है। भगवत कथा का लाभ सुननें ओर सुनाने वाले दोनों की मन स्थिर पर निर्भर करता है। यदि कथा सुनने ओर सुनाने वाले की मन स्थिर शुद्ध ओर निस्वार्थ होती है, कथा का पूर्ण लाभ मिलता है ओर व्यक्ति को शांति ओर मोक्ष की ओर ले जाता है। भगवत कथा सुनने से मन शुद्ध होता है ओर मस्तिष्क निर्मल होता है। उक्त अवसर पर कथा आयोजक कमला शाह, गुड्डू यादव,राजू यादव, अमरीश वर्मा, राजेन्द्र वर्मा,राम चंदर यादव अम्बर यादव,उत्तम वर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

### दो लाख साठ हजार में बड़न पुर की हाट बाजार हुई एक साल के लिए नीलाम

**रामनगर।** ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला की मौजूदगी में ग्राम पंचायत बड़न पुर की हाट बाजार नीलाम की गई जिसकी अधिकतम बोली दो लाख साठ हजार लगाने वाले हक़िम सिंह भदौरिया को बाजार मिली। उक्त हाट बाजार मनरेगा योजना से ग्राम पंचायत बड़न पुर प्रधान आशा वर्मा ने बनवाई थी।पिछली साल इसकी नीलामी एक लाख तीस हजार में हुई थी मगर इस बार बढ़ कर दो लाख साठ हजार हो गई ।यह धनराशि ग्राम पंचायत के सरकारी खाते में जमा होकर गाँव के विकास में खर्च की जाएगी।इस बाजार में सप्ताह में दो दिन साग सब्जी, अनाज आदि जरूरत के सामान बिक्री होती है। यह नीलामी एक साल के लिए की गई है।अब बाजार नीलामी में लेने वाले दुकानदारों से किराया लेकर अपनी राशि वसूल करेंगे।

### योगी सेवक ने निकाली बाईक रैली

**रामनगर।** योगी सेवक नीरज शर्मा ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ सनातन जाग्रत यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया। पंच मुखी हनुमान मंदिर के पास से निकली रैली महादेवा मंदिर पर जाकर समाप्त हुई । रैली में तमम लोग बाइकों पर सवार होकर शामिल हुए। रैली का नेतृत्व करते हुए योगी सेवक मोटर सायकिल पर बैठ आगे-आगे चल रहे थे और लोगों का हाथ जोड़ अभिनंदन कर रहे थे। रैली पंचमुखी हनुमान मंदिर रामनगर के दर्शन पूजन से शुरू हुई जहां लोगों ने भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद रैली लोधेश्वर महादेवा के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पर पहुंची जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सनातनी जाग्रत रहें इस लिए यह रैली निकाली गई।एक जुटता से ही समाज मजबूत होता है।वे सनातन की मजबूती के लिए हर सम्भव प्रयास करते रहते।यह रैली उसी की एक कड़ी है।

### तीन जनवरी से लापता युवक, गुमशुदगी दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** तीन जनवरी से लापता युवक के परिजनों ने अनहोनी की आशंका के चलते कोतवाली में लड़के की गुमशुदी की तहरीर दी है जिस पर पुलिस ने मामले को दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त विवरण के अनुसार गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बालूघाट चौकी क्षेत्र के श्री नगर का निवासी रजत सिंह (29) वर्ष बीती 3 जनवरी से लापता है। मां सुनीता सिंह ने गंगाघाट कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 3 जनवरी को अपराह्न करीब चार बजे युवक पीला स्वेटर और लोवर पहन कर घर से निकला था। उसके बाद से वह घर नहीं लौटा है। काफी तलाश के बाद जब युवक का पता नहीं चला तो परिजनो ने भावी आशंका के चलते पुलिस की शरण में पहुंचे है। मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर कल

**शुक्लागंज उन्नाव।** आठ जनवरी को रोटरी क्लब शुक्लागंज गंगाघाट के तत्वाधान में राजधानी मार्ग स्थित ऋषि आश्रम गेट पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया जाएगा।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रोटरी क्लब गंगाघाट के अध्यक्ष ध्रुव प्रकाश अवस्थी ने बताया कि नेत्र परीक्षण शिविर में मोतियाबिंद आपरेशन के मरीज चिन्हित किए जाएंगे। जिनका कानपुर स्थित कनिका अस्पताल में नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। मरीजों को उनके आधार कार्ड की फोटो कापी और स्वयं की दो फोटो लाना अनिवार्य होगा।

### मगरायर फीडर के कैंचीमोड-रेलवे स्टेशन के मध्य रखे ट्रांसफार्मर में खराबी से जले उपभोक्ताओं के उपकरण

**बीघापुर,उन्नाव।** मगरायर फीडर के कैंचीमोड-रेलवे स्टेशन के मध्य लगे ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने से उपकरण जल गए है। सोमवार सुबह करीब 04 बजे ट्रांसफार्मर से 11 हजार सप्लाई हो जाने से घर व दुकानों में लगे उपकरण जल गए है। दुकानदारों का हजारों रुपये का नुकसान हो गया है। जिसके बाद लाइनमैन राहुल, भीषम और जेई अम्बिकाप्रसाद को जानकारी दे दी गयी है। जेई ने कहा है जल्द ही नया ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। दुकानों में लगे इनवर्टर, भी जल गए है।

# सांसद साक्षी महाराज ने किया गोशाला का लोकार्पण

» प्रमुख समस्याओं में जर्जर सड़को का निर्माण रेलवे अंडरपास में जलभराव गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना में ठेकेदारी की मनमानी और आवास योजना से संबंधित मांगे शामिल रही



लोकमित्र संवाद

**सफीपुर,उन्नाव।** मियाँगंज ब्लॉक के कोरारी कला गांव में 8.28 लाख रूपए की लागत से बनी गोशाला का उद्घाटन उन्नाव साक्षी महाराज ने किया।इसके बाद उन्होंने गांव के प्राथमिक विद्यालय चौपाल में भाग लिया जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याए साझा की। प्रमुख समस्याओं में जर्जर सड़को का निर्माण रेलवे अंडरपास में जलभराव गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना में ठेकेदारी की मनमानी और आवास योजना से संबंधित मांगे शामिल रही। सांसद साक्षी महाराज ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया ।उन्होंने पंचायत सचिव को आवास योजना में पात्र लाभार्थियों की पहचान करने के लिए कहा।ग्रामीणों ने सांसद को रनागढ़ी मार्ग की बदहाली की शिकायत की,जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी।सलेमपुर के रजोले ने गंगा एक्स प्रेसवे परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी न होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा फसल नष्ट करने की बात कही।रेलवे अंडर पास में जल भराव की समस्या को लेकर भी असंतोष व्यक्त किया गया।इसके अतिरिक्त टेनई गांव की महिलाओ ने आवास न मिलने की समस्या उठाई जिस पर सांसद ने पंचायत सचिव को सर्वे करने और जरूरतमंदो को आवास देने के निर्देश दिए।ग्रामीणों ने खाद वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सांसद से शिकायत की।सांसद के निर्देश पर हसनगंज तहसील के उपजिलाधिकारी रामदेव निषाद ने जांच का आश्वासन दिया और कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

## दहेज लोभी पति को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**उन्नाव।** दहेज हत्या के मामले में अपर जिला जज की न्यायालय ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा के साथ 22,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 31.01.2017 को अभियुक्त हनुमान पुत्र स्व0 मेड़ीलाल निवासी रानीपुर थाना असोहा ने अपनी पत्नी सरोजनी उम्र करीब 20 वर्ष की दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर हत्या कर दी जिसके चलते सरोजनी के पिता ने थाना असोहा पर मु0अ0सं0 126/17 धारा 498, 304 , 302 भादवि व ङ डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसमे अभियक्त हनुमान उपरोक्त को गिरफ्तार कर आरोप पत्र दिनांक 26.06.2017 को माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय स्छ्व 03 द्वारा दहेज हत्या के अभियोग में 01 अभियुक्त को दंडित किया गया है जिसके चलते अभियुक्त को आजीवन कारावास की अवधि तथा 22,000/-रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** सोमवार को प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामपुर संदीप कुमार राय मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 02/25 धारा 305,331(4) बी0एन0एस0 थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी से सम्बन्धित प्रकाश में आये दो अभियुक्त 1.सत्यम सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम पुन्नपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष, 2.अर्जुन सिंह पुत्र फौजदार सिंह निवासी ग्राम पूरे पहाड़ मजरे पुन्नपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को बगिया मेला चौराहा के पास से समय करीब 08.45 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया ।

पुलिस की तलाशी में अभियुक्त सत्यम सिंह के कब्जे से 01लाकेट पीली धातु, 01 जोडी पायल नया, 01 जोडी पायल पुराना व 28,300 रुपये नकद तथा अभियुक्त अर्जुन सिंह के कब्जे से 03 जोडी पायल नया, 02 जोडी पायल पुराना, 02 पायल पुराना तथा 26,700 रुपये नकद बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त सत्यम सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश जायसवाल किराना व आटा चक्की की दुकान खोले हुए है।

उसी में उनका बड़ा भाई पन्नालाल जायसवाल आभूषण रखता है तथा गांवों में घूम घूमकर नया आभूषण बेचता है व पुराना आभूषण खरीदता है एवं टूटे हुए लाकेट अदि में धागा व गुरिया लगाता है। मैनें ओमप्रकाश जायसवाल से व्यवहार बना लिया तथा कई बार जाकर दुकान में आने जाने का रास्ता देख लिया तथा अपने दोस्त अर्जुन सिंह को भी ले जाकर रास्ता दिखाया था।

दिनांक 31.12.2024 को रात्रि में मैं अपने दोस्त अर्जुन सिंह को मास्क पहनाकर दुकान के पीछे पेड़ से चढ़ाकर छत के रास्ते दुकान के अन्दर चोरी करने के लिये भेज दिया था तथा मैं बाहर रहकर रैकी करता रहा। चोरी में मिले आभूषण व रुपये को आपस में बाट लिया था।

बरामद आभूषण व रुपये उसी चोरी के हैं, इसमें से कुछ रुपये हम लोगों द्वारा खर्च किए गए हैं।

# दबंगों द्वारा युवक की बेरहमी से पिटाई, वारदात सीसीटीवी में कैद

लोक मित्र संवाद



शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड स्थित झंडा चौराहे में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। रविवार रात करीब नौ बजे मोहित शर्मा नामक युवक जब अपने घर जा रहा था, तभी कुछ दबंगों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

मोहित शर्मा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दबंगों ने पहले उसके साथ गाली-गलौज की और फिर उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाने की कोशिश की। मोहित का कहना है कि दबंग उसे सड़क पर घसीटते हुए बाइक तक ले गए और फिर उसे मंशा खेड़ा नामक स्थान पर ले जाकर उसकी बुरी तरह पिटाई की। पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल रहा। इस पूरी घटना का एक वीडियो पास ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। इस वीडियो में दबंगों की पूरी करतूत साफ दिखाई दे रही है, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश है।

इस घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग पुलिस से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पीड़ित मोहित शर्मा ने पुलिस में तहरीर दी है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और वायरल वीडियो के आधार पर दबंगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बिंदौरा परसपुर में हो रहा घूर गड्ढा का घटिया कार्य

लोकमित्र ब्यूरो



**बाराबंकी।** बिंदौरा परस पुर के ग्राम प्रधान पीली इंटो से खाद गड्ढा बना रहे हैं जो टिकाऊ नहीं हैं।यंहा मनरेगा से चकबंध पटाई मे भी मिट्टी केवल दौड़ाई गई है ।ठीक से पटाई भी नहीं हुई ।बताते हैं कि सभी कार्य ठेके पर होने की वजह से घटिया हो रहे। प्रधान पूरी तरह लापरवाह दिख रहे।

ब्लॉक रामनगर की इस ग्राम पंचायत में खाद गड्ढा इस समय बन रहे जो कोई बाहरी ठेकेदार बना रहा है।प्रधान घर के निकट बने दो खाद गड्ढा ही अव्वल इंट से न बनाकर पीली इंट से बनाए गए है तो अन्य स्थानों की कौन कहे। प्रधान द्वारा रोका भी नहीं गया इससे उनकी संलिप्ता खुद जाहिर हो रही है।

मनरेगा सड़क पर केवल मिट्टी चटाई गई। इस ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना से बाँध की तरफ एक सड़क पटी है जिस पर केवल मिट्टी चटाई गई गई है।उसे मानक अनुसार ठीक से पाटा भी नहीं गया है जिससे सड़क सही नहीं दिखती। बताया गया कि इसे भी ठेके पर पटवाया गया है।यंहा रोजगार सेवक व प्रधान की मिली भगत से घटिया कार्य हो रहे और सरकारी पैसे की बंदरबांट हो रही है मगर कोई अफसर देखने व सुनने वाला नहीं है।पंचायत घर भी पीली इंटो से प्रधान बनवा रहे हैं। यंहा प्रधान द्वारा हैंड पम्प,ह्यूम पाइप व स्ट्रीट लाइट पर भी खूब खेल हुआ बताया जा रहा है। ए डी ओ पंचायत ने बताया कि जांच की जाएगी।यदि घटिया निर्माण मिला तो भुगतान रोका जाएगा ।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया गोष्ठी का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा फायर स्टेशन गौरीगंज में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त बीट उपनिरीक्षक/नोडल अधिकारी व महिला बीट आरक्षी के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में बीट उपनिरीक्षक/नोडल अधिकारी व महिला बीट आरक्षी को अपने अपने बीट में जाकर कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण, विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक करने हेतु बताया गया, एवं सम्बन्धित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये।

जिससे महिलाओं में आत्मसुरक्षा का भाव उत्पन्न हो सके व अपने अधिकारों को जान सकें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी/कर्म0गण मौजूद रहे।

# चकबंदी को रोकने के लिए हजारों किसानों ने बहरौली में किया बैठक

लोकमित्र ब्यूरो



**निन्दूरा, बाराबंकी।** विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र में ग्राम पंचायत बहरौली गांव में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के बैनर तले हजारों की संख्या में किसानों ने एकत्र होकर चकबंदी का विरोध किया। महापंचायत में किसानों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह पूरा क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र घोषित है। कुर्सी से लेकर अनवारी तक जमीन स्क्वायर फीट में बिक रही है, हजारों फैक्ट्रियां लग गई है हम लोग चकबंदी नहीं चाहते किसानों की मंशा को ध्यान में रखते हुए किसानों ने बैठक किया। किसान पंचायत की अध्यक्षता सत्येन्द्र कुमार मौर्य ने की मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान जब चकबंदी नहीं चाहते हैं तो जबरदस्ती चकबंदी थोपी नहीं जानी चाहिए यह पूरा क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र है किसानों की जमीनों की कटौती करके चक मार्ग और रास्ते देने की बात चकबंदी के दौरान की जाती है अधिकारियों के द्वारा किसानों का जमकर शोषण किया जाता है मनमाफिक चक बनवाने के लिए किसान परेशान होते हैं आस पास ही कोका कोला की बड़ी फैक्टरी अमरून फूड्स प्राइवेट लिमिटेड इसके अलावा इंटीग्रल यूनिवर्सिटी

तथा तमाम डिग्री कॉलेज और सैकड़ों फैक्ट्रियां विकसित हो चुकी है 70 से 80 फीसदी जमीन इंडस्ट्रियल कार्यों में प्रयोग की जा रही है मात्र 30त्न भूमि ही कृषि योग्य बची है ऐसी स्थिति में चक बंदी का कोई औचित्य नहीं बनता। राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्येन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि हम गरीबों वंचितों शोषित समाज के लोगों दलितों पिछड़ों किसानों और मज़दूरों की आवाज को बुलंद करने के लिए शासन प्रशासन से हमेशा गुहार करते हैं और न्याय की मांग करते हैं इस क्षेत्र की जनता चकबंदी नहीं चाहती है इसलिए चकबंदी नहीं होनी चाहिए चकबंदी में जिन अधिकारियों ने किसानों का शोषण किया है उसकी जांच होनी चाहिए किसानों के विकास के लिए सरकार को तीन काले कानून वापस लेने चाहिए ओर सी 2+50त्न का फॉर्मूला लागू करना चाहिए ,सरकार का इस ओर ध्यान नहीं है सरकार किसानों का ध्यान भंग करके नई नई योजनाएं ला कर किसानों और मज़दूरों को गुमराह कर रही है और झूठा सम्मान देते हुए उन्हें ₹2000/- की किसान सम्मान निधि दे रही है उन्हें अपने पैरों पर खड़े करने की और उन्हें अपने उत्पादों के उचित मूल्य की व्यवस्था देने से कतरा रही है हम सरकार से मांग करते हैं की तत्काल चकबंदी को रोका जाए।

किसानों की मांगों को पूरा किया जाए इस किसान पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्येन्द्र कुमार मोरे राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद सलमान प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक यादव तथा कार्यक्रम के आयोजक उमेश यादव देवमन सहित हजारों किसान, किसान पंचायत में शामिल हुए। किसान पंचायत के बीच सर्किल अटहरा चकबंदी एसीओ अधिकारी प्रदीप सिंह और नायब तहसीलदार ने अभिनव सिंह ने पहुंचकर ज्ञापन लिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने थाना बिहार का किया भ्रमण

» प्रशिक्षण के उपरांत छात्र अपने अनुभवों को प्रोजेक्ट रिपोर्ट के रूप में प्रस्तुत करेंगे, जो उनके कौशल विकास और पुलिस-जनसंपर्क के सुधार में योगदान करेगी

लोक मित्र संवाद

**पाटन,उन्नाव।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बाबू जय शंकर गया प्रसाद महाविद्यालय, छाछी राई खेड़ा, सुमेरपुर के छात्र-छात्राओं ने छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार थाना का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को समझने और अनुभव करने का अवसर प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने थाने के विभिन्न विभागों, जैसे एफआईआर लेखन, जनरल डायरी (जी ड़ी) मेंटेनेंस, अपराध रजिस्टर और महिला हेल्प डेस्क के संचालन की जानकारी प्राप्त की। उन्हें पुलिस अधिकारियों से संवाद करने और उनके कर्तव्यों को समझने का भी अवसर मिला।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को थाने की बीट व्यवस्था, गश्त और पिकेट ड्यूटी के महत्व, और भीड़ प्रबंधन के तरीके सिखाए गए। साथ ही, कानून से संबंधित विभिन्न पहलुओं, जैसे गिरफ्तारी प्रक्रिया, महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों के समाधान, और साइबर अपराध रोकथाम की जानकारी भी दी गई।इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों के संज्ञानात्मक और सामाजिक कौशल को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के उपरांत छात्र अपने अनुभवों को प्रोजेक्ट रिपोर्ट के रूप में प्रस्तुत करेंगे, जो उनके कौशल विकास और पुलिस-जनसंपर्क के सुधार में योगदान करेगी।

विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि इस अनुभव ने उन्हें पुलिस विभाग की चुनौतियों और जिम्मेदारियों को करीब से समझने का मौका दिया।

छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट रिपोर्ट और सोशल मीडिया पोस्ट प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्यालय स्तर पर सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रशांत शुक्ला, समन्वयक स्वयं सेवक प्रवीण तिवारी और थाना पुलिस अधिकारियों के सहयोग से किया गया।

## आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी में कार्यकारिणी के चुनाव में चयनित पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण



**गाजियाबाद।** आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन की कार्यकारिनी / प्रबंध समिति का चुनाव 29 दिसंबर 2024 को बैलेट पेपर से सम्पन्न हुआ था, जिसमें 9 पदाधिकारी चुने गए थे। इन पदाधिकारियों में अध्यक्ष राकेश चौधरी, उपाध्यक्ष विकास त्यागी, सचिव हरीश त्यागी, कोषाध्यक्ष राकेश सिरोहा, और सदस्यों में विजय थरेजा, श्रीमती शिप्रा त्यागी, मयंक अग्रवाल, राहुल विश्नोई और रुचि गुप्ता शामिल हैं। ये पदाधिकारी 5 जनवरी को पद भार की शपथ ग्रहण कर चुके हैं।

# बढ़ी सर्दी, घने कोहरे और अलाव की कमी से लोग परेशान

लोक मित्र संवाद



**शुक्लागंज, उन्नाव।** जनवरी माह में दिन प्रतिदिन बढ़ती सर्दी ने जनमानस को प्रभावित कर दिया है। रविवार रात 8-9 बजते ही शहर के लोग सर्दी से बचने के लिए घरों में दुबकने को मजबूर रहे। शीतलहर से राहत के लिए पालिका की ओर से केवल कुछ स्थानों पर ही अलाव की व्यवस्था की गई है, जबकि अधिकांश इलाकों में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसका परिणाम यह है कि लोग कागज और कूड़ा जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

सोमवार सुबह से ही आसमान में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बहुत कम हो गई। सूर्य के दर्शन पूरे दिन के दौरान नहीं हो पाए, जिससे ठंड और भी बढ़ गई। लोग ठिठुरते हुए घरों से बाहर निकलने को मजबूर हुए, और पूरे दिन आग के पास बैठकर ही समय बिताया। वहीं, कई लोग इस कड़कड़ाती ठंड में दिक्कतों का सामना करते हुए अपने दैनिक कार्यों को निपटाने में लगे रहे।

कोहरे के कारण पूरे दिन आवागमन में समस्याएं आईं। शाम होते-होते कोहरा इतना घना हो गया कि पास से गुजरने वाले वाहन भी एक-दूसरे से टकराने से बचते नजर आए। इसके चलते वाहन चालक हेडलाइट्स में पीली पन्नी लगाकर चल रहे थे, ताकि दूसरे वाहन चालक दूर से उनकी रोशनी देख सकें और दुर्घटना से बच सकें। इससे सड़क पर चलने वालों को तो परेशानी हो रही थी ही, वहीं वाहन चालकों को भी अपनी यात्रा में विशेष सतर्कता बरतनी पड़ रही थी। बढ़ते कोहरे और सर्दी के कारण लोग दोपहिया और चौपहिया वाहनों के साथ रेंगते हुए यात्रा करते दिखे। सर्दी और कोहरे का सबसे अधिक असर सड़क सुरक्षा पर पड़ा है, जहां वाहन धीरे-धीरे चल रहे थे।

कई बार तो वाहन चालकों को रुककर रास्ता साफ करने की जरूरत पड़ी, क्योंकि कोहरा इतना घना था कि कुछ भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। वहीं, पालिका द्वारा वार्डों में अलाव की व्यवस्था न होने से लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि जब सर्दी इतनी बढ़ी है, तो इस समस्या के समाधान के लिए पालिका को और अधिक प्रयास करने चाहिए थे। खासकर उन स्थानों पर जहां जनसंख्या घनत्व ज्यादा है और लोग अधिक समय सर्दी में बाहर रहते हैं। लोगों की शिकायत है कि अगर सर्दी और कोहरा इसी तरह बढ़ता रहा, तो यात्रा और अन्य गतिविधियां और भी मुश्किल हो सकती हैं। स्थानीय प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह जल्द ही इस मुद्दे पर ध्यान देगा और लोगों को राहत पहुंचाने के लिए उचित कदम उठाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज विरोधी क्रियाकलापों में चार पर दर्ज हुआ मुकदमा

**धौरहरा-खीरी।** काफी लम्बे समय से गिरोह बनाकर अपराध करने के आदी हो चुके चार लोगों पर कोतवाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त लोगों पर तहरीर के आधार पर मुझे दर्ज कर कार्रवाई की गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं में लिप्त होने व मारपीट अवैध रंगदारी मांगने व धमकाने जैसी घटनाओं से आजिज आकर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर बीती 4 जनवरी को दिलशाद पुत्र एकलाख मोहल्ला आचार्य टोला,समीर शेख पुत्र बब्लू शेख बारिन टोला,रोहित नाग पुत्र रामऔतार आचार्य टोला व निशेष उर्फ़ छोटू पुत्र सुरेश बारी जवाहर नगर नगर पंचायत धौरहरा के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद,समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम बी एन एस की धारा 2(क्क)(1) व 3 में कार्यवाही की गई है।

### बीघापुर के पांडेयपुर की गौशाला पर गंभीर आरोप लगा किसान संगठन ने एसडीएम से की शिकायत

**बीघापुर, उन्नाव।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट ने बीघापुर एसडीएम से पाण्डेयपुर की गौशाला की अव्यवस्था को लेकर सोमवार दिन के 11 बजे शिकायत की है।आरोप है कि पाण्डेयपुर की गौशाला में गौवंशो को न खाने की व्यवस्था है न पानी की, न ठंढ से बचाने की व्यवस्था है। आरोप है कि जिंदा गौवंशो से दुर्व्यवहार हो रहा है। जिसको लेकर एसडीएम से शिकायत की गयी है।

### अवैध आरा मशीनों पर कार्रवाई,दो जगह छापेमारी, बिना परमिट लकड़ी के ढेर जब्त

**बस्ती।** जिले में वन क्षेत्राधिकारी रामनगर की अगुवाई में वन विभाग की टीम ने असनहरा ग्राम पंचायत के बिगवावीर क्षेत्र में बिना परमिट के लकड़ी के ढेर पर कार्रवाई की। दूसरी ओर, कलिगड़ा में अवैध रूप से संचालित आरा मशीन को उखाड़कर उसके पार्ट्स को डिस्मेंटल कर दिया गया। इस कार्रवाई से लकड़ी माफिया में हड़कंप मच गया है। सोमवार को विकासखंड गौर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कलिगड़ा में अवैध रूप से चल रही आरा मशीन पर वन क्षेत्राधिकारी रामनगर की टीम ने छापा मारा। मौके पर आरा मशीन संचालक रामकृष्ण चौधरी नहीं मिले। वन कर्मियों ने आरा मशीन को उखाड़ दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से आरा मशीन संचालित करने वाले के खिलाफ वन अधिनियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद टीम ने पैकोलिया थाना क्षेत्र के असनहरा ग्राम पंचायत के बिगवावीर नामक स्थान पर बिना परमिट के लकड़ी के ढेर पर कार्रवाई की। लकड़ियों को सीज कर पिकअप में लोड कर रामनगर रेंज भेज दिया गया। वन अधिकारी अजय कुमार भारती ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, लकड़ी माफिया अवैध रूप से लकड़ियों को इकट्ठा कर अन्य प्रदेशों में ट्रक के माध्यम से भेजते थे।
अवैध आरा मशीनों पर कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम में वन क्षेत्राधिकारी रामनगर रेंज सोनल वर्मा, सचल दल प्रभारी राजकुमार, वन अधिकारी संजय सिंह, वन अधिकारी हरिओम पांडे, वन अधिकारी अजय कुमार भारती, वन अधिकारी धर्मेंद्र यादव, वनरक्षक रामसागर, और वनरक्षक केस राम शामिल रहे।

### दो बिस्वा की जगह सात बिस्वा जमीन का करवा लिया बैनामा

**बहराइच।** जनपद के सराय कनहर गांव निवासी एक युवक ने धोखाधड़ी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। कैसरगंज थाना अंतर्गत सराय कनहर गांव निवासी कौशल मिश्रा (25) पुत्र कैलाश नाथ मिश्रा ने सोमवार की सुबह घर में ही फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक के भाई मुरली मिश्रा ने बताया कि उसकी बहन की शादी फरवरी माह में है। शादी के लिए मां ने लखनऊ मार्ग स्थित सात बिस्वा जमीन में से दो बिस्वा जमीन बेचने की बात कही। इसके लिए जमीन दो बिस्वा बेच दी, लेकिन रजिस्ट्रार ऑफिस में दो बिस्वा की जगह सात बिस्वा जमीन धोखे से दो माह पूर्व बैनामा करवा लिया गया। इसके बाद सिर्फ एक बिस्वा जमीन की कीमत डेढ़ लाख रूपये दिया गया। सोमवार सुबह भाई कौशल मिश्रा रूपये लेने गए तो कुछ सफलता नहीं मिली। इससे क्षुब्ध युवक ने घर के अहाते में फंदा लगाकर जान दे दी।

# 2025 का स्वागत-भारत तेज़ विकास के लिए अधीरः एम चुबा आओ

लोकमित्र ब्यूरो



**नई दिल्ली/ गाजियाबाद।** आइए नव वर्ष 2025 की शुरुआत उम्मीदों के साथ करें। पूरे देश में विकास के प्रति गहरी उत्सुकता का माहौल है। ज़ाहिर है, हमें नए साल की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देकर करनी चाहिए।
देश ने एक महान नेता को खो दिया। 1991 का उनका बजट ऐतिहासिक था और इसने भारत की अर्थव्यवस्था को उदार बनाने में मदद की। वह कांग्रेसी थे, लेकिन इससे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को उनकी आर्थिक प्रबंधन की प्रशंसा करने से नहीं रोकना चाहिए।
यह सच है कि नरसिम्हा राव सरकार के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था का खुलना एक विशाल हाथी के बंधनमुक्त होने जैसा था - एक हाथी जो इस देश जितना बड़ा था। उनकी आत्मा को शांति मिले।उन्होंने कांग्रेस पार्टी को गौरवान्वित किया।मैंने देखा है कि भाजपा नेता कभी-कभी डॉ. मनमोहन सिंह से मजाक में कहते थे कि उनकी आर्थिक उदारीकरण नीति दक्षिणपंथी है, लेकिन वे भारत के प्रधानमंत्री बने रहने के लिए वामपंथियों का समर्थन ले रहे थे। राजनीति ऐसे विरोधाभासों से भरी है। हमें इन्हें बड़ा मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। 2025 के लिए मेरा मुख्य जोर - तेज़ विकास की ओर उन्मुख है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि देश में तेज़ और सर्वांगीण विकास को लेकर एक प्रकार की अधीरता है। यह अधीरता वास्तव में देश, जनता और सरकारों को (केंद्र और राज्य दोनों में) एक विशेष दिशा में बने रहने के लिए प्रेरित करती है। यह सकारात्मकता है!1991 से अब तक, पिछले तीन दशकों में, हमने अक्सर बहस की है कि तथाकथित सुधार कुछ खास वर्गों और विशेष रूप से कुछ राज्यों तक सीमित नहीं होना चाहिए। मोदी सरकार ने 2014 के बाद से, दिवंगत आदरणीय नेता अरुण जेटली के वित्त मंत्री रहते हुए, इन रुकावटों को दूर किया।
कई लोगों ने तर्क दिया कि सुधार एक अच्छी अर्थव्यवस्था है लेकिन जरूरी नहीं कि यह अच्छी राजनीति हो।
लेकिन बदलाव तब आया जब नरेंद्र मोदी सरकार बनी। हमारी पार्टी ने बाजार अर्थव्यवस्था के साथ सामाजिक चेतना को जोड़ा।पूर्वोत्तर पर विशेष ध्यान उदाहरण के तौर पर, 2009-2014 की अवधि की तुलना में पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों के लिए वार्षिक बजट आवंटन में पांच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है।आज, पूर्वोत्तर अब दिल्ली के प्रशासकों और नीति निर्माताओं के लिए दूरस्थ क्षेत्र नहीं है। यहां तक कि राजनीतिक क्षेत्र में भी, मुझे भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया।अब, पैन-इंडिया में पूर्वोत्तर को बाहर नहीं रखा जाता - जैसा कि पहले हुआ करता था। मोदी सरकार के तहत कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उदाहरण के लिए, कर दायरे का विस्तार। इससे बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश को बढ़ावा मिला।
जो बात अधिक ध्यान देने योग्य है वह यह है कि जीएसटी लागू होने के बाद से राज्यों को राजस्व का हिस्सा भी बढ़ा।
ग्रामीण गरीबों और पिछड़े इलाकों के लिए धन पहुंचा जैसे पहले कभी नहीं हुआ। पहले कल्याणकारी योजनाओं और यहां तक कि बैंकिंग कार्यों के लिए गांव को एक इकाई माना जाता था। अगर एक ग्रामीण का बैंक खाता होता, तो इसे समावेशन दिखाया जाता था। यह एक गलत तस्वीर थी।
2014 में मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में, महज 100 दिनों में 12.5 करोड़ बैंक खाते खोले गए। यह एक विशाल छलांग थी। एनडीए सरकार के तहत, बदलाव बुनियादी था। विकासात्मक पद्धतियों को मापने में एक परिवार या एक व्यक्ति को एक इकाई के रूप में माना गया।इसका परिणाम यह हुआ कि केरल जैसे वामपंथी शासित राज्य ने विभिन्न विकासात्मक मानकों में 100 प्रतिशत सफलता दर्ज की। यह सिर्फ एक उदाहरण है। स्थानीय मुद्दे और नगा समाज अब मैं स्थानीय मुद्दों पर आता हूं - हमारे नगा समाज से जुड़े मामले।निश्चित रूप से, 2025 में हमें नगा मुद्दे के लिए आवश्यक राजनीतिक समाधान के लिए तेजी से और मेहनत से काम करने की आवश्यकता होगी। सामाजिक स्तर पर, हमारे युवाओं के सामने रोजगार के अवसरों से संबंधित चुनौतियां और समस्याएं हैं।इस दिशा में बहुत कुछ करना है। हमारी पार्टी युवाओं को उनकी प्रतिभा का उपयोग करने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए उत्सुक है, चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो या रोजगार प्राप्त करने के लिए।हमारी अंग्रेजी भाषा की जानकारी, विशेष रूप से पूर्वोत्तर में, एक मजबूत नींव है। हम सभी जानते हैं कि कड़ी मेहनत की इच्छा के साथ, नगा युवा,स्थ्रह देशों और अमेरिका जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं।
जैसे देश एक पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दे रहा है - जिन्होंने असम का प्रतिनिधित्व किया था - हमें पूर्वोत्तर राज्यों और विशेष रूप से नागालैंड में जीवन की सकारात्मकताओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

## डीएम-एसपी ने प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा में मत्था टेका



▸ डीएम ने दी प्रकाश पर्व की बधाई

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को श्री गुरूगोविन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने हाथीपुर स्थिति गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा पहुंचकर मत्था टेका और जिले की प्रगति, उन्नति एवं लोककल्याण के लिए अरदास की। इस दौरान उन्हें सरोपा भेंट किया गया। इस मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरू गोविन्द सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ हमें जीवन में करुणा, विनम्रता और समरसता का संदेश देती हैं। उन्होनें कहा कि गुरू गोविन्द सिंह के त्याग बलिदान और देश के लिए समर्पण से प्रेरणा ले और उनके बताए रास्ते पर चले। सिख समाज वीरता और मेहनत का पर्याय है। उन्होनें देश को समृद्ध बनाने में बड़ा योगदान दिया है। डीएम ने सभी को प्रकाशपर्व की बधाई देते हुए कहा कि वाहेगुरु जी की कृपा से सभी जनपदवासियों के घरों में सुख एवं शांति बनी रहे। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि आपके बीच आकर सुखद अनुभूति हो रही है। गुरु गोविंद सिंह जी महराज के प्रकाश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने जनपदवासियों के मंगल व कल्याण के लिए कामना की। इस मौके पर सरदार कुलवंत सिंह खैरा, गुरजीत सिंह जुनैजा, पाल सिंह, जरनैल सिंह, हरजिंदर सिंह, रणजीत सिंह, शीतल सिंह समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली कर रहे आरटीओ विभाग के पीटीओ

▸ ड्राईवर ने लगाया पीटीओ पर अवैध धनउगाही करने का आरोप

▸ वाहनों की जांच के नाम पर भ्रष्टाचार कर रहे पीटीओ, फोन नहीं उठाते अधिकारी

▸ जनपद में अवैध तरीके से चल रहे वाहनों से वसूली कर रहे विभागीय अधिकारी

▸ भ्रष्टाचार में डूबा परिवहन विभाग का कार्यालय,बिना दलाल के नहीं हो रहे कोई कार्य

लोकमित्र,श्रीकान्त सिंह शाक्य

> जनपद में चल रहे ओवर हाइट वाहनों पर कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे पीटीओ

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद का आरटीओ कार्यालय दलालों के मकड जाल में फंसा हुआ है और बिना दलाल के कोई भी गाड़ी का ट्रांसफर या कोई भी फिटनेस का कार्य बिना दलाल के संभव नहीं है।परिवहन विभाग के अधिकारी अवैध वसूली और भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं जनपद भर में अवैध डग्गामार वाहनों का संचालन लगातार सड़कों पर जारी है और ओवर हाइट गन्ना भरे ट्रकों से लगातार गन्ने की ढुलाई की जा रही है लेकिन लगातार हो रहे हैं सड़क हादसे के बाद भी परिवहन विभाग के अधिकारी आंख बंद कर अवैध वसूली करने और भ्रष्टाचार में लगे हुए हैं।
जनपद भर की सड़कों पर ऐसे डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है।सूत्रों ने बताया कि कार्रवाई के नाम पर केवल ऑटो रिक्शा के चालान करके अधिकारी खानापूर्ति करने में लगे हुए हैं वहीं जिले की मुख्य सड़कों सहित जनपद की सड़कों पर ओवर हाइट गन्ना ट्रक से आए दिन हादसे हो रहे हैं और भूसी वाले ओवर हाइट ट्रक सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे हैं पर विभागीय अधिकारी कार्रवाई करने में लापरवाह बने हुए हैं।लखीमपुर के आरटीओ विभाग के अधिकारी मनमानी पर उतारू हो गए हैं।आपको बता दें कि एक ट्रक जिसमें अंडर लोड लदा हुआ था उसके बाद भी उसको ओवरलोड बताकर पीटीओ के द्वारा अवैध धन उगाही के लिए रोका गया। पीटीओ के द्वारा और उसमें तैनात सिपाहियों के द्वारा ड्राईवर को ओवरलोड का डर दिखाया और उसके गाड़ी के कागज जमा कर लिए और ड्राईवर के द्वारा गाड़ी का वजन भी कराया जिसकी एक पर्ची पीटीओ ने ले ली जिसके बाद भी उसके कागज लेकर चले गए और ड्राईवर को ओवरलोड का डर दिखाया।उपरोक्त मामले में जब पत्रकार द्वारा पीटीओ को उनके मोबाइल नंबर 9415167275 पर फोन किया और मामले की जानकारी चाही गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे उनका पक्ष नहीं मिल सका वहीं गाड़ी चालक ने पीटीओ पर अवैध रूप से परेशान करने और वसूली भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

# प्रशासन की अनदेखी से पल-पल दम तोड़ता एक परिवार

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** शासन और प्रशासन की लापरवाही से कैसे किसी बुजुर्ग का बुढ़ापा और ज्यादा बेबस और लाचार हो जाता है, कैसे कोई बेरोजगार पुत्र अपनी माता को तिल तिल कर अपने सामने दम तोड़ता हुआ देख खुद आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की सोचता है इसका एक रोंगटे खड़े कर देने वाला वह क्या हमारे गाजियाबाद शहर में देखने को मिला। हरपाल शर्मा पुत्र स्वर्गीय रविदास शर्मा निवासी ग्राम ताजपुर संभल का जनपद शामली उत्तर प्रदेश जो कि दिल्ली डीएसआईआईडीसी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थे किराएदार की हैसियत से गोविंदपुरम गाजियाबाद में रहते थे जबकि उनके पिताजी रवि दत्त की संपत्ति में उनके हिस्से में एक मकान व गांव में ही शामली में स्थित कर शादी लाल शुगर मिल के सीरे के गोदाम के साथ में लगाती हुई पारिवारिक 4 बीघा मुश्तर के खाते की जमीन में रवि दत्त के हिस्से में एक बीघा जमीन है जिसमें उनके तीन बेटों अर्थात वारिसों में बराबर बराबर की हिस्सेदारी है। नौकरी के कारण हरपाल शर्मा गांव में काम रहते थे।
सेवानिवृत्ति बाद वे अक्सर में गांव आते जाते रहते थे । उनके हिस्से में गांव में अपना पुश्तैनी मकान आता है और उसे हिस्से में उनके छोटे भाई रहते हैं। कृषि भूमि में अपने हिस्से की जमीन के लिए तहसील में लिखा पड़ी करवरकर तब कार्यरत हल्का लेखपाल ने दिनांक 3 जून 2016 को खरे की नकल में उनके हिस्से को, जो लगभग 272 वर्ग गज है, को तक्सीम होने के लिए लिखा हुआ है । हरपाल शर्मा खुद से छोटे व सेज दो भाइयों के द्वारा उनके सीधे-साधे स्वभाव का होने के कारण उनके हिस्से में आने वाली जमीन को मुश्तर के खाते में होना बताकर पैमाइश नहीं होने दी गई जिसका हरपाल शर्मा के दिमाग पर गहरा असर पड़ने से दिनांक 8 अगस्त 2019 की सुबह पक्षाघात के कारण निधन हो गया था । अपने पति के देहावसान की घटना को उनके धर्मपत्नी सोना देवी भी बर्दाश्त नहीं कर सकी और वह खुद भी पक्षाघात (पैरालिसिस) नामक गंभीर बीमारी की शिकार हो गई और फिलहाल वह जिंदगी और मृत्यु के बीच में संघर्ष कर रही हैं। घोर आर्थिक तंगी के कारण उनका इकलौता बेटा पुनीत शर्मा उम्र 44 वर्ष ग्रेजुएट होते हुए भी छोटी मोटी नौकरियां करके गुजारा कर रहा था परंतु मां की बीमारी के कारण नौकरी छूटने से वह बिल्कुल बेरोजगार हो गया है । इसका मुख्य कारण पक्षाघात की वजह से प्रत्येक 5 -10 मिनट में मां का बार-बार बिस्तर गिला करना तथा दिन-रात उनका उपचार करना रहा है। पुनीत शर्मा ने हमें अवगत करवाया कि उसने योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को इस बाबत एक पत्र लिखने की सोची है कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर जिस हिस्से का जो मालिक है उसे उसका कब्जा दिलवाया जाए ताकि उसे अपने हिस्से का भूखंड प्राप्त हो सके । अगर उसे अपनी जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया तो वह अपनी मां का इलाज भी घोर गरीबी के कारण ठीक से नहीं करवा पाएगा।

# कानपुर में जारी गम की लहर, पवन के बाद सुधीर भी हुआ शहीद, अंतिम दर्शन के लिए भीड़

▸ 10 माह पहले जज से हुई थी सुधीर की शादी, अंतिम दर्शन के लिए गांव में उमड़ भीड़

सुनील बाजपेई



**कानपुर।** जम्मू कश्मीर में ट्रक के खाई में गिरने से जवान पवन यादव के बाद गुजरात के पोरबंदर में भारतीय तटरक्षक बल का सुधीर यादव भी शहीद हो गया है। उसके साथ यह हादसा रविवार को हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से हुआ। दोनों जवानों की इस तरह से हुई मौत ने कानपुर को हिला कर दिया है ,जिसके फल स्वरुप यहां गम की जहर है। फिलहाल दोनों ही जवानों को श्रद्धांजलि देने और उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का उनके घरों पर पहुंचना लगाता जारी है। लोग दोनों के शवों के आने का इंतजार कर रहे हैं। ,जिनके सोमवार देर रात पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है। अवगत कराते चलें कि कल रविवार को गुजरात के पोरबंदर में हेलीकॉप्टर आग लगने से हादसे का शिकार हो गया था ,जिसमें कानपुर देहात निवासी पायलेट सुधीर यादव समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी।जब यहां कल रविवार शाम सुधीर की हादसे में जान गंवाने की सूचना परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। सुधीर की 10 महीने पहले जज से शादी हुई थी, पत्नी पटना में तैनात हैं। हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु का वरण करने वाले शहीद सुधीर यादव मूलरूप से कानपुर देहात के शिवली स्थित हरकिशनपुर गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में उनका परिवार श्याम नगर में रह रहा है। उनके पिता नवाब सिंह यादव सेना से रिटायर होने के बाद हमीरपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर हैं। उनका एक बेटा सुधीर यादव भारतीय तट रक्षक बल एक एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएचएल) में पायलेट था।
नवाब सिंह यादव के परिवार में पत्नी राजमणि यादव दूसरा बेटा धर्मेंद्र यादव है। सुधीर की तैनाती इस समय पोरबंदर में थी। वह आठ साल से कोस्टगार्ड में नौकरी कर रहे थे।
परिवार वालों ने बताया कि बीते 10 महीने पहले सुधीर की शादी पटना में जज आवृत्ति से हुई थी। परिजनों ने बताया कि आवृत्ति पति सुधीर के पास से शनिवार को देर शाम पटना लौटी थी। फिलहाल परिवार वाले उसके पार्थिव शरीर का इंतजार लगातार कर रहे हैं जो की आज सोमवार की देर रात कानपुर पहुंच सकता है। वहीं सुधीर के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि केलिए के लिए लोगों का उसके गांव घर पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। उसके दुखद निधन की सूचना से परिवार में भी कोहराम मचा हुआ है।

## हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार जमीनी विवाद में हुई थी सौतेली मां-बेटी की हत्या

लोकमित्र ब्यूरो

**बस्ती।** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सेंठा गांव में 4 दिसंबर को हुए मां-बेटी हत्याकांड के फरार मुख्य आरोपी राजन उर्फ राजेश उपाध्याय (32) को अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 50,000 रुपए का इनाम घोषित था। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी राजन ने कबूल किया कि, उसने 3 दिसंबर की रात अन्य आरोपियों कमलेश कुमार, कौशलचंद्र, करुणाकर उर्फ लल्लन, शांति देवी, रंजना और शिल्पा के साथ मिलकर अपनी सौतेली मां गोदावरी देवी और बहन सौम्या की हत्या की थी। हत्या के बाद शवों को घर में ही जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश की गई। एसीपी भरत पटेल ने बताया कि मृतका गोदावरी, राजन की सौतेली मां थीं। राजन के पिता अवधेश की मौत से पहले उन्होंने 17 बीघा जमीन पत्नी गोदावरी और बेटी सौम्या के नाम कर दी थी।
जबकि राजन और करुणाकर को केवल डेढ़ बीघा जमीन दी गई। इसी संपत्ति विवाद के चलते राजन और अन्य आरोपियों ने हत्या की साजिश रची। राजन को अहमदाबाद के बरेज गांव से गिरफ्तार किया गया। वह पहले अहमदाबाद में काम कर चुका था और इलाके से परिचित था, इसलिए उसने वहां छिपने का प्रयास किया।
अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने आरोपी को पकड़कर बस्ती पुलिस के हवाले करने की तैयारी की है। इस हत्याकांड में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। राजन की गिरफ्तारी के बाद मामले की जांच में और भी नए तथ्य सामने आने की उम्मीद है।

## वाहन चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा देख पुलिस हुई हलकान, युवक गिरफ्तार, भेजा सलाखों के पीछे



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्ग दर्शन व प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवा जी दुबे के कुशल नेतृत्व में हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान रात कुईयाडीह बडी नहर पुलिया के पास से शख्स को गिरफ्तार किया गया जामातलाशी के दौरान अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया।
कड़ाई से पूछताछ करने पर शख्स ने अपना नाम व पता दिग्विजय पुत्र मूलचन्द 25 वर्ष, निवासी ग्राम छिछौना थाना हैदराबाद जनपद खीरी बताया युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करते हुए युवक को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहा से बाद में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवाजी दूबे के कुशल नेतृत्व में आरोपी को हिरासत में लेने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक जय प्रकाश यादव,हेड कांस्टेबल संजीव कुमार,का. मुकुल सिंह शामिल रहे।

## विश्व ब्रम्हार्षि ब्राम्हण महासभा के पीठाधीश्वर ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से की भेंट

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान आज माननीय उपमुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार आदरणीय श्री बृजेश पाठक, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ऐ के शर्मा के निज निवास पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात कर अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि अरविंद कुमार शर्मा पीएम नरेन्द्र मोदी के करीबी माने जाते हैं। मोदी और शाह के करीबियों में उनका नाम शुमार होने की वजह से यूपी की सियासत में आने के बाद से ही ऐ के शर्मा को प्रदेश में बड़ा दायित्व मिलना ब्राह्मण समाज के लिए गौरव की बात है नगर विकास और ऊर्जा मंत्री का पद मिलने के बाद से ही उनपर पूर्वांचल ही नहीं प्रदेश का दायित्व मिलने से कद निश्चित तौर पर बढ़ा वहीं प्रदेश का दो सबसे महत्वपूर्ण विभाग मिलने के बाद से ही उनकी सक्रियता भी शुरू हो गई बीके शर्मा हनुमान ने यह भी बताया कि माननीय ब्रजेश पाठक एक भारतीय राजनीतिज्ञ और उत्तर प्रदेश की 18वीं विधान सभा के सदस्य हैं। वर्तमान में, वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अधीन सरकार में 7वें उपमुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण के कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। मेरा सौभाग्य तब और बढ़ गया जब मेरे क्षेत्र के शहर विधायक मान्य संजीव शर्मा जी से भी मुलाकात लखनऊ में हुई उनके साथ शहर के जाने माने व्यापार मंडल के सम्मानित साथी साथ थे।

# गरीब जरूरतमंद की मदद के लिए सभी की पहल जरूरी- रामप्रताप

## उतरौला विधायक एवं ब्लाक प्रमुख ने गरीबों को बांटे निशुल्क कंबल

**बलरामपुर।** ठंड और शीतलहर से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम सकरा पाठक में आयोजित इस कार्यक्रम में उतरौला के विधायक रामप्रताप वर्मा और ब्लॉक प्रमुख उतरौला महिपाल चौधरी के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने 70 पात्र परिवारों को कंबल वितरित किए।



कार्यक्रम में उपस्थित उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा ने कहा कि शीतलहर के दौरान गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने शासन द्वारा जारी राहत प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासनिक स्तर पर ठंड से बचाव के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अपील की कि जो भी व्यक्ति सक्षम है, वह जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए।

ब्लॉक प्रमुख उतरौला महिपाल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल ठंड से प्रभावित परिवारों के जीवन में थोड़ी राहत पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर सभी जरूरतमंदों की पहचान कर उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार उतरौला और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए क्षेत्र में अलाव जलाने और कंबल वितरण जैसी गतिविधियां नियमित रूप से जारी रहेंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी जरूरतमंद परिवार सरकारी सहायता से वंचित नहीं रहेगा।

कंबल पाकर लाभान्वित परिवारों ने इस पहल के लिए विधायक, ब्लॉक प्रमुख और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस ठंड के मौसम में यह सहायता उनके लिए बेहद राहतकारी साबित होगी।

कार्यक्रम के समापन पर स्थानीय अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को ठंड से बचाव के उपायों की जानकारी दी और सावधानी बरतने की अपील की। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक बनाने की मांग की ताकि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंच सके।

### प्रारंभिक जांच तथा मजदूरों व मनरेगा कर्मियों का लिया बयान

**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर ने बाबागंज ब्लाक के झींगुर ग्राम पंचायत शनिवार को पहुँचे। जिलाधिकारी व जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा द्वारा 31 दिसंबर को ग्राम प्रधान करुणा देवी की प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित ग्राम पंचायत को जारी रिकबरी नोटिस की जांच के संदर्भ में ग्राम वासियों, मजदूरों तथा मनरेगा कर्मियों के साथ जांच से जुड़े तथ्यों व साक्ष्यों के विषय में प्रारंभिक जांच की।लोकपाल ने गाँव के संभ्रांत नागरिक गणो की उपस्थिति में तय किया कि अपेक्षित जांच के सभी बिंदुओं पर चर्चा व निर्णय 9 जनवरी को ग्राम सभा की बैठक करके किया जाए। जिसकी नियमानुसार सुव्यवस्था करने का निर्देश ग्राम पंचायत व कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा तथा खंड विकास अधिकारी बाबागंज को दिया। प्रशासनिक सुव्यवस्था हेतु उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराने का निर्णय लिया। लोकपाल समाज शेखर ने सभी ग्राम वासियों से आपसी सौहार्द से गाँव की समस्या पर ग्राम सभा में चर्चा करके स्थाई समाधान निकालने में सहयोग व भागीदारी की अपेक्षा की है।

# राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में अंश चावला को मिला पहला स्थान

## जिला एवं मंडल में अव्वल होने के बाद राज्य में मिला प्रतिभाग का अवसर

**बलरामपुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के संयुक्त तत्वधान में राजधानी में आयोजित राज्य युवा उत्सव में बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज के छात्र अंश चावला ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में अव्वल रहे हैं। इस छात्रा ने जिला मंडल एवं राज्य में पहला स्थान हासिल कर विद्यालय के साथ जिले का मान बढ़ाया है।

बलरामपुर मॉडल इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट छात्र अंश चावला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के प्रावधान में आयोजित राज्य व उत्सव में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अव्वल रहे हैं। विज्ञान मॉडल एकल प्रदर्शनी में उनके मॉडल को प्रदेश में पहला स्थान मिला है बताते चलें कि इस छात्रा ने जिला एवं मंडल में भी पहला स्थान हासिल करने के बाद राज्य में प्रतिभाग करने का अवसर पाया। अभी इस प्रतिभाशाली छात्र को राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता दिल्ली में अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा विद्यालय के छात्र के इस उपलब्धि में शिक्षक शिवांक पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य हेमंत तिवारी का विशेष योगदान रहा है छात्र के इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद, डॉ चंदन पांडेय, आशीष वर्मा सहित बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज के प्रबंधक जितेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष अशोक गुप्ता सचिव मनीष तुलस्यान कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सौम्य अग्रवाल, अखिलेश त्रिपाठी एडवोकेट, मिहिर मेहरोत्रा मनीष निगम एडवोकेट, अमरेंद्र कौशिक एवं नीतू श्रीवास्तव उमेश तिवारी, शालिनी शुक्ला,एस एन त्रिवेदी, शेषनारायण आदि शिक्षक बुद्धिजीवियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिभाशाली छात्र को बधाई दी है।




# 42 लाख रुपए की लागत से श्मशान घाट को किया जाएगा सज्जित



**सुल्तानपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में गोमती नदी तट पर स्थित हथियानाला शमशान घाट (अन्त्येष्ठि स्थल) का जीर्णोद्धार व नवीनीकरण कार्य का पालिकाध्यक्ष द्वारा भूमि पूजन कर कार्य का शुभारम्भ किया गया। 'इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि अन्त्येष्ठि स्थल पर आने वाले लोगों की सुविधाओं के दृष्टिगत भगवान शंकर की प्रतिमा के पीछे एक नया सीढीयुक्त स्नान घाट का निर्माण कराया जायेगा तथा ऊपर एक अतिरिक्त स्नानगृह का निर्माण', पूर्व में निर्मित शेड की मरम्मत, टीन शेडों की मरम्मत व रंगाई-पुताई एवं बैठने के लिए बेंचेज का निर्माण कार्य कराया जायेगा, 'आने वाले लोगों की पेयजल व्यवस्था हेतु नया आर0ओ0 वाटर सिस्टम सहित सबमरसिबल पम्प का अधिष्ठापन कराया जायेगा, कच्चे मार्गों की इन्टरलॉकिंग कराये जाने का कार्य प्रस्तावित है, साथ ही समुचित प्रकाश व्यवस्था भी की जायेगी तथा दाह-संस्कार शेड की मरम्मत तथा विकास किया जायेगा', जिससे रात्रि में भी आने वाले लोगों को दाह-संस्कार में किसी प्रकार की कठिनाई या असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त पूर्व निर्मित सुलभ शौचालय के पास तार-फेन्सिंग कराकर उसे विकसित किया जायेगा। 'इन सभी कार्यों की माँग पूर्व में कई बार लोगों द्वारा की जाती रही है, जो अब प्रारम्भ कराये जाने से लोगों को लाभ होगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि इस कार्य पर लगभग 42.00 लाख का व्यय किये जाने की कार्य योजना है', जिसे पालिका के अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता की देख-रेख में बेहतर ढंग से कराया जायेगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, 'डा0 सीताशरण त्रिपाठी, ओम प्रकाश पाण्डेय (बजरंगी), डा0 विनोद सिंह, स्थानीय सभासद अरूण कुमार तिवारी, नीलम कुमारी अवर अभियन्ता (सिविल), आलोक सिंह सहायक अभियन्ता एवं राम चरित्र पाण्डेय, चन्द्र भूषण द्विवेदी, सभासद मनीष जायसवाल, रमेश सिंह ÷टिन्नू÷, मंगरू प्रजापति, अफ्जल अंसारी, विजय जायसवाल, अरविन्द यादव एवं चन्दन चौधरी सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

# तेरहवीं का बहिष्कार कर मनाई श्रद्धांजलि सभा

## जरूरत मंद एवं असहाय बच्चों को वितरण करेंगे पुस्तकें लगायेंगे वृक्ष



**सुल्तानपुर।** समाज में व्याप्त कुरीतियों एंव शोषित ,वंचित दबें कुचले समाज के ऊपर बने बोझ को धीरे धीरे ही खत्म किया जा सकता हैं। एक ऐसी व्यवस्था जिसको इतनी जल्द तो नहीं खत्म किया जा सकता है मगर धीरे-धीरे धीरे यदि किसी चीज की शुरुआत हो जाए तो वह आम जनमानस तक पहुंच ही जाती हैं। ऐसे में सुल्तानपुर जिले के पूरे भीखी उत्तर गांव अलीगंज बाजार के गिरधारी लाल यादव पूर्व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी का निधन बीते 26 दिसम्बर 2024 को हो गया था परिवार के सदस्यों ने दिवंगत पिता का मृत्युभोज (तेरहवीं) नहीं करने का निर्णय लिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों समेत रिश्तेदारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद गिरधारी के सुपुत्र नरसिंह बहादुर यादव, डाक्टर नरेन्द्र बहादुर यादव, वीरेन्द्र बहादुर यादव, पूर्व विधायक अनुप सण्डा,सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, यादव, कुड़वार प्रधान राजकुमार यादव,जिलापंचायत सदस्य रमांशकर यादव, डा0सुरेश यादव जिला सचिव ने समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने पर जोर दिया। इस दौरान ग्राम सभा के प्रधान शिवपूजन यादव, इसौली विधायक के भाई फुरकान, वकील राज बहादुर यादव, भतीज राजकुमार यादव राजेंद्र यादव, सुरेश सिंह यादव, मास्टर दिनेश सिंह यादव, पत्रकार प्रदीप यादव,पूर्व विकास भवन बाबू राम सेवक यादव, पूर्व प्रधान राम उजागिर यादव, विजय बहादुर, डाक्टर राजेन्द्र मौर्य, राजेश यादव (डी मार्ट अलीगंज बाजार), पूर्व लेखपाल भुल्लुर यादव, दस्तावेज लेखक अरविंद सिंह यादव,स्वाच्छता कर्मी जंग बहादुर यादव, डाक्टर जगनरायन यादव, मंजीत यादव, देवेश, सुरेश यादव सपा नेता, राम चन्द्र यादव, पूर्व मास्टर राम सुन्दर यादव, छतरपाल यादव, जगदीश यादव (च्व्क), देवनारायण, रामनरेश (वरिष्ठ लिपिक), श्याम बहादुर,कृष्ण कुमार यादव, रिटायर रघुनाथ यादव, पूर्व प्रधान स्वामी नाथ यादव, टिकरिया प्रधान अनुरुद्ध यादव, दीपक यादव,अजय सिंह यादव, आदि लोग उपस्थित रहें।

# अमहट में संचालित हो रहे अवैध स्टैंड से लाखों की हो रही राजस्व- हानि

**सुलतानपुर।** परिवहन विभाग को अवैध स्टैंड संचालकों द्वारा लाखों रूपये की पहुंचाई जा रही राजस्व की हानि। बीते दिनों या यूं कहें की पखवाड़े भर पूर्व आरटीओ व नगरपालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अवैध स्टैंड को लेकर ऑपरेशन क्लीन की नींव रखी गयी थी। जिसमें प्रशासन की तरफ से एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी तो पुलिस महकमें की तरफ से सीओ सिटी प्रशांत सिंह की अगुवाई में एआरटीओ नंद कुमार व ईओ नगर पालिका परिषद लाल चन्द्र सरोज व यातायात निरीक्षक ने ग्राउंड जीरो पर जाकर तमाम लाव लश्कर के साथ हकीकत से रूबरू होते हुए अवैध स्टैंड संचालन को ध्वस्त करने का दंभ भरा था,लेकिन प्रशासनिक कार्यवाही पर अवैध स्टैंड संचालक का भौकाल भारी पड़ता नज़र आ रहा है, जिसकी बानगी के तौर पर देखा जाए तो अमहट पुलिस चौकी के पीकेट के ठीक सामने दूसरी तरफ धड़ल्ले से अवैध स्टैंड का संचालन कर परिवहन विभाग को लाखों की राजस्व हानि करने की सिस्टम में बैठे अफ्सरानों के द्वारा खुलेआम मौन स्वीकृति प्रदान करती दिख रही है। जबकि नगर पालिका परिषद द्वारा आवंटित टैक्सी स्टैंड में जगहों की हेराफेरी के चलते भी अब सरकारी खजाने पर राजस्व अर्जित करने वाली तिजोरी पर भी संकट के बादल मडराते नजर आ रहे है। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना से भी हुई, अगर डीएम ने उक्त प्रकरण पर किसी सक्षम गोपनीय जांच एजेंसी से मामले की जांच कराते हुए रिपोर्ट तलब कर लीं तो अवैध स्टैंड संचालन में शामिल कई धुरंधरों की कलई खुलकर सामने आ जाएगी। बैरहाल बीते वर्ष लाखों की सरकारी तिजोरी पर डाका डालने इस अवैध स्टैंड संचालन को लेकर मौजूदा स्टैंड संचालनकर्ता व एक भगवाधारी नेता जी के बीच जमकर ठनी थी और खुद की तिजोरी भरने की ललक ने अमहट का माहौल गर्म कर दिया था।

# प्रतिभा संसाधनो की मोहताज नही- प्रणय चन्द्र

**सुल्तानपुर।** ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में चतुर्थ जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन पांच जनवरी 2025 को स्पेक्ट्रम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन कूरेभार जमौली में किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।



प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सुल्तानपुर नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया एवं बच्चों को प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने हेतु बधाई एवं आशीर्वाद दिया एवं साथ ही साथ पर्यावरण की सुरक्षा हेतु जागरुक करते हुए सभी को एक पेड़ लगाने की सलाह दी। सुल्तानपुर ताइक्वांडो संघ सचिव प्रणय चंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में शेमफोर्ड 18 स्वर्ण पदक 19 रजत पदक 34 कांस्य पदक प्राप्त करते हुए 449 अंकों ाम साथ प्रथम स्थान एवं स्पेक्ट्रम हाय अकैडमी 21 स्वर्ण 17 रजत पदक 18 कांस्य प्राप्त करते हुए 401 अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा टाइगर्स ताइक्वांडो अकैडमी 20 स्वर्ण 8 रजत पदक एवं 5 कांस्य पदक प्राप्त करते हुए 276 अंकों के साथ प्रतियोगिता की तृतीया स्थान प्राप्त किया तथा गोमती नर्सिंग इंस्टीट्यूट सुल्तानपुर की टीम ने 5 स्वर्ण पदक 3 रजत पदक 3 कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

संघ सचिव प्रणयचंद शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन की मुख्य अतिथि गोमती हॉस्पिटल एवं गोमती नर्सिंग इंस्टीट्यूट की प्रबंध निदेशक रोजाली पुष्पराज करण एवं विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह टीनू सभासद नगर पालिका परिषद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य में स्पेक्ट्रम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के संस्थापक राम किशोर पांडे बाबू जी स्पेक्ट्रम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन की मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योति शर्मा विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक उपाध्याय, गोमती नर्सिंग इंस्टीट्यूट की प्रधानाचार्य शिखा उपाध्याय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के संचालक के रूप में सुशील एवं निर्णायकों की भूमिका में रेफ्री इंचार्ज पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय निर्णायक प्रसून चंद्र शुक्ला अंजलि तिवारी हर्ष प्रताप सिंह साक्षी तिवारी अजिता त्रिवेदी योगेश यादव शोभित मेहरोत्रा विकास वर्मा आदि रहे।

### लगाया मारपीट एवं गाली गलौज का आरोप

**रखहा।** कधइ थाना क्षेत्र के सोनाहां लक्ष्मणपुर गांव में बीते शनिवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे जांच में पहुंचे कंधई थाने के एक दरोगा एवं पुलिस कर्मियों पर गांव निवासिनी एक महिला ने सही जांच नहीं करने,बेटे एवं उसके साथ गाली गलौज तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है ।

उक्त गांव निवासिनी रीता सिंह का कहना है कि उनके पड़ोसी संदीप सिंह सहित अन्य से उनका विवाद चल रहा है । मामले में कंधई थाने के दरोगा राजेश कुमार,सिपाही हरीश सहित कुछ अन्य सिपाही पहुंचे और उसके बेटे तथा उसके साथ गाली गलौज करने लगे।

उनके द्वारा वीडियो रिकार्डिंग की बात की गई तो उसके पुत्र शुभम सिंह एवं उसे मारपीटा गया।

# खुले में सोने वालों को आश्रय स्थल में सोने के लिए समझाया

**अलीगढ़।** नगर निगम द्वारा 08 स्थानों पर सचांलित शैल्टर होम, अलाव व नंदी गौशाला कान्हा गौशाला में गौवंश को शीत लहर से राहत व बचाव कार्यो का नगर आयुक्त विनोद कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में नगर आयुक्त ने जगह जगह खुले में सोने वाले लोगो से संवाद करते हुए नगर निगम की गाड़ियों से खुले में सोने वाले लोगों को आश्रय स्थल में भी भिजवाया। शनिवार देर रात्रि व साप्ताहिक अवकाश रविवार रात्रि नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार ने नगर निगम की आगरा रोड कान्हा गौशाला, बरौला नंदी गौशाला शेल्टर होम, व अलाव का औचक निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने शीत लहर में जगह जगह खुले में सोते लोगो को नगर निगम शेल्टर होम में विश्राम करने के बारे में समझाया। नगर आयुक्त ने गांधी पार्क चौराहे पर अलाव की लकड़ी का भौतिक सत्यापन भी किया और अपने सामने अलाव की लकड़ी डलवायी और खुद मौजूद रहकर अलाव जलवाया।कान्हा गौशाला में निरीक्षण पर पहुंचे नगर आयुक्त को रात्रि में गौवंश को काऊ कोट विलंब से पहनते हुए कर्मचारी मिले जिस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई और मौके पर पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा से विलंब से काऊ कोट पहनने का कारण पूछा मौके पर नगर आयुक्त ने शीत लहर में काऊ कोट विलंब से पहनाने व देरी से तिरपाल लगने पर पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार ने कहा नगर निगम शीत लहर के दौरान गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नगर आयुक्त सहित निगम के सभी ज़ोनल अधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से अलाव और रैन बसेरों का निरीक्षण किया और खुले में सोने वालों को आश्रय स्थल में सोने के लिए समझाया। इसके अलावा, बरौला नंदी व कान्हा गौशाला में गौवंश के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए और सभी को अलाव और सुरक्षा की सुविधा मिले इसके लिए नगर निगम प्रयासरत्त है सभी अधिकारी और कर्मचारी इस काम में जुटे हुए हैं और उम्मीद है कि हम अपने इस उद्देश्य में सफल होंगे। नगर आयुक्त ने बताया खुले में सोने वालों को आश्रय स्थल तक पहुचाने के लिए 4 ज़ोनल अधिकारी के साथ खुले में सोने वाले लोगों को आश्रय स्थल तक भिजवाने के लिए 4 ट्रूप करियर वाहनों को लगाया गया है।

# रक्तदान करने से शरीर में किसी भी तरह की कमजोरी नहीं होती डॉ.आरके मिश्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** शियानेहैदर ए करार वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजन में स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के परिसर में स्थित रक्त कोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनो युवाओं ने रक्दान किया, रक्तदान करने वालों को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एसके गोयल एवं रक्त कोष प्रभारी डॉ.आरके मिश्रा एव पैथोलॉजी विभाग की हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ.सुपर्णा दुबे डॉ.संजय सिंह एव डॉ आरके मिश्रा द्वारा प्रमाणपत्र दिया गया। डॉ.एसके गोयल ने रक्तदानियों को संबोधित करते हुए कहाकि आपके द्वारा किए गए रक्तदान से लोगों को जीवन मिलता है, उन्होने कहाकि इससे बडा और कोई पूण्यकार्य नही हो सकता। डॉक्टर आरके मिश्रा ने कहाकि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी तरह की कमजोरी नहीं आती है सभी वयस्क लोगों को सालभर में दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए रक्तदान महादान है,शियाने हैदर-ए-कर्रार के प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन ने बताया कि आज 5 रजब है, आज हमारे मौला इमाम अली नक़ी अ.स.की विलादत है, उनके तुफ़ैल में हमारी एसोशिएशन ठंड़क के सीजन में घूम-घूमकर जरूरमंदों को कंबल,खाना गर्मियों में प्याऊ व गरीब बच्चियों की शादियां करवाने का काम विगत कई वर्षो से कर रही है। उन्होने बताया कि इस कार्य के लिए हमलोग किसी से चंदा नही लेते बल्कि शियान हैदर-ए-कर्रार वेलफेयर एसोशिएशन के मेंम्बरान के सहयोग से हम हर समाज के जरूरतमंद की खिदमत करते है, और आगे भी हमलोग जरूरतमंदों की खिदमत करते रहेगें।

# महाकुम्भ की हर चुनौती के लिए तैयार है आरपीएफ-आईजी आरपीएफ

**प्रयागराज।** इस महा आयोजन में लगभग 40 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। जिसमें से यात्रियों/श्रद्धालुओं का बहुत बड़ा भाग रेल यात्रा के माध्यम प्रयागराज पहुँचेगा। आईजी आरपीएफ श्री अमिय नन्दन सिन्हा के द्वारा बताया गया कि आरपीएफ उत्तर मध्य रेलवे महाकुम्भ-2025 को सुरक्षित व सफल बनाने के लिए एकदम तैयार है और सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। आरपीएफ सभी यात्रियों/श्रद्धालुओं की इस धार्मिक व पावन यात्रा को सफल एवं सुखद बनाने के लिए हर स्तर पर स्वयं को तैयार कर यात्रियों की सेवा के लिए एकदम तैयार है। आईजी आरपीएफ के द्वारा अवगत कराया कि आरपीएफ के समक्ष इस महाकुम्भ के दौरान तीन बड़ी चुनौतियां सबोटेज, भगदड़ व आपदा (आगजनी, बम विस्फोट इत्यादि) प्रमुख हैं इसके लिये आर.पी.एफ. के द्वारा कुछ विशेष प्रबंध किये गये हैं-

सबोटेजः- इस महा आयोजन के दौरान बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा रेलवे ट्रैक व ट्रेनों के साथ तोड़ फोड़ की घटनाऐं कर व्यवधान उत्पन्न करने की आशंका बहुत प्रबल है। जिसके लिए आर.पी.एफ./उत्तर मध्य रेलवे द्वारा-

महाकुम्भ-2025 की चुनौतियों से निपटने के लिए आरपीएफ व आरपीएफ की विशेष कम्पनियों के लगभग 5000 जवानों को स्टेशनों व ट्रैक की सुरक्षा में लगाया गया है।

आरपीएफ की विशेष कमाण्डों कम्पनी कोरस कमाण्डों को भी सुरक्षा व किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु तैनात किया गया है।ड्रोन कैमरों के द्वारा स्टेशनों, ट्रेनों व रेल लाइनो की निगरानी की जायेंगी।आरपीएफ/उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा रेलवे ट्रैक पर तोड़फोड़ व छेड़छाड़ से प्रभावित/संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर ऐसे स्थानों पर 24 घण्टे जीआरपी/सिविल पुलिस व रेलवे इन्जीनियरिंग विभाग के साथ मिलकर ट्रैक पेट्रोलिंग कराने की योजना तैयार की गयी है।सभी संदिग्धों पर निगरानी हेतु रेल सुरक्षा बल /उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा अपने खुफिया तंत्र व क्राइम यूनिटों को तैनात किया गया है। जो सभी केन्द्रीय व राज्य की आसूचना शाखाओं से लगातार समन्वय बनाये हुए है, ताकि किसी संदिग्ध की भी जानकारी छूटने न पाये।रेलवे ट्रैक के आस-पास सभी गांवो, कस्बों, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों व उनमें बाहर से आने वालों की गतिविधियों के बारे में इनपुट जुटाकर सुरक्षा घेरा मजबूत करने की कवायद की जा रही है।उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज परिक्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर लगभग 1000 सीसीटीवी कैमरों को लगाया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में स्त्रत्र्स से लैस कैमरों को लगाया गया है तथा उनमें हजारो अपराधियों के फोटो व डाटा को अपलोड किया गया है। ताकि कोई भी अपराधी स्टेशन पर प्रवेश करने से पूर्व ही पकड़ा जा सके। सभी महत्वपूर्ण व विशेष ट्रेनों में कुशल व प्रशिक्षित जवानों को स्कॉटिंग हेतु लगाया जायेगा।

सभी महत्वपूर्ण व विशेष में कुशल व प्रशिक्षित जवानों को स्कॉटिंग हेतु लगाया जायेगा।

# गोमती घाट का आकस्मिक निरीक्षण




**जौनपुर ।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा रविवार देर सायं गोमती घाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाट पर गुटखा बेचने वाले दुकानदारों का गुटखा जब्त कराते हुए उसे नष्ट कराया तथा उन दुकानदारों को जब्त गुटखा की कीमत की धनराशि देते हुए कहा कि इस धनराशि से वे कोई अन्य खाद्य सामग्री बेचे तथा पावन गोमती नदी की पवित्रता को बनाएं रखें। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी से अपील किया कि नदी के घाट पर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ तथा पॉलिथीन का प्रयोग न करें तथा घाट को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि घाट पर मादक पदार्थों का प्रयोग करने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसके पश्चात उन्होंने गरीब एवं ज़रूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण भी किया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सहित स्थानीय निवासी तथा अन्य उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## युवक के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के सादीमदनपुर गांव निवासी उबेद पुत्र मोहम्मद इदरीश ने चिल्ला थाने में दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि रविवार को वह क्रिकेट मैच देखने गया था। वहीं पर सद्दाम पुत्र महबूब, हम्माद पुत्र रियाज, इमरान पुत्र इदरीश, सारे यार पुत्र तबीब, गुफरान पुत्र बाबू, शाहबाज पुत्र महबूब, सेफियां पुत्र बाबू आदि लोगों ने उससे अभद्रता की और लाठी डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया। बचाने के लिए कैफ पुत्र वसीम वी सोहेल पुत्र अकबर आए तो उन्हें भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि




**बांदा।** समाजसेवी और शिक्षा के क्षेत्र में वंचितों के लिए अपना योगदान देने वाले प्रदीप निगम लाला को श्रद्धांजलि दी गई शोकसभा का आयोजन करते हुए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से आत्मशांति की प्रार्थना की। इसमें परिवार के लोगों के साथ ही समाज के गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की। सेवा भाव की राजनीति करने वाले प्रदीप निगम लाला 1986-87 छात्र संघ के अध्यक्ष बने और शैक्षिक वातावरण का सुधार किया। युवाओं के प्रेरणा स्रोत विवेकानंद की आदमकद मूर्ति की स्थापना की, बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय सदस्य रहे। इसके साथ ही एनएसयूआई के प्रदेश संगठन मंत्री रहे। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे व समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष भी रहे। खिलाड़ियों के बीच भी उनकी पहचान बास्केटबॉल के कोच के रूप में रही। बाल्मिक समाज की गरीब कन्याओं के विवाह में प्रतिवर्ष विशेष योगदान के लिए वह पहचाने जाते रहे। 24 दिसम्बर को उनका निधन हो गया। सोमवार को उनके निज निवास में शोक सभा का आयोजन किया गया। लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर चित्रकूट शक्तिपीठ के डॉ रामनारायण त्रिपाठी, सुरेंद्र पाठक, विधायक प्रकाश द्विवेदी, अशोक सिंह गौर, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष शमीम बांदवी, पंकज, नीरज निगम, शीलू बोस, शिवपूजन गुप्ता, योग गुरु प्रकाश साहू, विजय निगम, अमितेंद्र श्रीवास्तव, अमित गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति सहित गायत्री परिवार के लोग मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड राज्य निर्माण संघर्ष समिति ने मनाई जयंती



**बांदा।** बुंदेलखंड राज्य निर्माण संघर्ष समिति कार्यालय में सोमवार को विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर उनके चित्र में माल्यार्पण कर पदाधिकारियों ने उनके विचारों को आत्मसात करने में जोर दिया। संयोजक रमेशचंद्र दुबे ने नव वर्ष के शुरुआती सप्ताह में मंगल कामनाएं देते हुए कहा कि मीडिया की भूमिका सहज नहीं, बड़ी सूझबूझ से निष्पक्ष लेखनी चलानी पड़ती हैं। बुंदेलखंड अलग राज्य की मांग को मीडिया ने प्रमुखता दी है।

समिति के संरक्षक एवं बेरोजगार संघ अध्यक्ष लल्लू सिंह पटेल एड तथा वरिष्ठ अधिवक्ता केडी मिश्रा ने कहा कि 2023 में 28 सितंबर से 6 अक्टूबर तक बुंदेलखंड राज्य निर्माण संघर्ष समिति ने पद यात्रा समूचे बुंदेलखंड में चलाई। जिसमें सबका समर्थन हमारे संस्था को मिला है। प्रमुख महासचिव ललित विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे संस्था के पदाधिकारियों ने कभी जातिगत वैचारिकता नहीं रखी हर वर्ग के लोगों को उचित स्थान और सम्मान दिया गया है। जिलाध्यक्ष धनेश कुमार एवं अधिवक्ता राजेंद्र सिंह बागड़ी ने कहा कि 2024 में नगर के महेश्वरी देवी चौराहे के निकट रामलीला मैदान में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ जिसमें दर्जन भर संगठनों ने कार्यक्रम बेहतर भागीदारी निभाने के साथ अलग राज्य की लड़ाई में समर्थन दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री राजेंद्र निगम एड, जिला महासचिव रितेश तिवारी,अधिवक्ता विक्रम पटेल, युवा अधिवक्ता प्रमोद पटेल, मूंगस के बंटी त्रिवेदी, रामस्वरूप तिवारी, रामबिहारी मिश्री, अखिलेश अग्निहोत्री एड, विनय निषाद एड, राजेंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठंड में विधायक ने वितरित किए कंबल



**नरैनी।** कड़ाके की ठंड से परेशान गरीब और असहाय लोगों को नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने कंबलों का वितरण किया। विधायक ने कहा कि कोई भी गरीब ठंड की चपेट में आकर बीमार न हो, इसके लिए गर्म कंबलों का वितरण किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर और भी कंबल मंगवाकर वितरित किए जाएंगे।

तहसील सभागार में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर विधायक ओममणी वर्मा ने लगभग एक सैकड़ा असहाय और जरूरत मंद बुजुर्गो को कंबल बांटे।विधायक ने कहा डबल इंजन सरकार की मंशानुरूप समाज के अंतिम व्यक्तियों के उदय हेतु योजनाओं का संचालन कर रही हैं। आपदा एवं राहत विभाग द्वारा आवंटित राजस्व विभाग के लगभग एक सैकड़ा कंबल क्षेत्रीय विधायक ओम मणी वर्मा के नेतृत्व में गरीब असहायों को कंबल बांटे गए हैं। विधायक ने बताया कि सरकार समाज की अंतिम पंक्ति के लोगों को रोटी, कपड़ा, मकान सहित उनके स्वावलंबन हेतु लगातार कार्य कर रही है । कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया कि तहसील क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षकों को प्रत्येक गांव में कंबल वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है सभी असहाय और जरूरत मंद बुजुर्गो और वंचितों को पारदर्शी तरीके से कंबल बांटे जा रहे हैं । बताया कि सभी हल्का लेखपालों द्वारा पात्र लोगों का जियो टैग करके कंबल वितरण किया जा रहा है । कार्यक्रम में तहसीलदार संतोष कुमार , नायब तहसीलदार यशपाल यादव एवं हेमंत पटेल , सदर लेखपाल लालमन सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पाण्डेय , विधायक प्रतिनिधि राकेश दीक्षित, सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गुरु गोविंद सिंह जयंती

### पीली कोठी स्थित जनता दल युनाइटेड कार्यालय में हुआ भव्य आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जनता दल युनाइटेड कार्यालय में सोमवार को गुरू गोविंद सिंह जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गई। इस मौके पर पार्टी के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों और उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम का आयोजन जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल और जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निहारिका मंगल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु गोविंद सिंह जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। इसके बाद, उपस्थित सदस्यों ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन और उनके अदम्य साहस पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन हमें न्याय, समानता और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। शालिनी सिंह पटेल ने अपने भाषण में कहा, ÷गुरु गोविंद सिंह जी केवल एक धार्मिक गुरु नहीं थे, बल्कि वे एक महान योद्धा, कवि और समाज सुधारक भी थे। उनकी शिक्षाएं हमें सच्चाई के मार्ग पर चलने और समाज के लिए त्याग करने की प्रेरणा देती हैं। इस मौके पर महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। निहारिका मंगल ने कहा कि आज का दिन हमें गुरु गोविंद सिंह जी के विचारों को आत्मसात करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेने का अवसर देता है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना और लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन ने न केवल सिख धर्म के प्रति सम्मान को बढ़ावा दिया बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया। इस अवसर पर जय प्रकाश निगम, अर्जुन सिंह, ज्योति मौर्या (नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, अतर्रा), फिरोज सिद्दीकी, नीरज सिंह, मंजू गुप्ता, आदित्य गोस्वामी, प्रेम शंकर प्राणायामी, संजना गुप्ता, लवलेश यादव, नितिन कुमार सिंह, बृजेश सिंह, सुखेंद्र कुमार, कुलदीप सिंह, और प्रशांत मंगल जैसे पार्टी के प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

## पांच सैकड़ा लोगों को वितरित किए कंबल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** शिव कृष्ण मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल सरकारी नर्सरी के सामने नरैनी रोड में डॉ संगीता सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों को गर्म कंबलों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में लोगों को गर्म कपड़े वितरित करने से उन्हें राहत मिलेगी। उन्होंने पांच सैकड़ा गरीब और असहाय लोगों को कंबलों का वितरण किया। मालुम हो कि पिछले चार दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ऐसे में गरीबों की मदद के लिए कंबल वितरण की लोगों ने सराहना की।

## वाहन की टक्कर से घायल युवक की थम गई सांसें

**बबेरू।** वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमासिन थाना क्षेत्र के कदोहर गांव निवासी 35 वर्षीय सुरेश पुत्र जंगलिया एक सप्ताह पहले अपने साले को छोड़ने बेर्राव गांव गया था। वह बाइक से वापस घर आ रहा था। तभी बेर्राव डिग्री कालेज के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालो ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे कौशांबी के मंझनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव आ गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

# रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कम करें किसान, बिगड़ रही मृदा की सेहत

### कमासिन ब्लाक में सोमवार को आयोजित हुई एक दिवसीय किसान गोष्ठी







**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** कमासिन ब्लाक में सोमवार को एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें किसानों से से आह्वान किया गया कि वह रासायनिक उर्वरक का प्रयोग न करें, इससे मृदा की सेहत बिगड़ रही है। इसके अलावा अन्य जानकारियां भी किसानों को दी गई। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक चंचल सिंह ने भूमि सुधार कीटनाशक खरपतवार से संबंधित किसानों को वृहद जानकारी दी रासायनिक उर्वरक के प्रयोग के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है तथा इसी तरह अंधाधुंध प्रयोग होने से एक दिन जमीन ऊसर में बदल जाएगी इसलिए आप लोग जैविक उर्वरक का प्रयोग करके जमीन को उपजाऊ बनाकर अच्छी पैदावार लें।

पशुपालन विभाग से आए शिवकरण साहू ने किसानों से दुधारू मवेशी पाल कर दूध का धंधा करके आर्थिक स्थिति सुधारी जा सकती है तथा किसानों से अपील किया कि अपने अन्ना जानवर ना छोड़े तथा जो अन्ना जानवर घूम रहे हो उनको गौ आश्रय केदो में संरक्षित कराए। जिला उद्यान अधिकारी राजेंद्र कुमार ने किसानों को उद्यान विभाग द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के गुरबताएं सब्जी बागवानी तथा सिंचाई हेतु पाइप आदि से संबंधित जानकारी दी उपकृषि निदेशक विजय कुमार ने किसानों को श्री अन्न फसल बीमा सोलर पंप आत्मा योजना बीज ग्राम ठुद्धह्यद्ध आदि योजनाओं की जानकारी दी तथा किसानों से फसल बीमा कराने की पुरजोर अपील की ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र गर्ग किसानों से शान द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को निशुल्क बीज वितरण तथा नगद अनुदान काटकर इस वर्ष आधे दामों पर बीजों का वितरण किया गया है प्रदेश सरकार किसानों के हित में तमाम कल्याणकारी योजनाएं लागू किए हुए हैं इसलिए अधिक से अधिक किसान योजनाओं का लाभ उठाएं इस दौरान अभय नायक गोदाम प्रभारी अजय कुमार यादव इफ्को मकबूल खान शत्रुघ्न सिंह अरुण कुमार विपिन पटेल दीनानाथ यादव प्रवीण प्रेम प्रकाश संदीप राजेंद्र आदि कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला किसान मौजूद रहीं

## कड़ाके की ठंड में न्याय की फरियाद, अनशन पर बैठा वृद्ध

### खाकी पर आरोप, कार्रवाई के बजाय हमलावरों को दे रही है संरक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** लगभग तीन माह पूर्व बेटे पर हुए जानलेवा हमले के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। दबंगों से सांठगांठ करते हुए पुलिस ने मामले को तवज्जो न दी। परेशान होकर वृद्ध किसान ने कचहरी कंपाउंड में कड़ाके की ठंड के बीच अनशन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। एसपी को भी पत्र के जरिए मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग वृद्ध ने की है।

पैलानी थाना क्षेत्र के पिपरहरी गांव निवासी रमाकांत तिवारी पुत्र बद्री प्रसाद तिवारी ने सीओ और थाना पुलिस पर दबंगों से सांठगांठ करने का आरोप लगाया है। क्रमिक अनशन पर बैठे पीड़ित ने बताया कि बीते 9 सितंबर को दबंगों ने घात लगाकर उसके बेटे अजीत प्रताप पर प्राणघातक हमला कर मरणासन्न कर दिया था। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना पैलानी में दर्ज कराई गयी थी। लेकिन पीड़ित का कहना है कि इलाकाई पुलिस आरोपियों से धन उगाही कर संरक्षण दे रही है। रमाकांत तिवारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार का सदस्य है। पुलिस के उपेक्षित रवैये से वह व्यथित हैं। इसी से परेशान होकर बीती 3 जनवरी से रमाकांत जिला मुख्यालय में क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। पीड़ित ने मुख्यमंत्री व पुलिस उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## बालिका से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

### अदालत ने 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया, दो अन्य आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** घर के बाहर खेल रही बालिका को बहलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश त्विरत न्यायालय प्रथम पल्लवी प्रकाश की अदालत ने सोमवार को 20 वर्ष के कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भोगनी होगी। एक आरोपी की मुकदमा के दौरान मौत हो चुकी है। दो अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 15 जनवरी 2021 को प्राथमिकी दर्ज करायी कि उसकी सात वर्षीय बच्ची घर के बाहर कुआं के पास खेल रहीं थीं। तभी पड़ोस का कल्लू लोध निवासी सरवन का पुरवा अंश मुरवां थाना गिरवां बिस्कुट खिलाने के बहाने बच्ची को अरहर के खेत में ले गया। वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची काफी देर हो जानें पर जब घर नहीं आयी तो बच्ची की तलाश कर रहे थे तो बच्ची गली की तरफ से रोती हुई आयी। बच्ची के गुप्तांग से खून बह रहा था। तब माता-पिता ने बच्ची से पूछा तब बच्ची ने बताया कि कल्लू लोध ने दुष्कर्म किया है और कहा है कि किसी से बताएगी तो जान से मार दूंगा। इस तरह लड़की को डरा धमका रहा था जिसकी सूचना पिता ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को दी और उसी गाड़ी में बच्ची को बैठाकर थाने ले जाकर रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी भेजा। स्थित गंभीर होने के कारण इलाज सम्भव न हो सका। जिला चिकित्सालय व मंडल बांदा में मेडिकल कॉलेज होने बावजूद भी इलाज नहीं हो सका। मेडिकल कॉलेज कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया तब वहां एक सप्ताह तक इलाज चला। विवेचक ने दौरान विवेचना तथ्य एवं सबूत संकलन कर कल्लू लोध, संजय, शानू, लखना चार लोगों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। अभियोजक ने अभियोजन की ओर से 6 गवाह पेश किया। बताया दौरान मुकदमा एक अभियुक्त की लखना की मृत्यु हो गई है। दोषी कल्लू की अभी तक जमानत नही हुई हैं। दोनों पक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं के तर्को व पत्रावली में उपलब्ध तथ्यों व सबूतों के आधार पर कल्लू को दोषी पाते हुए सजा सुनायी। संजय व शानू संदेह का लाभ व साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिए गए। दोषी को सजायावी वारंट बनाकर फिर से जेल भेज दिया गया।

# तापमापी पारा एक डिग्री और लुढ़का, ठिठुर रहे लोग

### न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस हुआ रेकार्ड, चार दिन से नहीं खिली धूप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** चार दिन से धूप न निकलने और आसमान पर छाई कोहरे की धुंध से लोग परेशान हैं। हवाओं के झोंके चलने की वजह से गलन में इजाफा हो रहा है। सोमवार को पूरा दिन कोहरे की धुंध के बीच तापमापी पारे की सुई लुढ़ककर 17 डिग्री अधिकतम पर पहुंच गई। जबकि रविवार की रात को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। जबरदस्त ठंड के बीच लोग किसी तरह से आग जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आ रहे हैं। इसी तरह रेल और सड़क यातायात भी प्रभावित हो रहा है। एक्सप्रेस ट्रेनें जहां पांच से सात घंटा की देरी से चल रही है, वहीं रोडवेज बसें भी कोहरे के चलते समय से रूट पर नहीं रवाना हो पा रही हैं। परिवहन निगम का कहना है कि कोहरे की धुंध की वजह से यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से राजस्व की हानि हो रही है। जनवरी माह में पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले चार दिनों से धूप न खिलने की वजह से लोग ठंड में ठिठुरते नजर आ रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया, जबकि रविवार रात न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रहा। सोमवार सुबह जब लोगों की नींद खुली तो आसमान पूरी तरह से कोहरे से ढका हुआ था। खुद को गर्म कपड़ों में जकड़कर लोग अपने घरों से बाहर निकले। वाहनों की लाइट जलाकर लोग चलते हुए नजर आए। जबरदस्त कोहरा होने की वजह से दृश्यता 50 मीटर तक ही रह गई थी। चंद कदम की दूरी पर रखी चीज भी लोगों को कोहरे की धुंध की वजह से स्पष्ट नजर नहीं आ रही थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ा कोहरे की चादर और गहरी होती गई। सुबह नौ बजे के बाद कोहरे की धुंध छंटी। तब कहीं जाकर यातायात सामान्य हो सका। कोहरे की धुंध की वजह से रेल यातायात और रोडेवज बसों का यातायात भी बाधित हो रहा है। कोहरे के चलते जहां ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। वहीं रोडवेज बसें भी अपने निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से चल रही हैं। रेलवे स्टेशन प्रबंधक मनोज शिवहरे ने बताया कि कोहरे के कारण ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। निजामुद्दीन से जबलपुर की ओर जाने वाली महाकौशल एक्सप्रेस 8 घंटे की देरी से चल रही है। जबकि निजामुद्दीन से मानिकपुर की ओर जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस चार घंटे विलंब से चल रही है। इंटरसिटी एक्सप्रेस भी दो घंटे से देरी से चल रही है। स्टेशन प्रबंधक ने कहा कि कोहरा खत्म होने के साथ ही रेल यातायात पटरी पर आ जाएगा। रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश बाबू का कहना है कि उनके द्वारा चालकों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि कोहरे की वजह से अपने विवेकानुसार बस को रूट पर दौड़ाएं। सफर के दौरान अगर अधिक कोहरा हो तो सड़क से हटकर यात्रियों से भरी बस को खड़ा किया जाए। इसके साथ ही विशेष सावधानी बरती जाए। एआरएम ने बताया कि रोडवेज बसों में फॉग लाइटें लगाई गई हैं, इससे कोहरे के दौरान रूट पर बस दौड़ाने में चालकों को काफी आसानी होती है, लेकिन घना कोहरा होने की वजह से अक्सर चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। एआरएम ने कहा कि हादसों से बचने के लिए सावधानी बरतना बहुत आवश्यक है। इधर, ठंड से बचने के लिए लोग अलाव जलाकर अपना बदन सेंक रहे हैं। सोमवार को पूरा दिन लोग आग जलाकर बदन सेंकते हुए नजर आए। मैदानी इलाकों में ठंड का ज्यादा ही असर नजर आ रहा है।





# नागा संन्यासियों के श्री तपोनिधि आनंद अखाड़े ने किया महाकुम्भ में भव्य छावनी प्रवेश

## इष्ट देव भगवान सूर्य की धर्म ध्वजा लेकर आनंद अखाड़े की निकली प्रवेश यात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भनगर।** ग्रह-नक्षत्रों के विशिष्ट खगोलीय संयोग से 144 वर्ष बाद पड़ रहे महाकुम्भ 2025 के दिव्य-भव्य आयोजन में सभी अखाड़े तिथि और परंपरा अनुसार महाकुम्भ मेला क्षेत्र में छावनी प्रवेश कर रहे हैं। इसी क्रम में भगवान सूर्य को अपना इष्टदेव मानने वाले श्री तपोनिधि आनंद अखाड़े ने सोमवार को परंपरा अनुसार महाकुम्भ में छावनी प्रवेश किया। शैव परंपरा के श्री तपोनिधि आनंद अखाड़े ने हाथी, घोड़ों, रथ, ऊंट पर सवार नागा संन्यासियों, आचार्य, मण्डलेश्वर, महामण्डलेश्वरों ने बाजे-गाजे के साथ मेला क्षेत्र में प्रवेश किया। छावनी प्रवेश यात्रा में साधु-संन्यासियों का नगर और मेला प्रशासन ने माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तो वही प्रयागराजवासियों ने भी नागा संन्यासियों का दुलर्भ दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया।सनातन धर्म और संस्कृति के रक्षक श्री तपोनिधि आनंद आखड़े ने सोमवार को परंपरा और क्रम के अनुसार महाकुम्भ 2025 के मेला क्षेत्र में दिव्य-भव्य छावनी प्रवेश किया। आनंद अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा मठ बाघम्बरी गद्दी से निकल कर भारद्वाजपुरम के लेबर चौराहे से मटियारोड होते हुए अलोपी देवी चौरहे पहुंची। अलोपी देवी से छावनी प्रवेश यात्रा दारंगज के दशाश्वमेध घाट से मुड़ कर शास्त्री ब्रिज के नीचे से होते हुए संगम क्षेत्र में प्रवेश कर गई। छावनी यात्रा का जगह-जगह नगरवासियों और नगर प्रशासन ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। संगम क्षेत्र में छावनी यात्रा के दौरान मेला प्रशासन के अधिकारियों ने अखाड़े के साधु-संन्यासियों और मण्डलेश्वर, महामण्डलेश्वरों का स्वागत और अभिनंदन किया।
आनंद अखाड़े की भव्य शोभा यात्रा में बाजे-गाजे के साथ सबसे आगे धर्म ध्वजा चल रही थी। उसके पीछे धर्म के रक्षक नागा संन्यासियों की टोली हाथों में भाले, बरछी, तलवार लेकर इष्टदेव भगवान सूर्य का विग्रह लेकर चल रहे थे। छावनी प्रवेश यात्रा में भगवान सूर्य के साथ गुरु निशान लेकर चल रहे थे जो मेला क्षेत्र के अखाड़े में स्थापित की गई। भगवान सूर्य के जयघोष के साथ अखाड़े के आचार्य, मण्डलेश्वर, महामण्डलेश्वर अपने-अपने रथों, हाथी, घोड़ों पर सवार हो कर छावनी यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। छावनी यात्रा में अखाड़े के अध्यक्ष शंकरानंद गिरि, आचार्य महामण्डलेश्वर बालकानंद गिरि के मार्गदर्शन में महामण्डलेश्वर सुरेन्द्रानंद गिरि, सचिव बरेली के कालू गिरि महाराज के साथ ही महिला महामण्डलेश्वर साध्वी मंजू, श्री जी आदि साधु- संन्यासियों ने नगर वासियों को आशीर्वाद देते हुए मेला क्षेत्र में प्रवेश किया।





### नगरवासियों और मेला प्रशासन ने पुष्पवर्षा कर किया आनंद अखाड़े का स्वागत

**प्रयागराज।** श्री तपोनिधि आनंद अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा नागा संन्यासियों के क्रम में आखिरी प्रवेश यात्रा थी। इसके बाद वैष्णव बैरागी अखाड़े, उदासीन और निर्मल अखाड़े का छावनी प्रवेश परंपरा और तिथि क्रम के हिसाब से होगा। आनंद अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा के बाद शाम को संगम क्षेत्र में अखाड़ा परिसर में पहुंच कर सबसे पहले धर्म ध्वजा को स्थापित किया। इसके बाद अखाड़े के साधु- संन्यासियों ने मंत्रोच्चार के बीच इष्ट देव भगवान सूर्य के मंदिर की अखाड़े में स्थापना की। अखाड़े के सभी संतों ने सनातन धर्म की रक्षा और विश्व कल्याण के संकल्प का उद्घोष कर भगवान सूर्य और गंगा मईय्या की जय का जयकारा लगाया।

# मानवाधिकार कार्यकत्री सीमा आजाद के भाई गिरफ्तार, नक्सल गतिविधियों में शामिल

**प्रयागराज।** मानवाधिकार कार्यकत्री सीमा आजाद के भाई मनीष आजाद को नक्सल गतिविधियों में लिप्त बताकर लखनऊ से आई यूपी एटीएस की टीम ने रविवार दोपहर उनके गोविंदपुर स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया। एक पुराने मामले में एटीएस मनीष को गिरफ्तार रफ्तार कर लखनऊ ले गई। सीमा आजाद ने दावा किया है कि उनके भाई को एटीएस ने दोपहर लगभग तीन बजे गिरफ्तार किया। मनीष और उनकी पत्नी अमिता को 2019 में लोगों को सरकार के खिलाफ भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 2020 में दोनों जमानत पर छूट गए थे। सरकार के खिलाफ लोगों को भड़काने के मामले में उनके ऊपर दर्ज मुकदमे की जांच चल रही थी।
यूपी एटीएस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस मुकदमे की विवेचना के दौरान धारा 13, 18 व 38 विधि विरुद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम के साक्ष्य मिले थे, जिसके आधार पर पुराने मुकदमे में धाराएं बढ़ाकर मनीष को वांछित किया गया था। साक्ष्यों के आधार पर मनीष को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय के सामने प्रस्तुत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। एटीएस ने मनीष के नक्सली गतिविधियों में शामिल होने का दावा किया है।
उधर, मनीष की बहन सीमा का कहना है कि जमानत पर रिहा होने के बाद भी उनके आवास पर पूछताछ करने के लिए लखनऊ से पुलिस आती थी। उसी मामले में मनीष की गिरफ्तारी हुई है।सीमा आजाद का आरोप है कि लखनऊ से आई एटीएस की टीम ने मनीष के फरार होने और मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करने की बात कही है। हकीकत में मनीष घर में थे। कानून के मुताबिक, एटीएस के लोगों को मनीष को नजदीकी कोर्ट में हाजिर करके ले जाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने इसका पालन नहीं किया। वे सीधे मनीष को लखनऊ ले गए। मनीष का मोबाइल भी जब्त कर लिया गया है। अधिवक्ता और कांग्रेस नेता केके राय ने मनीष आजाद की गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि क्या हुकूमत का नजरिया यही है कि जो सरकार की तर्क संगत आलोचना के अपने संवैधानिक अधिकार को अपना नागरिक दायित्व माने, उसे जेल में रखा जाए।

# नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की धमाकेदार जीत में आदित्य उपाध्याय की डबल हैट्रिक

## नॉर्दन प्रीमियर लीग कैशमनी –15 फुटबॉल प्रतियोगिता

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में आज नॉर्दन प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-15 वर्ग में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने गोल्डन हॉक्स को 11 - 0 से रौंदकर पूर्ण अंक प्राप्त किया। नॉर्दन अकादमी के आदित्य उपाधयाय ने छह गोल करते हुए अपनी दुगनी हैट्रिक पूरी की जबकि श्रेष्ठ मौर्या ने तीन गोल, वेदांत त्रिपाठी ने दो गोल किये।आयोजन सचिव फुटबॉल प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के मैदान में खेले गए इस मैच में नॉर्दन अकादमी की ओर से मैच का प्रथम एवं दूसरा गोल आदित्य उपाध्याय ने मो0 शादाब के पास पर मारा जबकि तीसरा गोल श्रेष्ठ ने अंश के पास पर किया। चौथा गोल आदित्य ने एकल प्रयास पर किया एवं पांचवां गोल श्रेष्ठ ने वेदांत के पास पर किया। मध्यांतर तक विजेता टीम 5-0 से आगे थी।खेल के दूसरे हाफ में टीम के लिए छठां, सातवां, एवं आठवां गोल आदित्य उपाध्याय ने किया जबकि नौवा गोल वेदांत ने आदित्य सिंह के पास किया। नॉर्दन अकादमी के लिए दसवां एवं ग्यारवां गोल वेदांत त्रिपाठी ने निशांत मिश्रा के क्रॉस पर किया। प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार आदित्य उपाध्याय को आयोजन सचिव फुटबॉल प्रशिक्षक इंद्रनील घोष ने दिया।



# मॉकड्रिल के दौरान फंसी श्रद्धालुओं की नाव

## संगम पर नहाने जाते समय हादसा, एनडीआरएफ ने 15 लोगों को सुरक्षित बचाया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** एनडीआरएफ की तरफ से सोमवार को संगम पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र से श्रद्धालुओं की नाव अचानक संगम नोज के पास बनी पाइप लाइन में फंस गई। नाव पलटने वाली थी। तभी एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। उसने लोगों को सुरक्षित बचा लिया। घटना के समय एनडीआरएफ डीआईजी एमके शर्मा भी मौजूद रहे।
प्राप्त जानकारी के अनुसार मुम्बई से प्रयागराज संगम स्नान के लिए पुंडलिक कान्हा मात्रे अपने परिवार के साथ सोमवार को वाराणसी होते हुए प्रयागराज पहुंचे थे। सुबह वह स्नान के लिए के लिए संगम घाट पर पहुंचे। उनकी टीम में कुल 16 सदस्य थे। ऐसे में उन्होंने दो नाव किए। जिससे वह संगम नोज पर जाकर स्नान कर सके। नाव चालक पुंडलिक और परिवार के आधे सदस्यों को लेकर संगम में लगे पाइप लाइन में फंस गया। उसकी नाव पलटने वाली थी। नाव में सवार लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे। ऐसे में मौके पर एनडीआरएफ की टीम ने पहुंचकर लोगों की जान बचाई और उनको किनारे पहुंचाया।
घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुंडलिक कान्हा मात्रे ने बताया कि उनके साथ उनकी पत्नी लता पुंडलिक मात्रे, बेटा जय प्रकाश, बेटी रूसिका राजा मात्रे, रेखा प्रताप सिंह राजपुरोहित, विलास रामचंद्र कोली, भारती विलास कोली, मंगेश काना मात्रे मौजूद थे। जबकि परिवार के अन्य सदस्य दूसरी नाव में थे। उन्होंने एनडीआरएफ की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी वजह से सभी की जान बचे। अगर समय पर टीम नहीं पहुंचती तो परिवार के सदस्यों की जल समाधि हो जाती।

### केशव ने पीएमएस क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** केशव शुक्ला के हरफनमौला खेल (52 रन एवं तीन विकेट) के दम पर पीएमएस स्पोर्ट्स क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को छह विकेट से हराकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।



दौलत हुसैन कॉलेज ने सोमवार को अपने मैदान पर 30 ओवर में 154 रन (मोहम्मद उमम 29, मोहम्मद तबरेज़ 23, अभय गौतम 20, मोहम्मद हमदान 19 नाबाद, अमीन इब्ने मोइन 19, केशव शुक्ला 3/27, शुभम सोनकर 3/39, विकास सिंह 1/34) बनाये। जवाब में पीएमएस स्पोर्ट्स क्लब की टीम 20.3 ओवर में 4 विकेट पर 158 रन (विकास सिंह 64 नाबाद, केशव शुक्ला 52, अज़ान 2/26) बना लिए। मैच में अजय कुमार व राहुल सिंह अंपायर और अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

# सुरक्षित महाकुम्भ के लिए तैनात है 70 से अधिक जिलों की फोर्स

## सभी जिलों से आने वाले जवानों को 3 पुलिस लाइन में दी जा रही रुकने और खाने पीने की सुविधा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 70 से अधिक जिलों की फोर्स तैनात कर दी गई है। इसके तहत 15 हजार सिविल पुलिस के जवान महाकुम्भनगर के चप्पे चप्पे पर नजर रखेंगे। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 400 महिला सुरक्षा कर्मी भी तैनात की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस लाइन में इन जवानों के रुकने और खाने पीने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पुलिस लाइन में ही शस्त्रागार के साथ भंडार गृह और गणना कार्यालय भी तैयार कर लिया गया है।
महाकुम्भ मेला के लिए विभिन्न जिलों से आए सुरक्षा कर्मियों के स्वास्थ्य का विशेष इंतजाम किया गया है। पुलिस लाइन की सेंट्रल कैंटीन में सुरक्षा कर्मियों की हाइजीन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जहां पर चाय कॉफी से लेकर स्वच्छ भोजन तक की पूरी व्यवस्था की गई है।
पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक, महाकुम्भनगर विलास यादव ने बताया कि यहां पर आठ आठ घंटे की शिफ्ट में जवान काम कर रहे हैं। इस तरह से इनकी अलग अलग तीन तीन शिफ्ट लगाई जा रही हैं।डिजिटल महाकुम्भ के दृष्टिगत मेले में तैनात सभी पुलिस कर्मियों का पूरा डेटा एक ऐप के माध्यम से सुरक्षित रखा गया है। ऐप के जरिए सुरक्षा कर्मी का चेहरा स्कैन करते ही पता चल जाता है कि उसका नाम क्या है और वह किस जनपद से भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, सभी पुलिस कर्मियों की डिजिटल अटेंडेंस भी कराई जा रही है।

### जवानों की देखरेख के लिए चिकित्सालय तीन स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैनात

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के साथ साथ जवानों के भी स्वास्थ्य की देखरेख की व्यवस्था की जा रही है। यहां पुलिस लाइन में स्वास्थ्य व्यवस्था के तहत जवानों की देखरेख के लिए चिकित्सालय बनाया गया है। जिसमें बाकायदा तीन स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैनात कर दिए गए हैं। हर 10 दिन पर जवानों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए शिविर भी लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही साथ इस अस्पताल में जरूरी जांच की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। वहीं, महाकुम्भ नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में भी यहां के सुरक्षा कर्मियों की जांच और उपचार की पूरी व्यवस्था की गई है।

### महिला पुलिस कर्मियों की अलग व्यवस्था

**प्रयागराज।** महिलाओं के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन में अलग से महिला पुलिस कॉलोनी बसाई गई है, जिसमें 400 महिला सुरक्षा कर्मियों को रोक गया है। इनके लिए मेस और कैंटीन की अलग से व्यवस्था है।

### संदिग्ध दशा में आग ताप रहे युवक की हुई मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा (कौशांबी)।** 77पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के टहेरा गांव में सायंकाल आग सेक रहे युवक की संदिग्ध दशा मे मौत हो गई7
बता दे कि नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के टहेरा गांव निवासी राकेश सिह उर्फ नंगू (40)पुत्र स्व0जंगबहादुर सिह शाम करीब चार बजे अपने खेतो की तरफ गया था,खेत से सायं करीब छ बजे वापस घर लौटकर आया और पडोसी के दरवाजे पर जाकर आग सेकने ने लगा,आग तापते तापते कहा कि मेरे हांथ पैरो मे झनझनाहट हो रही ,जब तक पास मे ही बैठे लोग कुछ समझ पाते तब तक युवक की मौत हो गई7 जैसे ही घटना की सूचना परिजनो को हुई तो रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और अस्पताल लेकर आऐ जहाँ डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया,युवक की अचानक मौत से परिजनो का रोरो कर बुरा हाल है7युवक की मौत को लेकर लोगों मे तरह तरह की चर्चाएं हो रही है वही युवक की मौत की वजह ठंड लगने से आशंका जताई जा रही है।

# खेल पत्रकार को पितृ शोक, एसीए ने जताया शोक

**प्रयागराज।** स्थानीय हिंदी दैनिक के खेल पत्रकार ज़ैगम खान के पिता जमील अहमद खान (85 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद सोमवार भोर में उनके रसूलाबाद स्थित आवास पर निधन हो गया। सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन जमील खान ट्रेड यूनियन लीडर एवं कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व सचिव भी थे। उनके जनाजे को देर शाम मेंहदौरी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अपने पीछे वह दो पुत्र एवं एक पुत्री को छोड़कर गए हैं।उनके निधन पर इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की शोक सभा निदेशक ताहिर हसन की अध्यक्षता में हुई।इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर ने मुंबई से दूरभाष पर शोक जताया।



शोक सभा में डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. सुरेश द्विवेदी, एसडी कौटिल्य, यासर हसन, डॉ. जूली ओझा, राघव द्विवेदी, सत्यव्रत सहाय, अनुराग श्रीवास्तव, उत्पल दास, सलीम अहमद, एलबी काला, सोमेश्वर पांडेय, शिशिर मेहरोत्रा, खुर्शीद अहमद, विवेक सिंह, अजय कुशवाहा, अंकित पांडेय, प्रितेश सोनकर आदि ने दुख व्यक्त किया।

# गुजरात में एयर फोर्स रनवे पर जहाज क्रैश हो जाने पर कौशांबी का जवान शहीद

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी (कौशाम्बी)।** गुजरात में एयरफोर्स रनवे पर जहाज क्रैश हो जाने पर कौशांबी का जवान शहीद हो गया है जिससे परिवार में कोहराम मच गया है जानकारी के मुताबिक कोखराज क्षेत्र के अलीगंज मजरा कोखराज निवासी बीर जांबाज कमान्डेंट शौरव यादव पुत्र ज्ञान सिंह गुजरात में एयर फोर्स में तैनात थे एयर फोर्स रनवे पर जहाज क्रैश हो जाने पर शौरव यादव शहीद हो गया,शौरभ यादव वर्तमान समय में अपने दो बच्चों के साथ साकेत नगर धूमनगंज में रह रहे थे। वर्तमान में भारतीय तट रक्षक गुजरात में अपनी सेवाएं दे रहे थे। जैसे ही उनके शहीद होने की जानकारी सेना के ओर से उनके परिवार को दी गई है परिवार में कोहराम मच गया है।



# मेला अस्थायी कार्यालय में पकड़ा गया फर्जी नायब तहसीलदार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** महाकुम्भ में केवल फर्जी वेबसाइट बनाकर ही श्रद्धालुओं को नहीं ठगा जा रहा है। ठग अब अफसर बनकर दूसरे कर्मचारियों पर धौंस जमा रहे हैं। सोमवार को ऐसा ही एक फर्जी नायब तहसीलदार पकड़ा गया। पूछताछ में सच सामने आया और आरोपी को पुलिस को सौंप दिया गया। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।
महाकुम्भ मेला के अस्थाई कार्यालय में कर्मचारी कई बार एक नायब तहसीलदार की शिकायत कर चुके थे। जो बार-बार आता और काम के लिए दबाव बनाता था। कर्मचारियों के बीच अपनी धौंस जमाने के लिए वो नीली बत्ती लगी कार से आता था। सोमवार को फिर आया और मेला प्राधिकरण के अस्थायी कार्यालय पहुंचा। कर्मचारियों ने उसे बैठाया और दूसरे कर्मचारियों को बुलाया। कानूनगो दीपक पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने कथित नायब तहसीलदार से बातचीत की। तैनाती का वर्ष, स्थान और बैच आदि पूछने पर वो गड़बड़ा गया। सच्चाई सामने आ गई। अफसरों को उसने अपना नाम उमेश प्रकाश यादव बताया। जो फूलपुर तहसील के भानेमऊ गांव का रहने वाला है। उसने खुद को निर्दोष बताया। कहा कि वो किसी सर्वेश यादव के साथ आया था। सर्वेश उसे यहां छोड़कर भाग गया। मामला संज्ञान में आने के बाद अफसरों ने उसे पुलिस को सौंप दिया।

# युवक ने पंखे से रस्सी के सहारे लटककर किया आत्महत्या

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोहिद्दीनपुर निवासी प्रेमचंद ने संदीपन घाट थाना प्रभारी को लिखित सूचना देते हुए बताया कि मेरे लड़के नकुल उम्र करीब 18 वर्ष जिसकी दिमागी हालात ठीक न होने के कारण लम्बे समय से बीमार चल रहा था जिसका इलाज चल रहा था जो 5 जनवरीको समय करीब 6¬30 बजे शाम को मेरा लड़का कमरे में गया और छत में लगे पंखे के सहारे रस्सी का फंदा लगाकर लटक गया परिजनो को जैसी ही जानकारी मिली भाग कर कमरे में गए तो देखा कि नकुल फांसी पर लटका हुआ है आनन फानन में परिजनों ने नीचे उतारा जब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी मौके पर संदीपन घाट थाना प्रभारी ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ बोला हल्ला बोल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशांबी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी जिले के कार्यकर्ताओं ने हल्ला बोल के माध्यम से जिला पंचायत मैदान से सैकड़ो की संख्या में एबीवीपी के कार्यकर्ता विद्यार्थी परिषद जिंदाबाद के नारों के साथ विकास भवन तक पैदल मार्च निकालते हुए समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ धरने पर बैठ गए बीते दिनों परिषद के कार्यकर्ताओं ने ओसा स्थित महाराजा बिजली पासी छात्रावास का अवलोकन किया गया था। जिसमें बहुत सी कमियां पाई गई थी विभाग संयोजक ऋषभ द्विवेदी ने बताया छात्रावास के विद्यार्थियों को शुद्ध जल की व्यवस्था नहीं है वह 800 मीटर दूरी से पानी साइकिल से लाते हैं और सभी शौचालय खराब पड़े हैं सौच के लिए छात्र बाहर जाते हैं जिला संयोजक श्री बाबू चौधरी ने धरना को संबोधित करते हुए बताया कि छात्रावास की स्थिति जर्जर है समाज कल्याण विभाग छात्रावास की बाहर से रंगाई पुताई करवाकर मोटी रकम वसूल लिया है।
अंदर से छात्रावास की स्थिति खराब है छात्रों को ओढ़ने बिछाने के लिए कंबल और बिस्तर तक नहीं है धरना प्रदर्शन को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बंधु एवं तहसीलदार संजय दुबे मौके पर पहुंच कर धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने 9 सूत्री ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी एवं तहसीलदार को सोपा, ज्ञापन में बताया गया कि विद्यार्थियों के कमरे ठीक कराते हुए उन्हें बेड, कंबल एवं गद्दा उपलब्ध कराया जाए ताकि वह ठंडी से बच सके। छात्रों को पीने के पानी के लिए वाटर कूलर, पानी की टंकी एवं बोरिंग और समरसेबल की व्यवस्था कराई जाए ।जल के लिए प्लंबरिंग एवं बिजली के लिए वायरिंग कराई जाए । छात्रावास में गंदगी फैली रहती है। चारों तरफ परिसर में घास फूस बढ़ी हुई है इसकी सफाई करवाते हुए प्रतिदिन सफाई के लिए सफाई कर्मचारी नियुक्त किए जाने की मांग की एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज ककोड़ा में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं मिलने पर भी सवाल खड़ा करते हुए उनकी जांच करने की मांग की 5 दिन के भीतर तुरंत कार्रवाई नहीं होने पर बड़े आंदोलन का संकेत दिया। इस दौरान धरना प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह ,नगर संगठन मंत्री कमल पटेल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवांशु शुक्ला ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुशील सोनकर, मंझनपुर नगर मंत्री दिव्यांश द्विवेदी ,पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनूप पटेल, सिराथू तहसील सहसंयोजक कुलदीप पटेल , चायल तहसील संयोजक प्रिंस वर्मा, शिवम द्विवेदी एसएफडी संयोजक कृष विश्वकर्मा, एसएफडी सह संयोजक अनिरुद्ध गौतम ,सहित महामाया महाविद्यालय के इकाई अध्यक्ष गौरव मिश्रा एवं मंत्री अंजली मिश्रा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

